आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 13 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 237, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं : बाइडन 14

पारी और 114 रनों से जीता इंग्लैंड 13

आपातकाल की याद में हर साल 25 जून को मनेगा संविधान हत्या दिवस

केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना, 1975 में इसी दिन देश में लगा था आपातकाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान अमानवीय पीड़ा झेलने वालों के व्यापक योगदान को याद करने के लिए 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

उन्होंने यह भी कहा कि 'संविधान हत्या दिवस' मनाने से प्रत्येक भारतीय में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा की अमर ज्वाला को प्रज्वलित रखने में मदद मिलेगी, जिससे कांग्रेस जैसी तानाशाही ताकतों को उन भयावहताओं को दोहराने से रोका जा सकेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, जिसके बाद तत्कालीन सरकार द्वारा सत्ता का घोर दुरुपयोग किया गया और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए गए। इसमें कहा गया है कि भारत के लोगों को संविधान और इसके लचीले लोकतंत्र की शक्ति पर अटूट विश्वास है। अधिसूचना में कहा गया कि इसलिए भारत सरकार 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में घोषित करती है, ताकि आपातकाल के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग के खिलाफ लड़ने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जा सके और भारत के लोगों को भविष्य में किसी भी तरह से सत्ता के ऐसे घोर दुरुपयोग का समर्थन न करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया जा सके। शाह ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही मानसिकता का खुला प्रदर्शन करते हुए देश में आपातकाल लागू करके भारत के लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों को बिना किसी गलती के सलाखों के पीछे डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था।

- अमानवीय दर्द को झेलने वालों की पीड़ा को इस दिन किया जाएगा याद : अमित शाह

यह दिन याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाया जाना इस बात की याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि यह उस प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों के कारण कष्ट झेले और जो कांग्रेस द्वारा लाया गया भारतीय इतिहास का काला दौर था।

मोदी मुक्ति दिवस के रूप में दर्ज होगा 4 जून

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का केंद्र सरकार का कदम सुर्खियां बटोरने की कवायद भर है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि चार जून 2024 का दिन इतिहास में मोदीमुक्ति दिवस के रूप में दर्ज होगा तथा देश की जनता 8 नवंबर के दिन को आजीविका हत्या दिवस के रूप में मनाएगी क्योंकि वर्ष 2008 में इसी दिन नोटबंदी की घोषणा की गई थी। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री द्वारा पाखंड के जरिए सुर्खियां बटोरने की एक और कवायद की गई है, जबकि उन्होंने भारत के लोगों द्वारा 4 जून, 2024 को व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार सुनिश्चित किए जाने से पहले 10 वर्षों तक अघोषित आपातकाल लगाया था।

चितवन जिले में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन के चलते हुआ हादसा

नेपाल में दो बसें नदी में बहीं, सात भारतीयों समेत 62 यात्री लापता

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आई दो बसों के उफनाई नदी में बहने से उनमें सवार 62 यात्रियों के लापता होने की खबर है। लापता यात्रियों में सात भारतीय नागरिक भी हैं। समाचार पोर्टल माईरिपब्लिका की खबर के मुताबिक, 65 यात्रियों को ले जा रही दो बसें चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनाई त्रिशूली नदी में बह गईं। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्र देव यादव ने इस हादसे की पुष्टि की। यादव ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस और राजधानी से गौर के लिए रवाना हुई गणपति डीलक्स तड़के साढ़े तीन बजे भूस्खलन की चपेट में आ गई।

पुलिस के अनुसार, एंजेल बस में 24 जबकि गणपति डीलक्स में 41 यात्री सवार थे। 'द काठमांडू पोस्ट' की खबर के मुताबिक, गणपति डीलक्स में सवार तीन यात्री बस से कूद गए, जिससे वे मलबे के साथ बहने से बच गए। पुलिस ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस में सवार 21 यात्रियों का विवरण मिल गया है और इनमें सात भारतीयों के शामिल होने की बात सामने आई है। छह भारतीयों की पहचान संतोष ठाकुर, सुरेंद्र शाह, आदित मियान, सुनील, शाहनवाज आलम और अंसारी के रूप में की गई है। सातवें भारतीय की शिनाख्त अभी बाकी है। यादव ने बताया कि बचावकर्मियों ने भूस्खलन के मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने त्रिशूली नदी में दो बसों के बहने की घटना पर दुख जताते हुए युद्धस्तर पर तलाश एवं बचाव अभियान के निर्देश जारी किए हैं। प्रचंड ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मैं देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण संपत्ति को पहुंचे नुकसान तथा नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर बस के भूस्खलन की चपेट में आकर नदी में बहने की घटना से बहुत दुखी हूं।

बचाव अभियान में जुटे नेपाली सेना के जवान और अन्य लोग। ● एजेंसी

- लापता भारतीय 24 अन्य के साथ बीरगंज से जा रहे थे काठमांडू
- काठमांडू जा रही बस में 24 और गौर जा रही बस में थे 41 यात्री

आंध्र के पूर्व मुख्यमंत्री जगन रेड्डी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

गुंटूर (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश पुलिस ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के एक विधायक की शिकायत पर पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, दो वरिष्ठ आईपीएस और दो सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में उंडी विधानसभा क्षेत्र से तेदेपा विधायक के. रघुराम कृष्ण राजू ने शिकायत दर्ज कराई थी। राजू 2019 से 2024 के बीच वाईएसआरसीपी के लोकसभा सदस्य थे, लेकिन शुरुआती दौर में ही रेड्डी से उनका अलगाव हो गया था।

तेरह अभियुक्त नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई रिमांड पर

पटना, एजेंसी

- हाईकोर्ट के निर्देश पर विशेष अदालत ने 15 दिनों के लिए हिरासत में भेजा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में पटना हाईकोर्ट के आदेश के बाद पटना व्यवहार न्यायालय स्थित एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व में गिरफ्तार किए गए जेल में बंद 13 अभियुक्तों को हिरासती पूछताछ के लिए 15 दिनों की पुलिस रिमांड पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे पर जाने का आदेश दिया। विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत में एक याचिका दाखिल कर पटना हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए सीबीआई की ओर इस मामले में पटना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए जेल मे बंद 13 अभियुक्तों से हिरासती पूछताछ के लिए 15 दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का अनुरोध किया गया था। पटना हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में विशेष अदालत ने सभी 13 अभियुक्तों को अविलंब सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेउर के अधीक्षक को दिया है। गौरतलब है कि इस मामले में अभी 27 अभियुक्त जेल में बंद है। उनमें से 13 अभियुक्तों को पटना पुलिस ने 05 मई 2024 को पटना के शास्त्रीनगर थाना में इस मामले की प्राथमिकी दर्ज करने के बाद गिरफ्तार किया था और उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

स्मृति ईरानी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल न करें : राहुल

लखनऊ। रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर की सोशल मीडिया पर की जा रहीं आपत्तिजनक टिप्पणियों पर अप्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐसा न करने की हिदायत दी है। राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर शुक्रवार को लिखा है कि, जीवन में हार-जीत तो होती रहती है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने से बचें। लोगों को अपमानित करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं। दरअसल अमेठी से हारने के बाद स्मृति ईरानी को निशाना बनाया जा रहा था।

- बोले, किसी को बेइज्जत व शर्मसार करना कमजोर होने की निशानी

चार माह के उच्चतम स्तर पर खुदरा महंगाई, जून में 5.08 प्रतिशत पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी से ही घट रही थी लेकिन जून का महीना एक बार फिर इसमें तेजी लेकर आया। मई 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.8 प्रतिशत पर थी जबकि जून 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। खुदरा महंगाई का पिछला उच्च स्तर फरवरी में 5.09 प्रतिशत रहा था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य समूह में शामिल उत्पादों की महंगाई दर जून में बढ़कर 9.36 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में खाद्य मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत थी। भीषण गर्मी से प्रभावित रहे जून के महीने में सब्जियों की कीमतें सालाना आधार पर सबसे अधिक 29.32 प्रतिशत बढ़ गईं। उसके बाद ''दालें और उत्पाद'' में मुद्रास्फीति 16.07 प्रतिशत रही। जून में ''अनाज और उत्पाद'' के अलावा फलों के दाम भी एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में महंगे बिके।

एनएसओ के आंकड़ों से पता चलता है कि जून में ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति 5.66 प्रतिशत रही जबकि शहरी भारत में महंगाई दर 4.39 प्रतिशत रही।

- सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि का पड़ा असर
- मई 2024 में 4.8% जबकि जून 2023 में 4.87 प्रतिशत रही थी

बारिश सामान्य रहने पर स्थितियां होंगी अनुकूल

अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि यदि मानसून के बाकी वक्त में बारिश सामान्य रहती है और वर्षा वितरण भी अनुकूल रहता है तो खाद्य मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण निश्चित रूप से अनुकूल हो जाता है। वैश्विक या घरेलू स्तर पर कोई अन्य झटका नहीं लगने पर हम अक्टूबर 2024 में नीतिगत रुख में बदलाव और दिसंबर 2024 एवं फरवरी 2025 में 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। एनएसओ के मुताबिक, जून में सबसे अधिक मुद्रास्फीति ओडिशा (7.22 प्रतिशत) और सबसे कम दिल्ली (2.18 प्रतिशत) में रही।

एक नजर

कश्मीर के बारामूला में लगे 4.2 तीव्रता के झटके

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि इस भूकंप में किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में दोपहर 12:26 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए।

आतंकी समेत दो के खिलाफ चार्जशीट

मुंबई। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लीबिया में सक्रिय आईएसआईएस के एक आतंकवादी सहित दो लोगों के खिलाफ कथित तौर पर भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने की साजिश में संलिप्त होने के मामले में शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल किया।

अब स्कूल समय में कभी भी हाजिरी लगा सकेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महानिदेशक शिक्षा ने ऑनलाइन हाजिरी में दी रियायत
- अभी तक सुबह 8:30 बजे तक ही दर्ज करा सकते थे उपस्थिति

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद के 1.33 लाख सरकारी स्कूलों में तैनात 6 लाख से अधिक शिक्षकों को बड़ी राहत मिल गई है। शिक्षा महानिदेशक ने शिक्षकों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें टैबलेट के माध्यम से विद्यालय समय अवधि में किसी भी समय ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराने की रियायत दी है।

महानिदेशक कंचन वर्मा ने कहा कि समीक्षा में पाया गया कि वर्तमान में आनलाइन हाजिरी प्रातः 8:30 बजे तक ही लगाई जा सकती है। इसके बाद एप पर इसमें कोई बदलाव या अपडेट नहीं किया जा सकता। इसमें सामने आईं दिक्कतों को तकनीकी टीम दूर नहीं कर सकी। इसलिए तय किया गया है प्रक्रिया के स्थापित होने तक विद्यालय की पूर्ण अवधि में किसी भी समय डिजिटाइज रजिस्टर एप का प्रयोग किया जा सकेगा। इससे विद्यालय अवधि में विद्या समीक्षा केन्द्र तथा विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से राज्य स्तर तक संज्ञान में लाए गए मामलों का निवारण विद्यालय कार्य अवधि में ही किया जाना संभव होगा।

सेबी की कार्रवाई : सहारा के पास जमा 14,106 करोड़ किया कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सहारा इंडिया कामर्शियल कार्पोरेशन लिमिटिड (एसआईसीसीएल) व उसके निदेशकों के बैंक खातों, डीमैट खातों एवं म्युचुअल फंड फोलाइन में जमा 14,106 करोड़ रुपये की धनराशि कुर्क किया है। बोर्ड ने तीन वर्ष तक कई नोटिसें भी भेजी थीं, लेकिन एसआईसीसीएल से कोई जवाब नहीं आया।

सेबी के रिकवरी अधिकारी ने 09 अप्रैल 2021 को एसआईसीसीएल और उसके निदेशकों के बैंक खातों, डीमैट खातों, म्युचुअल फंड फोलाइन को कुर्क करने का निर्देश दिया था। इसके अंतर्गत सुब्रत राय सहारा, बी. राय, ओपी श्रीवास्तव, लेफ्टीनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एएस राव व रनोज दास गुप्ता को एसआईसीसीएल द्वारा जारी ओएफसीडी के मामले में 14,106 करोड़ रुपये की वसूली की जानी थी। 21 अक्टूबर और 17 नवंबर 2021 को बैंक खाता और म्युचुअल फंड की कुर्की की नोटिस पुनः जारी की गई। जवाब नहीं मिलने पर कुर्की की गई।

- वर्ष 2021 में शुरू हुई थी कार्रवाई की प्रक्रिया, छह आरोपियों को दिया था नोटिस

ईडी ने सहारा समूह के जब्त किए 2.98 करोड़

लखनऊ। ईडी कोलकाता ने धनशोधन एक्ट के तहत शुक्रवार को कोलकाता, लखनऊ और मुंबई स्थित हुमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के मामले में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान हुमारा इंडिया और सहारा समूह की अन्य संस्थाओं के बही-खाते, डिजिटल डिवाइस, कई आपत्तिजनक दस्तावेज और अपराध की आय (पीओसी) 2.98 करोड़ जब्त किए।

आबकारी घोटाला : केजरीवाल को ईडी मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। ईडी के मामले में जमानत मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि सीबीआई ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्णय केजरीवाल को करना है कि वह मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे या नहीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि हम इस तथ्य से अवगत हैं कि अरविंद केजरीवाल निर्वाचित नेता हैं। पीठ ने यह भी कहा कि केजरीवाल 90 दिनों से अधिक समय से कारावास में हैं। पीठ ने ईडी मामले में उनकी गिरफ्तारी की वैधता से संबंधित प्रश्नों को वृहद पीठ के पास भेज दिया। अदालत ने कहा कि चूंकि मामला जीवन के अधिकार से संबंधित है और गिरफ्तारी का मुद्दा बड़ी पीठ को सौंप दिया गया है इसलिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए।

- सीबीआई द्वारा दर्ज किए मामले में अभी जेल में ही रहेंगे मुख्यमंत्री
- ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती की अर्जी पर वृहद पीठ करेगी विचार

सीबीआई मुकदमे में 25 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मुकदमे गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया।

शारदा की बाढ़ ने किया बेहाल, घरों में नहीं जल पा रहे चूल्हे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : शारदा नदी में आई बाढ़ के बाद ट्रांस शारदा क्षेत्र के हालात दयनीय हैं। सड़कों से लेकर घरों तक में पानी भरा हुआ है। स्थिति यह है कि घरों में चूल्हे तक नहीं जल पा रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों को खाना और पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है। पिछले दिनों पहाड़ों समेत मैदानी इलाकों में हुई भारी बारिश से शारदा नदी उफना गई। नदी किनारे बसे गांवों में पानी घुस गया। पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र में हालात खराब हैं। शारदा पार इलाके की 16 ग्राम पंचायतों की करीब 40 हजार आबादी बाढ़ की चपेट में है। तमाम ग्रामीण घरों की छतों और ऊंचे स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। वहीं चंदिया हजारा और आसपास के गांवों के लोग हरीपुर जंगल में ऊंचे स्थानों पर रह रहे हैं। कुछ ग्रामीण गांव में हैं भी तो कीचड़ और जलभराव के चलते घरों में चूल्हे नहीं जल पा रहे हैं। कई मकान धराशायी हो गए हैं। बाढ़ में झोपड़ियों, मवेशी व राशन बहने के बाद लोग भोजन के साथ-साथ सिर पर छत के लिए भी मोहताज हो गए हैं। पानी निकलने के बाद लोग क्षतिग्रस्त घरों में बर्तन और अन्य सामान ढूंढ रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि शुक्रवार शाम को 500 पैकेट राशन किट लेकर ट्रक शारदा पार रवाना किया गया है।

भोजन-पानी के लिए परेशान हो रहे ट्रांस शारदा क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण

शाहजहांपुर में बरेली मोड़ पर भरा पानी। ● अमृत विचार

- आटा चक्कियों और गैस एजेंसी में जलभराव, रास्ते बंद
- बरखेड़ा और बीसलपुर क्षेत्र के गांवों में सरकारी मदद का इंतजार

धारचूला में बादल फटने से बढ़ सकती है मुसीबत

पीलीभीत/शाहजहांपुर। तीन दिन से बारिश रुकने के बाद राहत महसूस कर रहे शारदा नदी से सटे इलाकों के ग्रामीणों की फिर मुसीबत बढ़ सकती है। खासकर कलीनगर तहसील क्षेत्र ज्यादा प्रभावित होगा। शुक्रवार रात सवा बारह प्रशासन ने अलर्ट किया है कि धारचूला में बादल फटने की सूचना मिली है, जिसके कारण शारदा नदी में बनबसा बैराज से शनिवार सुबह तक लगभग 1.5 से 2.0 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज होने की संभावना है। हालांकि पहाड़ों पर बारिश नहीं हो रही है। इसलिए अभी इससे अधिक पानी आने की संभावना नहीं है। वहीं शाहजहांपुर में बाढ़ की चपेट में आए लोग अब खाने और पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। अमृत विचार की टीम ने शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित अजीजगंज डैम मार्ग और अजीजगंज बरेली मोड़ का भ्रमण किया तो हालात खराब मिले। लोगों ने आक्रोश जताते हुए दो दिन से प्रशासनिक मदद की राह देखने की बात कही।

आज का मौसम

बादल छाए रहने के साथ बारिश का अनुमान

36.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- डेंगू शॉक, कार्डियक सर्जरी पर आयोजित सीएमई के संबंध में आईएमए हाल में प्रेसवार्ता शाम 4 बजे।
- दरगाह खानकाहे नियाजिया से मोहर्रम पर ताजिया तख्त का जुलूस शाम 6 बजे।
- जनपद न्यायालय में लोक अदालत सुबह 10 बजे से।

स्मार्ट सिटी वालों की खोज... संजय कम्युनिटी हॉल का तालाब भी खा गया साढ़े आठ करोड़

स्मार्ट सिटी के अपार बजट को खपाने के लिए शहर में संजय कम्युनिटी हॉल का तालाब भी एक उपयुक्त जगह के तौर पर खोजा गया था। इस तालाब को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का रूप देने के लिए करीब साढ़े आठ करोड़ का बजट की परियोजना बनी। दावा किया गया कि तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ यहां म्यूजिक फाउंटेन, पार्किंग, स्केटिंग ट्रैक, परफॉर्मेंस एरिया, सेल्फी प्वाइंट, कियोस्क, चिल्ड्रंस प्ले एरिया, जॉगिंग ट्रैक, कैंटीन जैसी तमाम सुविधाएं शहर के लोगों को मिलेंगी लेकिन पैसा खपने के बाद यह जगह शहर के लोगों के लिए खुली ही नहीं। अब यहां तालाब के चारों ओर झाड़-झंकाड़ नजर आने लगे हैं। जो सजावटी लाइटें लगाई गई थीं, वे टूटी-लटकी पड़ी हैं। जिस तालाब की वजह से यहां करोड़ों फूंके गए थे, उसका पानी काई से भर गया है। तालाब में पड़ीं खाली बोतलें, सिगरेट के पैकेट बता रहे हैं कि यह जगह कुछ लोगों की अय्याशी का अड्डा बनकर रह गई है। ● मोहित कुमार सिंह

एक नजर

नकटिया पुल के आगे बारिश से कटी सड़क

बरेली, अमृत विचार : नकटिया पुल के आगे कैंट की ओर कई जगह पर सड़क बारिश में कट गई है। कई जगह पर गहरा गड्ढा हो गया है। आने वाले दिनों में गड्ढा नहीं भरा गया तो सड़क का काफी हिस्सा टूट जाएगा। पिछले साल जब सड़क बनी थी तो उसके कुछ दिनों बाद बारिश हुई थी। बारिश में कुछ जगह सड़क किनारे से मिट्टी कट गई थी। इसके बाद किनारे पर मिट्टी डाली गई थी। इस बार जब पहली बारिश हुई तो हल्का सा कटान हुआ लेकिन उसके बाद लगातार बारिश में कई जगह से काफी मिट्टी बहकर नदी में चली गई है। इससे सड़क का किनारे का हिस्सा कटने लगा है। आने वाले दिनों में यदि मिट्टी नहीं भरी गई तो काफी सड़क कट जाएगी और हादसा भी हो सकता है।

वेंडिंग जोन में नहीं लग रहीं दुकानें

बरेली, अमृत विचार : सेटेलाइट चौराहे पर अतिक्रमण की वजह से जाम लगने की समस्या को खत्म करने के लिए वेंडिंग जोन बनाया गया है। यहां पर दुकानें भी आवंटित की गई हैं लेकिन ज्यादातर दुकानें सड़क किनारे ही लग रही हैं। जिस जगह वेंडिंग जोन बनाया गया है, उसके सामने बड़े-बड़े होर्डिंग लगे हुए हैं, इसकी वजह से पीछे दुकानें छिप जाती हैं। सभी दुकानें सड़क पर लगने की वजह से अतिक्रमण हो रखा है और वाहन भी खड़े होते हैं, इससे जाम के हालात पैदा होते हैं। कुछ दिनों पहले यहां पर नगर निगम ने अतिक्रमण हटाया था लेकिन उसके बाद फिर से अतिक्रमण हो गया है।

नकटिया नदी के किनारे बढ़ रहा है अतिक्रमण

बरेली, अमृत विचार : नकटिया नदी के किनारे अवैध तरीके से दुकानें लग रही हैं। मौजूदा समय में जलस्तर बढ़ता जा रहा है, इसके बावजूद दुकानें अभी तक नहीं हटाई गई हैं। शुक्रवार को भी दुकानें खुली थीं। ऐसे में कोई हादसा भी हो सकता है।

रेलवे ट्रैक के साथ हाईवे पर भी पानी... दूर हुआ लखनऊ

पितांबरपुर से रोजा के बीच कई जगह ट्रैक पर पानी भरने से ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पीतांबरपुर से रोजा के बीच में जलभराव की वजह से ट्रेनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लगा है। ट्रेनों को कॉशन लेकर 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गुजारा गया। इसकी वजह से शुक्रवार को करीब एक दर्जन ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। वंदेभारत एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, मालदा टाउन एक्सप्रेस जैसी एक दर्जन ट्रेनें घंटों की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंचीं।

पीतांबरपुर से टिसुआ के बीच, बिलपुर से मीरानपुर कटरा के बीच दो पुलों पर जलस्तर बढ़ गया है। इन पुलों से ट्रेनों को धीमी रफ्तार से गुजारने की वजह से प्रयागराज बरेली एक्सप्रेस 1 घंटा 16 मिनट, वंदे भारत एक्सप्रेस 1 घंटा 36 मिनट, आनंद विहार डबल डेकर 1 घंटा 38 मिनट, राजधानी एक्सप्रेस 1 घंटा 17 मिनट, गरीबरथ एक्सप्रेस 1 घंटा 56 मिनट, कुंभ एक्सप्रेस 1 घंटा 54 मिनट, पुरबिया एक्सप्रेस 2 घंटा 47 मिनट और अवध असम एक्सप्रेस 1 घंटा 9 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इसके अलावा रोजा में चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों के कारण भी ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा।

इज्जतनगर मंडल में यहां रेलवे ट्रैक हुए बहाल : पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लालकुआं-काठगोदाम और लालकुआं-काशीपुर में रेलवे ट्रैक पर रेल यातायात बहाल कर दिया गया है।

पीलीभीत-टनकपुर के खटीमा-बनबसा स्टेशनों के बीच भी ट्रेनें चलने लगी हैं। पहली ट्रेन 05392 टनकपुर-पीलीभीत अनारक्षित को चलाया गया। पीलीभीत-भोपतपुर रूट पर भी ट्रेनें चलने लगी हैं। काठगोदाम-लखनऊ, रामनगर आगरा फोर्ट जैसी ट्रेनों का संचालन बहाल हो गया है।

इन रूट पर काम जारी : भोजीपुरा-पीलीभीत रेल खंड पर शाही के पास देवहा नदी में आई बाढ़ के कारण कटान हो गया था। रेलवे के इंजीनियर ट्रैक बहाल करने में जुटे हुए हैं। यहां 65 से ज्यादा लोगों के स्टाफ ने लगभग 37 घन मीटर बोल्डर लगा दिए हैं। माला-शाहगढ़ स्टेशनों के बीच पुलिया को ठीक करने में 90 कर्मचारी लगे हुए हैं। यहां 64.4 घनमीटर बोल्डर लगा दिए गए हैं। यहां 20 से ज्यादा ट्रेनों का संचालन अभी प्रभावित है। ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है।

बाढ़ के पानी से खराब हुए रेलवे ट्रैक को ठीक करने का शुरू हुआ काम।

- 30 किमी की रफ्तार से गुजरीं ट्रेनें, वंदेभारत समेत एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित

त्रिवेणी निरस्त, भोजीपुरा से चलेगी देहरादून एक्सप्रेस

पीलीभीत-शाही रेल खंड पर बाढ़ की वजह से 15075 सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस शुक्रवार को निरस्त रही। वहीं 15076 शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस शनिवार को निरस्त रहेगी। 15075 टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस का संचालन शुक्रवार को निरस्त रहा और 15073 टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस शनिवार को निरस्त रहेगी। इसके अलावा 15020 टनकपुर देहरादून एक्सप्रेस शनिवार को बरेली सिटी के स्थान पर भोजीपुरा से शॉर्ट ओरिजनेट होगी। 15019 देहरादून टनकपुर एक्सप्रेस बरेली सिटी के स्थान पर भोजीपुरा पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी।

हाईवे पर भी पानी, बसों ने बदला रास्ता दूसरे वाहनों के लिए भी रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शाहजहांपुर में लखनऊ हाईवे बाढ़ का पानी भरने से बंद हो गया है। इस वजह से शुक्रवार को बरेली से बसें शाहजहांपुर नहीं गईं। देहरादून, दिल्ली और दूसरे शहरों से आने वाली बसों को कटरा, हरदोई होते हुए लखनऊ जाना पड़ा। बसें न चलने की वजह से ट्रेनों में भीड़भाड़ बढ़ गई।

बरेली से बसें सिर्फ तिलहर तक गईं और वहीं से वापस आईं। दिल्ली से रुपेडिहा जाने वाली बसें पीलीभीत से गोला होते हुए गंतव्य को गईं। बस चालक राम सिंह ने बताया कि शाहजहांपुर में बरेली मोड़ पर पानी बह रहा है। बसों की हेडलाइट के ऊपर तक पानी आ जा रहा है। ऐसे में उधर से जाना सुरक्षित नहीं है।

रात में दिल्ली से लखनऊ जा रही बस चालक अयोध्या प्रसाद ने बताया कि शाहजहांपुर में हाइवे पर पानी भरा होने की वजह से कटरा से मदनापुर-हरदोई होते हुए लखनऊ जाएंगे। इसलिए तिलहर और उसके आगे की सवारियों को नहीं बैठाया है।

सेटेलाइट बस अड्डे पर देहरादून और दिल्ली से आकर लखनऊ जाने वाली बसों के चालकों को बरेली आकर ही पता चला कि शाहजहांपुर में हाईवे बंद है। इसलिए लखनऊ जाने के लिए सभी बस चालक हरदोई रूट से लखनऊ गए। बस अड्डे पर बसें नहीं होने से सामान लेकर आए यात्रियों को मायूस लौटना पड़ा। एआरएम अरुण बाजपेयी ने बताया कि शाहजहांपुर में हाईवे पर पानी भरने से बरेली शाहजहांपुर के बीच 28 बसें शुक्रवार को नहीं चली। लखनऊ रूट भी प्रभावित रहा है। लखनऊ से भी बसें नहीं आईं। पीलीभीत बीसलपुर सेवा कुछ समय के लिए प्रभावित हुई थी लेकिन अब वह बहाल है। टनकपुर तक भी बस सेवा बहाल हो गई है।

शाहजहांपुर में रास्ता बंद होने की वजह से सेटेलाइट बस अड्डे पर खड़ीं बसें। ● अमृत विचार

कटरा और जलालाबाद होकर लखनऊ जाएंगे वाहन

बरेली, अमृत विचार : शाहजहांपुर में हाईवे पर जलभराव होने की वजह से ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। बरेली से लखनऊ, शाहजहांपुर जाने वाले हल्के और मध्यम वाहन कटरा-जलालाबाद-अल्लाहगंज-हरदोई मार्ग से जा सकते हैं। इसी प्रकार लखनऊ से बरेली आने वाले हल्के और मध्यम वाहन हरदोई-अल्लाहगंज-जलालाबाद-कटरा होते हुए आ सकते हैं। बरेली से पीलीभीत, बरेली से बीसलपुर और बरेली से शाहजहांपुर मार्गों पर अत्यधिक वर्षा और बाढ़ और हाइवे पर पानी चलने के कारण यातायात प्रभावित है। बरेली से लखनऊ की तरफ आवागमन के लिए बरेली-बदायूं-कासगंज-एटा-बेवर-एक्सप्रेसवे मार्गों से भी लखनऊ जा सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस ने अनावश्यक यात्रा करने से बचने के लिए भी अपील की है।

चेतावनी के निशान से नीचे उतरा रामगंगा का जलस्तर

बरेली, अमृत विचार : चौबारी में रामगंगा नदी का जलस्तर अब लगातार घट रहा है। इससे तटीय क्षेत्र को लोगों के साथ अधिकारियों ने भी राहत महसूस की। शुक्रवार शाम 4 बजे तक रामगंगा का जलस्तर 161.120 से घट कर 160.850 मीटर तक आ गया था और पानी के बहाव की तीव्रता भी कम हो रही है। वहीं नकटिया नदी का जलस्तर बढ़ने से कई क्षेत्र के खेतों और घरों में पानी घुस गया है। बाढ़ खंड के अधिकारियों का कहना है कि रामगंगा में अन्य प्रमुख नदियों का छोड़ा गया पानी कम हो गया है। नकटिया नदी में तमाम नालों का पानी भी आता है, अभी कम से कम दो दिन तक नदी का जलस्तर ऐसा ही रहेगा। बाढ़ खंड के सहायक अभियंता अमित किशोर ने बताया कि बरसात के दिनों में रामगंगा के तटीय क्षेत्रों में पूरी तरह से अलर्ट घोषित है। नकटिया के तटीय क्षेत्रों में भी पूरी निगरानी रखी जा रही है।

दिन में उमस से लोग हुए बेहाल, रात को मिली कुछ राहत

बरेली, अमृत विचार : जिले में रात में बारिश के बाद मौसम साफ होने से उमस बढ़ गई। इससे लोग दिन में काफी परेशान हुए, हालांकि रात में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने तीन दिन और बारिश का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम 22.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में 40 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी 14 जुलाई तक मध्यम से भारी बारिश होने का अनुमान है। 15 जुलाई को हल्की से मध्यम और 16 से 18 जुलाई तक हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही धूप निकलने का पूर्वानुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हो सकता है।

जलभराव वाले गांवों में ब्लीचिंग पाउडर का होगा छिड़काव

बरेली, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग ने भारी बारिश और बाढ़ की वजह से हुए जलभराव वाले इलाकों में संक्रामक रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य केंद्रों पर क्लोरीन और ब्लीचिंग पाउडर डिपो बनाए हैं। इनका इस्तेमाल गांवों में किया जाएगा। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बाढ़ प्रभावित इलाकों की सीएचसी प्रभारी अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि नियमित रूप से गांव में शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाए।

दो फर्मों ने गलत प्रपत्र देकर नगर निगम से हथियाए सड़क और नाली के टेंडर

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम के निर्माण विभाग के अफसरों की साठगांठ से गलत प्रपत्रों पर दो फर्मों को टेंडर देने का मामला सामने आया है। मेयर ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर दोनों फर्मों को ब्लैक लिस्ट करने को कहा है।

सूफी टोला के रहने वाले जावेद सिद्दीकी ने 3 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस बारे में ऑनलाइन शिकायत की थी। इसमें कहा था कि नगर निगम के निर्माण विभाग ने वार्ड 54 के मोहल्ला भूड में दिगराज मंदिर से यादव चौक वाया राजाराम यादव तक और बिट्टू के मकान से आशीष के मकान तक नाली और सीसी सड़क सुधार के लिए 20.29 लाख कीमत के टेंडर निकाले थे। इसकी प्रक्रिया 28 फरवरी से 7 मार्च 2024 के बीच पूरी की गई। यह टेंडर मेसर्स आदर्श और मेसर्स माधवी कंस्ट्रक्शन ने साठगांठ के जरिए गलत प्रपत्र दाखिल कर हथिया लिया। जावेद ने दोनों फर्मों के प्रपत्रों की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की थी।

इस बीच मेयर उमेश गौतम ने भी जांच कराई जिसमें आरोप सही पाए जाने के बाद नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स को पत्र लिखकर दोनों फर्मों को ब्लैक लिस्ट करने को कहा है। दो बार पहले भी पत्र लिखने के बावजूद मेसर्स माधवी कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया। इससे नगर निगम की छवि खराब हुई है।

- मेयर ने नगर आयुक्त को दिया दोनों फर्मों को ब्लैक लिस्ट करने का निर्देश

प्रभारी मुख्य अभियंता ने अनसुना कर दिया मेयर का निर्देश

मेयर ने पत्र में कहा है कि माधवी कंस्ट्रक्शन ने 15 वें वित्त आयोग के टेंडर लेने के बाद भी काम शुरू नहीं किया था। तब भी उन्होंने प्रभारी मुख्य अभियंता डीके शुक्ला को इस फर्म को काली सूची में डालने को कहा था लेकिन उनकी बातों की अनदेखी कर दी गई थी। कार्रवाई न होने से कार्यशैली संदिग्ध लग रही है। मेयर ने बताया कि दोनों फर्मों ने टेंडर के लिए गलत कागज लगाए हैं। इन्हें ब्लैक लिस्ट करने के लिए नगर आयुक्त को पत्र लिखा है।

मलेरिया की अभी से ही रफ्तार तेज

बरेली, अमृत विचार : जिले में दो महीने में सौ से ज्यादा मलेरिया के नए केस सामने आ चुके हैं। बारिश के बाद मरीजों की संख्या में और इजाफा होने की आशंका है।

मलेरिया विभाग के अनुसार 2023 में जुलाई तक मलेरिया के केस 266 थे, लेकिन 2024 में 12 जुलाई तक मलेरिया मरीजों की संख्या 423 तक पहुंच गई है। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह के अनुसार मरीजों की संख्या बढ़ने का कारण यह भी है कि अधिक से अधिक जांचें हो रही हैं। जिले में वर्ष 2021 में 595, 2022 में 473, 2023 में 1079 डेंगू के मरीज सामने आए थे, अब तक 15 रोगी सामने आ चुके हैं। वर्ष 2021 में 2362, 2022 में 2226 और 2023 में सर्वाधिक 3490 मलेरिया के केस सामने आए थे।

गोरखपुर के लिए बरेली होते हुए दिल्ली से चलेगी स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रेलवे ने 04494/04493 दिल्ली-गोरखपुर-दिल्ली अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का संचालन दिल्ली से 12 जुलाई शुक्रवार को और गोरखपुर से 13 जुलाई शनिवार को एक फेरे के लिए चलाने का फैसला लिया है।

ट्रेन संख्या 04494 दिल्ली-गोरखपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिल्ली से चलकर बरेली से 10.45 बजे रवाना होगी और वापसी में 04493 गोरखपुर-दिल्ली स्पेशल ट्रेन गोरखपुर से बरेली से 11.02 बजे रवाना होगी।

अमरनाथ यात्रियों को रेलवे ने दी राहत

अमरनाथ यात्रियों के लिए रेलवे ने 04680/04679 माता वैष्णो देवी कटरा-गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा स्पेशल ट्रेन का विस्तार किया है। यह ट्रेन कटरा से 12, 19 जुलाई, 9, 16, 23 और 30 अगस्त प्रत्येक शुक्रवार को और गुवाहाटी से 15, 22 जुलाई, 12, 19, 26 और दो सितंबर प्रत्येक सोमवार को छह अतिरिक्त फेरों के लिए चलेगी। 04680 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी कटरा से चलकर अगले दिन बरेली से 12:35 बजे रवाना होगी और वापसी में 04679 गुवाहाटी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्पेशल ट्रेन गुवाहाटी से चलकर तीसरे दिन बरेली से 04:12 बजे रवाना होगी।

आंगनवाड़ी केंद्र के सामने भीषण जलभराव

बरेली, अमृत विचार: मोहनपुर ग्राम पंचायत के नकटिया में आंगनवाड़ी केंद्र के सामने भीषण जलभराव हो रखा है। चेतना कॉलोनी का पानी प्लॉट में जमा होने से बीमारियां पनपने का खतरा बना हुआ है।

काफी से पानी भरा होने के बाद भी इसकी निकासी के इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। जलभराव की वजह नालियों की कई महीने से सफाई नहीं होना है। इसकी वजह से पानी नकटिया नदी में नहीं पहुंच पा रहा है। इसके अलावा आंगनवाड़ी केंद्र बंद होने पर इसके परिसर में कब्जा कर सामान रख लिया जाता है।

हाईटेंशन लाइन पर गिरा पेड़, मढ़ीनाथ में बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : परसाखेड़ा से आने वाली 33 केवी की हाईटेंशन लाइन पर पेड़ गिरने से मढ़ीनाथ क्षेत्र में बिजली संकट छा गया। नदोसी उपकेंद्र पर मरम्मत कार्य की वजह से तिलियापुर गांव में पूरी रात बिजली गुल रही। किला में भी फाल्ट से आपूर्ति प्रभावित रही। जगतपुर में देहरादून से ट्रांसफार्मर पहुंचा। उसे लगाने का काम किया जा रहा है।

शुक्रवार सुबह 33 केवी लाइन पर दो पेड़ गिर गए। इसके बाद मढ़ीनाथ उपकेंद्र से जुड़े मढ़ीनाथ, शांति बिहार, गणेशनगर, नेकपुर, आश्रम, सिठौरा आदि इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली न आने से पानी की सप्लाई भी प्रभावित हो गई। पेड़ों को हटाने के बाद सुबह 10 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी।

वहीं तीन दिन पहले जगतपुर उपकेंद्र पर लगा 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर आकाशीय बिजली गिरने से फुंक गया था। शुक्रवार सुबह देहरादून से नया ट्रांसफार्मर जगतपुर उपकेंद्र पर पहुंच गया। अवर अभियंता सुनील पटेल ने बताया कि उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। शनिवार की सुबह आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। इसके अलावा कोहाड़ापीर उपकेंद्र में शुक्रवार को मरम्मत कार्य की वजह से नैनीताल और अशोक नगर फीडर पर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। किला उपकेंद्र के फूलवलान, गढ़ैया, खन्नू मोहल्ला में बंच केबल टूटकर गिरने से दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक बिजली गुल रही। वही किला उपकेंद्र पर 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में काम की वजह से बाकरगंज, हुसैन बाग में बिजली कटौती की गई। सिविल लाइंस, सुभाषनगर और कुतुबखाना में कटौती और ट्रिपिंग की समस्या रही।

- नदोसी उपकेंद्र पर काम की वजह से तिलियापुर में पूरी रात रहा बिजली संकट
- जगतपुर उपकेंद्र पर देहरादून से पहुंचा ट्रांसफार्मर, लगाने का काम शुरू

> जगतपुर में ट्रांसफार्मर खराब होने से दिक्कत हुई थी। शुक्रवार को उपकेंद्र पर नया ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। जल्द आपूर्ति बहाल की जाएगी। -अंबा प्रसाद, अधीक्षण अभियंता

जगतपुर उपकेंद्र पर नया ट्रांसफार्मर लगाते कर्मचारी। ● अमृत विचार



इतिहास तो ऐसा ही है तीन सौ बेड अस्पताल का

कहीं वेंटिलेटर भी तो चोरी नहीं हो गए अस्पताल से

शासन से मांगी सूचना के जवाब में सीएमओ ने तीन सौ बेड अस्पताल को दिए 10 वेंटिलेटरों का नहीं किया जिक्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कोरोनाकाल में उपलब्ध कराए गए ये वेंटिलेटर काफी समय से नहीं हुए इस्तेमाल
- करोड़ों के उपकरण पहले भी चोरी हो चुके हैं तीन सौ बेड अस्पताल से

अमृत विचार : शासन की ओर से जिले में वेंटिलेटरों की उपलब्धता के बारे में मांगी गई जानकारी के जवाब में स्वास्थ्य विभाग ने दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सिर्फ तीन वेंटिलेटर उपलब्ध होने की सूचना भेजी है। कोरोना के दौर में तीन सौ बेड अस्पताल में भेजे गए करीब 10 वेंटिलेटरों का जिक्र न किए जाने से सवाल खड़ा हो रहा है कि कहीं ये वेंटिलेटर भी तो चोरी नहीं हो गए। यह सवाल उठने की वजह यह है कि तीन सौ बेड अस्पताल से पहले भी करोड़ों के उपकरण चोरी हो चुके हैं। शासन और प्रशासन स्तर से कई बार जांच बैठाए जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग अब तक उनका कोई पता नहीं लगा सका है।

सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटरों की कमी का मुद्दा शासन में गूंजने के बाद कुछ समय पहले सभी जिलों के स्वास्थ्य विभाग से उनके पास उपलब्ध वेंटिलेटरों की संख्या के बारे में सूचना मांगी गई थी। बरेली से स्वास्थ्य विभाग ने इसके जवाब में शासन को मीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक और बहेड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो वेंटिलेटर उपलब्ध होने की सूचना भेजी है। इस सूचना में उन करीब 10 वेंटिलेटरों का जिक्र नहीं किया गया है तो तीन सौ बेड अस्पताल में कोविड के दौरान शासन ने उपलब्ध कराए थे। इसी कारण विभाग में ही यह सवाल उठ रहा है कि कहीं ये वेंटिलेटर भी तो तीन सौ बेड अस्पताल से चोरी नहीं हो गए। दरअसल, कोविड खत्म होने के बाद इन वेंटिलेटरों को कभी उपयोग में नहीं लाया गया। इसके बजाय सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटर की कमी की वजह से मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। दूसरे तीन सौ बेड अस्पताल में पहले भी लगातार चोरियां होती रही हैं। इसी आधार पर तीन सौ बेड अस्पताल से कुछ वेंटिलेटरों के भी चोरी होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ वेंटिलेटर चार साल से कमरों में बंद पड़े हैं और धूल फांक रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कभी यह सुध भी नहीं ली कि वे उपयोग लायक भी रह गए हैं या नहीं।

बताया जाता है कि चिकित्सा उपकरणों के साथ ज्यादातर चोरी हुआ सामान ऐसा था जो घरों में इस्तेमाल किया जा सकता था। दर्जनों एसी गायब हुए थे। इसके अलावा पंखे, अलमारी, बेड, सौ से ज्यादा कुर्सियां, गद्दे, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर जैसे उपकरण भी चोरी हुए।

> शासन ने वेंटिलेटरों के बारे में सूचना मांगी थी। दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तीन वेंटिलेटर उपलब्ध होने की सूचना भेजी है। तीन सौ बेड अस्पताल के वेंटिलेटरों का इस्तेमाल करने का कोई आदेश नहीं मिला है।
> – डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

करोड़ों के उपकरणों की चोरी पर बार-बार जांच बैठी लेकिन एक बार भी नहीं हुई पूरी

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल 2019 में जब शुरू हुआ तो पता लगा कि करोड़ों के वे उपकरण गायब हैं जिनके लिए शासन ने बजट दिया था। इन उपकरणों की कागजों पर खरीद दिखाकर बजट खपा दिया गया या वे चोरी हो गए, इसका पता लगाने के लिए बार-बार जांच के आदेश दिए गए लेकिन एक भी जांच पूरी नहीं हो पाई।

आखिरी बार जनवरी 2023 में तत्कालीन मंडलायुक्त संयुक्ता समद्दार ने जांच का आदेश दिया था और 15 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी थी। इस आदेश पर तत्कालीन एडी हेल्थ डॉ. एके चौधरी ने चार सदस्यीय कमेटी गठित की थी। इस कमेटी को तीन सौ बेड अस्पताल की इमारत का निर्माण होने से जांच के आदेश तक खरीदी गई सामग्री और उपकरणों का स्टॉक बुक से मिलान करने के साथ भौतिक सत्यापन करना था, लेकिन यह जांच पूरी नहीं हो पाई। इससे पहले 2020 में तत्कालीन सीएमओ डॉ. वीके शुक्ला ने जांच का आदेश दिया, लेकिन उसका भी कोई नतीजा नहीं निकला। शासन से आया जांच का आदेश भी फाइलों में दबकर रह गया।

ये ताजा मामला... नगर स्वास्थ्य अधिकारी तो शासन पर भी भारी

- तीन एसी उठाकर घर ले जाने की वजह से नहीं बन सका कोल्ड रूम
- बार-बार निर्देश की अवहेलना पर कार्रवाई नहीं कर पाए सीएमओ

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल के तीन एसी की चोरी का जिक्र तो उसके तत्कालीन सीएमएस और मौजूदा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानु प्रकाश के नाम स्वास्थ्य विभाग के कागजों में चल रहा है। अस्पताल के पूर्व सीएमएस डॉ. सतीश चंद्रा के मुताबिक ये तीन एसी डॉ. भानु प्रकाश ने अस्पताल से उतरवाकर अपने घर में लगवा लिए थे और कई बार मांगने के बाद भी वापस नहीं किए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी के एसी ले जाने की वजह से तीन सौ बेड अस्पताल में इस बार गर्मी के मौसम में कोल्ड रूम तक नहीं बन पाया। कोल्ड रूम बनाने का आदेश शासन ने दिया था। इस कारण अस्पताल प्रशासन की ओर से सीएमओ को पत्र लिखकर शासन के आदेश का पालन करने के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी से एसी वापस दिलाने को कहा गया लेकिन सीएमओ भी इस पर टालमटोल करते रहे और गर्मी का पूरा मौसम गुजरने के बावजूद तीन सौ बेड अस्पताल में कोल्ड रूम नहीं बन सका।

> डॉ. भानु प्रकाश को अंतिम चेतावनी जारी की जाएगी। फिर भी उन्होंने एसी वापस नहीं किए तो कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा। – डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

महीनों से गैरहाजिर टीएसआई समेत 10 पुलिसकर्मी निलंबित

बरेली, अमृत विचार : बिना छुट्टी मंजूर कराए लंबे समय से लापता टीएसआई वीरपाल सिंह समेत 10 पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शुक्रवार को निलंबित कर दिया। उन्होंने सभी की विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं।

किला थाने में तैनात सिपाही प्रियोम सिंह 11 मार्च, पुलिस लाइन में तैनात अमित सक्सेना 8 मार्च, अक्षय कुमार 12 मार्च, सिपाही बोबी कुमार 10 अप्रैल से गैरहाजिर थे। इसके अलावा पुलिस लाइन में तैनात सिपाही सचिन तोमर 12 जनवरी, मुख्य आरक्षी दिवेश कुमार 17 जून, सिपाही चंद्रदत्त 6 जून, कैंट थाने में तैनात सिपाही मीरा देवी 21 फरवरी और भोजीपुरा थाने में तैनात रणधीर सिंह 9 मई से गैरहाजिर हैं। सभी पर आरोप है कि इन पुलिसकर्मियों ने गैरहाजिरी की कोई सूचना नहीं दी। किसी ने मेडिकल प्रपत्र भी उपलब्ध नहीं कराए।

> कई महीने से बिना कारण बताए अनुपस्थित 10 पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है। सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। लापरवाह पुलिस कर्मियों पर नरमी नहीं बरती जाएगी।
> – अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

उड़ला जागीर में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक घायल

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर क्षेत्र के उड़ला जागीर की श्यामनगर गौटिया में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक घायल हो गया। युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से मामले की शिकायत की है। श्यामनगर गौटिया निवासी जसमेंद्र गुरुवार रात अपने घर की छत पर किसी काम से गया था। इसी बीच वह घर के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने घायल से जिला अस्पताल में पहुंचकर हाल जाना।

गोलीकांड के पांच आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस रद्द होंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिलाधिकारी को भेजी रिपोर्ट

अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र के पीलीभीत बाइपास पर करोड़ों रुपये के प्लॉट पर कब्जे को लेकर हुए गोलीकांड में शामिल दोनों पक्षों के पांच लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त होंगे। इसके लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज दी है।

पांच आरोपियों के परिजनों के पास छह शस्त्र लाइसेंस हैं। पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए 22 जून को दोनों पक्षों के बीच सौ राउंड से ज्यादा गोलियां चली थीं। एक पक्ष राजीव राणा और दूसरा पक्ष आदित्य उपाध्याय का था। आरोपी आदित्य के भाई के आकाश के पास दोनाली बंदूक है, जबकि सुभाष लोधी के पिता सोमपाल पर दोनाली बंदूक, शिवओम के पिता अनिल के पास पिस्टल और राइफल, मोहम्मद हुसैन उर्फ गोला के चाचा जफर के पास बंदूक और राजीव राणा के भाई हरिओम के पास राइफल है।

इन सभी के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के लिए इज्जतनगर पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी है। ऐसे में सभी का शस्त्र लाइसेंस जल्द ही निरस्त कर दिए जाएंगे। उधर गोलीकांड मामले में खुफिया विभाग ने भी अपनी रिपोर्ट शासन और मुख्यालय को भेजी थी। अब खुफिया विभाग ने गोलीकांड में अब तक हुई कार्रवाई की भी रिपोर्ट भेजी है। इज्जतनगर थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि पांच आरोपियों के पास छह शस्त्र लाइसेंस हैं। जिसे निरस्त करने के लिए रिपोर्ट भेजी गई है।

बावर्दी महिला सिपाही से छेड़खानी, विरोध पर पीटा, कार से कुचलने की भी कोशिश

कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के पास मोहर्रम के जुलूस में कर रही थी ड्यूटी, दरोगा की ओर से रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पुलिस की ओर से एक महिला सिपाही से छेड़खानी की रिपोर्ट थाना प्रेमनगर में दर्ज कराई गई है। आरोप है कि कोहाड़ापीर इलाके में मोहर्रम के जुलूस में ड्यूटी कर रही सिपाही से दो युवकों ने छेड़खानी के बाद विरोध करने पर मारपीट कर उसे कार से भी कुचलने की कोशिश की। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। फरार हुआ दूसरा आरोपी सेना का जवान बताया जा रहा है।

थाना प्रेमनगर में सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार की ओर से इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एफआईआर के अनुसार 11 जुलाई की रात मोहर्रम के जुलूस में पीड़ित महिला सिपाही की ड्यूटी लगी थी। इसी बीच कार लेकर पहुंचे दो युवकों ने उसे देखकर अश्लील इशारे शुरू कर दिए, अपशब्द भी कहे। महिला सिपाही ने इसका विरोध किया तो दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी। सिपाही की कोहनी और घुटनों में चोट लगी है। भागते हुए आरोपियों ने उसे अपनी कार से कुचलने की भी कोशिश की।

पुलिस ने सनी नाम के एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है जो सुभाषनगर के करगैना इलाके की विश्वनाथपुरम कॉलोनी का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि उसके साथ करगैना का ही राहुल सिंह था, जो अब जैतरा (एटा) के खबा जैतरा में रह रहा है। वह सेना में है और उसकी तैनाती जमशेदपुर में है। पुलिस राहुल को तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने के साथ फरार फौजी को भी तलाश किया जा रहा है।

समझौते के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की सख्ती पर रिपोर्ट

प्रेमनगर पुलिस ने पहले इस मामले में दोनों पक्षों में लिखित समझौता करा दिया और इसके बाद उस पर हस्ताक्षर कराकर दोनों आरोपियों को छोड़ दिया। लेकिन बाद में जब इसकी जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य को हुई तो उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्रेमनगर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। उसने फौरन सनी को थाने बुलाकर हिरासत में ले लिया। अब राहुल की तलाश की जा रही है।

> कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के पास पूछताछ के दौरान कुछ विवाद हुआ था। बाद में पता चला कि पुलिस कर्मी के साथ छेड़छाड़ की गई है। रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस जांच कर रही है।
> –पंकज कुमार, सीओ प्रथम

अनाथालय की जमीन के कागज प्रशासन को दिखाने में प्रबंध कमेटी की आनाकानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीपीओ बोलीं, अनाथालय बंद हो चुका, अब जांच सिर्फ लड़कियों के आरोपों और जमीन की
- प्रबंध कमेटी के पास गुरुकुल खोलने का पैसा नहीं, जमीन के भविष्य पर उठे सवाल

अब प्रशासन की जांच टीम को दस्तावेज ही नहीं दे रहा है अनाथालय का प्रधान

अमृत विचार : प्रशासन की जांच के साथ आर्य समाज अनाथालय के बारे में नए सवाल खड़े हो रहे हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी का कहना है कि अनाथालय बंद हो चुका है और जांच सिर्फ उसकी जमीन को खुर्दबुर्द करने की कोशिशों और उसमें रह रही लड़कियों के आरोपों की हो रही है, जो अभी पूरी नहीं हो पाई है। उधर, अनाथालय की प्रबंध कमेटी भी साफ कर चुकी है कि वह गुरुकुल खोलने के लिए अनाथालय बंद कर रही है लेकिन गुरुकुल खोलने के लिए फिलहाल उसके पास कोई बजट नहीं है। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि बीच शहर अनाथालय की 360 करोड़ की जमीन का आखिर क्या होगा।

आर्य समाज अनाथालय 140 साल पुराना है और उसका नियमावली में साफ लिखा है कि उसे कभी बंद नहीं किया जा सकेगा। इसके बावजूद प्रबंध कमेटी ने उसे बंद करने का एलान कर दिया है और जिला प्रोबेशन अधिकारी यानी डीपीओ मोनिका राणा के मुताबिक उनकी जांच में यह बिंदु भी शामिल नहीं है। डीपीओ ने शुक्रवार को अमृत विचार को बताया कि प्रशासन की जांच सिर्फ अनाथालय में रह रही लड़कियों के प्रबंध कमेटी की ओर से उत्पीड़न के आरोपों और उसकी जमीन पर आधारित है। प्रबंध कमेटी की ओर से जमीन से संबंधित दस्तावेज न दिए जाने की वजह से जांच अभी पूरी नहीं हो पाई है। जल्द ही जांच पूरी कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी।

डीपीओ ने बताया कि जहां तक अनाथालय में रह रही लड़कियों के आरोपों का सवाल है, जांच में पाया गया है कि उन्हें वहां फिलहाल कोई दिक्कत नहीं है। वे सिर्फ इसलिए परेशान हैं कि यहां रह पाएंगी या नहीं। डीपीओ ने बताया कि अनाथालय बंद हो चुका है। लड़कियों के लिए क्या प्रबंध किया जा सकता है, फिलहाल यही देखा जा रहा उन्होंने बताया कि प्रबंध कमेटी के पदाधिकारियों को सोमवार तक जमीन के दस्तावेज दिखाने को कहा गया है।

... तो क्या होगा अनाथालय की 42 बीघा जमीन का

आठ साल की बच्ची से छेड़खानी के आरोप में घिरे विवादित प्रधान के नेतृत्व में चल रही अनाथालय की प्रबंध कमेटी गुरुकुल बनाने का दावा तो कर रही है लेकिन इसके लिए न उसके पास कोई पैसा है न कोई योजना। अनाथालय बंद होने के बाद चंदे और दान से कोई पैसा मिलने का रास्ता बंद हो जाएगा। ऐसे में साफ है कि गुरुकुल खोलने का दावा फिलहाल हवा में गांठें लगाने जैसा है। गुरुकुल न खुला तो अनाथालय की शहर के सबसे महत्वपूर्ण इलाके में करीब 42 बीघा जमीन अनुपयोगी हो जाएगी। ऐसे में दो ही रास्ते बचते हैं। एक, प्रबंध कमेटी उसका कोई व्यावसायिक इस्तेमाल करे जो उसके नियमों की वजह से कानूनी तौर पर तो संभव नहीं है लेकिन पहले ही अनाथालय की जमीन पर तमाम दुकानें बनवाई जा चुकी हैं। दूसरा, सरकार उसे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कब्जे में ले ले।

> अनाथालय की जमीन और लड़कियों की शिकायत की गंभीरता से जांच कराई जा रही है जो अंतिम चरण में पहुंच गई है। अनाथालय की जमीन से संबंधित कुछ अहम दस्तावेज जांच अधिकारी ने कमेटी से मांगे हैं। ये दस्तावेज देखने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। – दिनेश, एडीएम प्रशासन

किशोरी को ले जाने में आरोपी को पांच साल की कैद

विधि संवाददाता, बरेली : नाबालिग लड़की को फुसलाकर ले जाने के दोषी फतेहगंज पश्चिमी के गांव मुगलपुर निवासी कफील उर्फ कफीलुद्दीन को मामले में पॉक्सो कोर्ट ने पांच साल की कैद और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

थाना फतेहगंज पश्चिमी में रिपोर्ट लिखाई गई थी कि आरोपी 27 मार्च 2022 को लड़की ले गया था और 2 अप्रैल को घर छोड़ गया था। इससे आहत लड़की ने अगले दिन फंदा लगाकर जान दे दी थी। पुलिस ने दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए उकसाने और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। कोर्ट ने बहला-फुसलाकर ले जाने का दोषी पाते हुए आरोपी को दंडित किया। अभियोजन पक्ष ने सात गवाह पेश किए।

अंकल मेरी गलती नहीं, मुझे तो मम्मी ने फंसा दिया

अंकल, मैं तो मम्मी के साथ आया था। रास्ते में पापा मिल गए तो मम्मी उनके साथ बाइक पर बैठकर चली गईं। स्कूटी देकर मुझसे घर जाने को कह दिया। मेरी कोई गलती नहीं है। पटेल चौक पर चेकिंग के दौरान रोके गए आलमगीरीगंज के 9वीं में पढ़ने वाले बच्चे ने यह कहानी सुनाई तो ट्रैफिक पुलिस ने भी मान लिया कि उसकी कोई गलती नहीं है। उसे बगैर चालान छोड़ दिया। ● अमृत विचार

एक बार हलाला के बाद फिर दिया तीन तलाक, अब दोबारा हलाला का दबाव

संवाददाता, बरेली/कैंट

- पति विदेश में करता है नौकरी जेठ पर जबरन शारीरिक शोषण का आरोप
- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : प्रेम विवाह करने वाली महिला को विदेश में रह रहे पति ने दहेज के लिए तीन तलाक दे दिया। महिला का आरोप है कि पति ने जेठ से हलाला कराने के बाद दोबारा निकाह कर लिया लेकिन फिर तलाक देने के बाद अब किसी और से हलाला करने का दबाव बना रहा है। महिला ने मामले की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कैंट पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

महिला के मुताबिक उसने नौ साल पहले पड़ोसी से प्रेम विवाह किया था। निकाह के बाद से ही ससुराल वाले दहेज न लाने का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। महिला का पति दुबई में नौकरी करने चला गया। आरोप है कि उसने व्हाट्सएप मेसेज पर तीन तलाक दे दिया।

महिला ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो जेठ से हलाला करने के बाद 19 जुलाई 2022 को दोबारा निकाह कर लिया। इसके बाद जेठ लगातार शारीरिक शोषण करता है। महिला ने पति को बताया तो उसने दोबारा तलाक दे दिया। अब पति किसी और व्यक्ति से हलाला कराने का दबाव बना रहा है। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट कर बच्चों सहित घर से निकाल दिया।

चार माह से लापता बेटी की तलाश के लिए तीन थानों में दौड़भाग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने तहरीर लेने के बाद अभी तक दर्ज नहीं की एफआईआर

अमृत विचार : चार महीने से एक किशोरी लापता है। पिता मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए नोएडा, बरेली के फतेहगंज पूर्वी और क्योलड़िया थाने के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है।

थाना फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति नोयडा में रहकर सब्जी बेचता है। चार माह पहले उसकी 15 वर्षीया बेटी नोयडा से लापता हो गई। उसका आरोप है कि बिथरी चैनपुर क्षेत्र में रहने वाला उसका शादीशुदा भतीजा क्योलड़िया में रहने वाले साढ़ू के साथ मिलकर उनकी बेटी को बहलाकर ले गया है। मामले में उसने दादरी और क्योलड़िया थाना में तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। सप्ताह भर पहले उसने 1098 टोल फ्री नंबर से चाइल्ड लाइन से शिकायत की। इसपर फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने तहरीर ले ली, लेकिन अब तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। फतेहगंज पूर्वी पुलिस के मुताबिक जहां का घटनास्थल है। वहीं मामले में रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

कहानी कुछ और थी... मगर बेहोश हुई छात्रा ने सबके उड़ा दिए होश

अचेतावस्था में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे अभिभावक, होश में आई तो स्कूल की प्रिंसिपल पर लगाए सनसनीखेज आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कहा- अपने ऑफिस में बुलाकर गलत काम करने का दबाव डालती हैं प्रिंसिपल
- पुलिस के मुताबिक जांच में निकला एक छात्र से दोस्ती पर डांट लगाने का मामला

अमृत विचार : बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल पहुंची राजेंद्रनगर के एक कॉन्वेंट स्कूल में 11वीं की छात्रा होश में आई तो प्रिंसिपल पर सनसनीखेज आरोप लगा डाले। बताया, प्रिंसिपल कई महीने से उस पर ऑफिस में बुलाकर गलत काम करने का दबाव बना रही हैं, इन्कार पर उसे स्कूल से निकालने और फेल करने की धमकी देती हैं। शुक्रवार को उन्होंने धमकाने के साथ मारपीट भी की। गुस्साए अभिभावकों की शिकायत पर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि छात्रा की स्कूल के ही एक छात्र से गहरी दोस्ती है। प्रिंसिपल ने इसी बात पर उसकी डांट लगाई थी।

जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में सुबह करीब साढ़े 11 बजे छात्रा के अभिभावक उसे बेहोशी की हालत में लेकर पहुंचे थे। स्कूल यूनिफार्म पहने छात्रा बेहोशी की हालत में भी थर-थर कांप रही थी। प्राथमिक इलाज के बाद वह होश में आई तो डॉक्टर ने उससे पूछताछ की। छात्रा ने बताया कि वह राजेंद्रनगर के कॉन्वेंट स्कूल में 11वीं में पढ़ती है। कई महीने से स्कूल की प्रिंसिपल उसे अपने ऑफिस में बुलाकर गलत काम करने का दबाव बना रही है। वह विरोध करती है तो उसे स्कूल से निकालने और परीक्षा में फेल करने की धमकी देती हैं। छात्रा ने बताया कि इस बात की जानकारी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी है।

छात्रा के सनसनीखेज आरोप सुनकर उसके अभिभावकों के होश उड़ गए। गुस्से में बिफरे दोनों लोग यहां से थाने पहुंचे और स्कूल की प्रिंसिपल के खिलाफ पुलिस को शिकायत दे दी। पुलिस ने स्कूल जाकर जांच की तो मामला कुछ और निकला। इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी के मुताबिक स्कूल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर पता चला कि प्रिंसिपल ने छात्रा को न ऑफिस में बुलाया था, न मारपीट की थी।

जांच में पता चला कि छात्रा की स्कूल के ही एक छात्र से गहरी दोस्ती है। स्कूल में ही अटपटी हरकतों पर प्रिंसिपल ने छात्रा को डांट लगाई थी जिसके बाद उसने बेहोश होने का बहाना किया था।

मां ने कहा, कई दिन से कर रही थी उत्पीड़न की शिकायत

छात्रा की मां ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे छात्रा के स्कूल की एक शिक्षिका ने फोन कर सूचना दी कि उनकी बेटी की तबीयत खराब हो गई है। वह पति के साथ स्कूल पहुंचीं तो करीब आधे घंटे तक उन्हें उससे मिलने नहीं दिया। हंगामा करने पर उन्हें बेटी के पास ले जाया गया। वह उन्हें बदहवास हालत में मिली। वे फौरन उसे जिला अस्पताल लाए। बताया, कुछ दिन से उनकी बेटी लगातार बता रही थी कि स्कूल में उसका उत्पीड़न किया जा रहा है। वह उसे समझाकर शांत कर देती थीं। शुक्रवार को उसकी हालत गंभीर हो गई।

मानसिक दबाव की हालत में पहुंची थी अस्पताल

इमरजेंसी वार्ड में ईएमओ डॉ. हरीश चंद्रा ने छात्रा की जांच की। बुरी तरह घबराई हालत में होने और पूछने पर भी कुछ न बोलने पर उन्होंने मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष को सूचना दी। डॉ. आशीष की टीम ने छात्रा की काउंसिलिंग की। डॉ. आशीष के अनुसार छात्रा पैनिक अटैक की स्थिति में थी। ऐसा तब होता है जब कोई किसी वजह से गहरे मानसिक दबाव में आता है।

चेतावनी: पुरानी पेंशन बहाल नहीं हुई तो रेल का चक्काजाम करेंगे कर्मचारी

जंक्शन पर एनआरएमयू और इज्जतनगर में नरमू के नेतृत्व में कर्मचारियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पुरानी पेंशन (ओपीएस) बहाली के लिए रेलवे कर्मचारियों ने शुक्रवार को बरेली जंक्शन और इज्जतनगर रेल मंडल कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि पुरानी पेंशन बहाल नहीं हुई तो रेलवे का चक्का जाम कर देंगे।

बरेली जंक्शन पर एनआरएमयू के आह्वान पर प्रदर्शन किया गया और इज्जतनगर कारखाना गेट पर नरमू पदाधिकारियों ने रैली निकाली। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि रेल कर्मचारियों की एकता ने चुनाव में सरकार को सबक सिखाया है।

नरमू पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले वर्कशॉप गेट पर सन 1960 के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद एक विशाल मोटरसाइकिल रैली केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी के नेतृत्व में वर्कशॉप गेट, स्टोर गेट और डीआरएम ऑफिस के सामने से निकाली गई। रैली नरमू के मंडल कार्यालय पर समाप्त हुई। केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार अगर नहीं मानी तो चक्का जाम किया जाएगा। इस दौरान वीएन सिंह, सुरेंद्र सिंह मलिक, परवेज अहमद, राम किशोर, कामरान अहमद, आरिफ हुसैन आदि मौजूद रहे। वहीं बरेली जंक्शन पर प्रदर्शन के दौरान शाखा सचिव राजेश दुबे ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष जारी रहेगा। मंडल उपाध्यक्ष पंकज सक्सेना, कोषाध्यक्ष सुशील अरोड़ा, शाखा अध्यक्ष मुशर्रफ खान ने भी संबोधित किया। इस दौरान रामकुमार, बीआर सिंह, रामवीर, गजेंद्र सिंह, नवनीत यादव, यूसी चान्याल, राहुल शर्मा, राजेश कुमार, केशव गिरी, कमलेश उपाध्याय, काशिफ खान, शिवशंकर मिश्रा, ललित कुमार, सुनील साहू, केतन कुमार, अजय कुमार, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

इज्जतनगर मंडल कार्यालय के विरोध-प्रदर्शन करते नरमू पदाधिकारी और रेलवे कर्मचारी। ● अमृत विचार

बरेली जंक्शन पर प्रदर्शन करते एनआरएमयू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

लंबे समय से ड्यूटी से गायब दो डॉक्टरों पर शासन ने की कार्रवाई

बरेली, अमृत विचार : जिले के दो डॉक्टरों पर शासन स्तर से कार्रवाई की गई है। इनमें एक भोजीपुरा सीएचसी में तैनात महिला डॉक्टर भी हैं जो चार साल तक बिना सूचना के ड्यूटी से गायब रहीं हैं। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आदेश पर प्रदेश स्तर पर कई डॉक्टरों पर कार्रवाई की गई है, जिसमें बरेली के डॉक्टर भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि महिला डॉक्टर को बर्खास्त किया गया है, हालांकि अभी इसका पत्र जिले के अधिकारियों के पास नहीं पहुंचा है।

● इनमें एक डॉक्टर की भोजीपुरा सीएचसी में थी तैनाती

अधिकारियों के अनुसार डॉ. रुबी की तैनाती वर्ष 2019 में हुई थी लेकिन वह 7 अगस्त 2020 से बिना सूचना के गायब हैं। इसके अलावा बहेड़ी सीएचसी पर तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. प्रमोद भी कई साल से सेवाएं नहीं दे रहे हैं। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि शासन स्तर पर दो डॉक्टरों पर कार्रवाई की गई है। अभी कार्रवाई का पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

इन्कम टैक्स रिटर्न भरने की तारीख नजदीक, विभाग का पोर्टल सुस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● आयकर रिटर्न भरने में दिक्कत, दिल्ली के सीए ने ग्रुप में कविता के जरिए बताई व्यथा

अमृत विचार : इन्कम टैक्स रिटर्न भरने की तारीख नजदीक आते ही विभाग का पोर्टल परेशान करने लगा है। उसकी चाल सुस्त हो गई, जो काम 15 मिनट में होना चाहिए, उसके लिए घंटों का समय लग रहा है। पोर्टल की इस दिक्कत को लेकर दिल्ली के एक सीए की कविता बरेली के चार्टर्ड एकाउंटेंट ग्रुप में चर्चा का विषय बनी हुई है।

इन्कम टैक्स रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। विभागीय पोर्टल की सुस्ती की वजह से चार्टर्ड एकाउंटेंट कार्यालय में काम नहीं हो पा रहा है। नया रिटर्न भरने के लिए बनाए जाने वाले पासवर्ड से पहले ओटीपी आने में 15 से 20 मिनट लग रहे हैं। आनलाइन रिटर्न में दिक्कत आ रही है। फार्म 16, शेयर, प्रापर्टी खरीदने बेचने और डाटा मिलान का प्रारंभिक काम रुक जाता है। इन्कम टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिल रस्तोगी का कहना है कि इन्कम टैक्स का चालान निकालने में भी समय लग रहा है।



सिस्टम पर इंतजार करने का मैसेज आ रहा।

'PORTAL OR TURTLE'
हे इनकम टैक्स के पोर्टल महाशय
आख़िर क्या है तुम्हारा आशय,
सुस्त चलते तो कभी चलते ही नहीं
सीए वकील बैठे रहते वहीं के वहीं,
तुम्हारे आका कहते हैं खाका भरो
खाका नहीं भर पाओ तो उनसे डरो,
खाका ना भर पाने का दण्ड भी भरो
भर दोष का दण्ड तिल तिल मरो,
यह अजीब है कि गलती तो तुम्हारी
गलती तुम्हारी से,अटकें साँसें हमारी,
पहले तो तुम इंफ्रोसिस के थे पास
आज आप हो किस किस के पास,
आधी अधूरी सूचनाओं से परेशान हैं
जूँ भी नहीं रेंगती ऐसे कैसे कान हैं,
हे इनकम टैक्स के पोर्टल महोदय
करो दया, रखो हया हरो हमारा भय,

वैसे ही कम नहीं ग़म इस जमाने में
ज़िंदगी निकली तुम्हें समझने और समझाने में
कुछ निकली कमाने में,बाक़ी टैक्स भुगताने में!

DR. RAKESH GUPTA
FCA FCS ACMA MBA LLB LLM PhD
EX-MEMBER, INCOME TAX

व्हाट्सग्रुप पर कविता के जरिए बताई पोर्टल की वास्तविकता।

बाबा फरीदउद्दीन गंजेशकर का उर्स मनाया

बरेली, अमृत विचार : शाहजहांपुर रोड परसौना स्थित वक्फ दरगाह सैयद गौहर अली अलमारूफ भीटा शाह बाबा के दरगाह प्रमुख शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी की सरपरस्ती में सूफी बुजुर्ग हजरत बाबा फरीदउद्दीन गंजेशकर का 782 वां उर्स मनाया गया।

● कुल की फातिहा में मुल्क की खुशहाली और तरक्की की दुआ की

इससे पहले हाफिज एवं कारी तौहीद नूरी ने कुरान की तिलावत कर नात और मनकबत का नजराना पेश किया। इसके बाद कुल की फातिहा की गई, जिसमें मुल्क की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ की। दरगाह के मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम साबरी, नदीम साबरी, तारिस साबरी, नसरत साबरी, जाफर साबरी, नूरैन बेग, मोहम्मद उमर साबरी, रिजवान अली गुड्डू, आकिब साबरी आदि मौजूद रहे।

सजना है 87 साल पुराना रोजा पर सड़क बदहाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● मलूकपुर में दूर दराज से रोजा देखने आते हैं लोग

● नगर निगम ने अभी तक सड़क दुरुस्त नहीं कराई

अमृत विचार : मलूकरपुर में जिस गली में हर साल रोजा सजता है, वहां सड़क की हालत खराब है। स्थानीय लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन नगर निगम ने अभी तक सड़क को ठीक नहीं कराया है। एक दिन पहले ईदगाह कमेटी ने भी निगम पर मोहर्रम के दौरान सड़क और पानी की समस्याओं को नजर अंदाज करने का आरोप लगाया था।

दरअसल, हर साल मलूकपुर पुरानी पुलिस चौकी स्थित पूर्व पार्षद स्वर्गीय मो.नासिर की गली में रोजा सजता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1937 में हुई थी। जिसकी जियारत के लिए मोहर्रम की नौ तारीख को लोग आते हैं।

इस बार 16 जुलाई की रात को हजारों लोग दूरदराज से जियारत को आएंगे, लेकिन गली की सड़क और नालिया बदहाल हैं। जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं। इससे लोगों को दिक्कत होगी। गली में रहने वाले मोहम्मद शुएब ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए कई बार नगर निगम में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन 15 साल से सड़क बदहाल है। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी वारसी ने नगर निगम से नौ मोहर्रम से पहले गली की सड़क ठीक कराने की मांग की है।

मलूकपुर में पुरानी चौकी के पास गली की हालत खस्ता

इमाम हुसैन ने दीन की खातिर सबकुछ कर दिया कुर्बान

बरेली, अमृत विचार : मोहर्रम के चलते जुमा की नमाज से पहले तमाम मस्जिदों में इमामों ने नमाजियों को खिताब किया। इमाम हुसैन के बताए रास्ते पर चलने की हिदायत दी।

मोहल्ला कंघी टोला नूरी मस्जिद के इमाम मौलाना बिलाल ने बताया कि इमाम हुसैन ने अपने नाना जान के दीन की खातिर सब कुछ कुर्बान कर दिया। हम सबको यह सबक दिया कि हमेशा हक की राह पर जमे रहना चाहिए फिर चाहे दुश्मन कितना ही ताकतवर क्यों न हो। कहा कि इस दौर में अगर अपना ईमान और अकीदा सलामत रखना है तो मसलके आला हजरत पर मजबूती से कायम रहना होगा।

खिताब के दौरान मुतावल्ली परवेज नूरी, अजमल नूरी, नदीम खान, हारून बेग, समीर बेग, जावेद खान, उवैस अजहरी, शोएब अजहरी, हस्सान खान, तबरेज खान आदि मौजूद रहे।

या हुसैन के नारों के साथ भूड़ से निकला ताजियों का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: मोहर्रम के महीने में ताजियादारी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार मोहल्ला भूड़ से ऐतिहासिक सूफी जी के तख्तों का जुलूस निकाला गया। ढोल ताशों के साथ इमाम हुसैन को ताजियादारों ने याद किया। जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया। कई जगह ताजियादारों के लिए लंगर का इंतजाम किया गया था।

जुलूस में शामिल आसिम वारसी ने बताया कि भूड़ से निकाले जाने वाला यह ताजियों का जुलूस ऐतिहासिक है। इमाम बारगाहे वारसिया के सदर गजनफर वारसी ने बताया कि जुलूस खानकाह-ए-नियाजिया के सज्जादानशीन मेहंदी मियां की कयादत में निकाला गया। भूड़ शाहबाद, कोहाड़ापीर, बानखाना, मस्जिद गोसियान, सुर्खा, कुतुबखाना, गली मनिहारा, शराफत मियां की दरगाह से होता हुआ जुलूस कोहाड़ापीर पर आकर संपन्न हुआ। खानकाह-ए-नियाजिया के प्रबंधक शब्बू मियां नियाजी ने बताया कि खानकाह से निकलने वाला ऐतिहासिक जुलूस शनिवार को परंपरागत रास्तों निकाला जाएगा, जो खानकाह पर आकर समाप्त होगा।

मोहल्ला भूड़ से ताजिये का जुलूस निकालते ताजियेदार। ● अमृत विचार

मजलिस में अजादारों की आंखें हुईं नम

पांच मोहर्रम को शिया समुदाय की ओर से अजादारी का सिलसिला जारी रहा। इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया में पहली मजलिस को इमाम ए जुमा मौलाना शम्सुल हसन खां ने खिताब किया। मसाहयब सुनकर अजादारों की आंखें नम हो गईं। ऑल इंडिया गुलदस्ता-ए-हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि इमामबाड़ा हकीम आगा साहब गढ़ैया, वसी हैदर गढ़ैया, महबूब हुसैन कंघी टोला, छिद्धि मुहम्मद कंघी टोला, दीवान खाना छीपी टोला, कबीर हसन छीपी टोला आदि में मजलिस हुईं। रात्रि मजलिस इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में हुई।

अनफिट 50 स्कूली वाहनों का पंजीकरण होगा निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● फिटनेस नहीं होने के बाद भी वाहनों में बच्चों को ले जा रहे स्कूल

अमृत विचार: फिटनेस समाप्त होने के बाद भी वाहनों से बच्चों को स्कूल ले जाया जा रहा है। जिले में 50 स्कूली वाहनों की फिटनेस समाप्त हो चुकी है। अब सभी के पंजीकरण निरस्त किए जाएंगे। आरटीओ के निर्देश पर एआरटीओ और आरआई ने स्कूलों में जाकर स्कूली वाहनों की फिटनेस चेक की थी।

जिले में 941 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर एआरटीओ प्रशासन मनोज और आरआई एमपी सिंह ने अलग-अलग स्कूलों में जाकर वाहनों की चेकिंग की थी। जिसमें अब तक 50 वाहन फिटनेस समाप्त होने के बाद भी चलते मिले। इन स्कूली वाहन चालकों को नोटिस देकर फिटनेस कराने को कहा गया है। अगर इसके बाद भी वाहनों की फिटनेस नहीं कराई गई तो पंजीकरण निरस्त किया जाएगा। इसके अलावा शुक्रवार को भी अनधिकृत वाहनों के खिलाफ चेकिंग करके कार्रवाई की गई।

ज्ञापन देकर बिजली कटौती पर जताया गुस्सा

बरेली, अमृत विचार : जगतपुर क्षेत्र में बिजली कटौती के विरोध में शुक्रवार को पैनी नजर सामाजिक संस्था ने एसडीओ हरुनगला को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की गई। संस्था की अध्यक्ष सुनीता गंगवार एडवोकेट की अगुवाई में एजाजनगर गौटिया के लोग एसडीओ हरुनगला से मिले। संस्था अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर जल्द बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान झूल रहे तारों को ठीक करने की मांग की गई। पिछले दिनों क्षेत्र में तार टूटकर गिरने से स्कूटी जल गई थी। एसडीओ रविन्द्र कुमार ने बताया कि जल्द लोगों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

जिपं अध्यक्ष ने तीन साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं

बरेली, अमृत विचार : जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने शुक्रवार को तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया। उन्होंने बताया कि तीन साल में जिला पंचायत से करीब 100 करोड़ रुपये के विकास से जुड़े कार्य हुए हैं। जिले भर में करीब 150 किमी सड़क बनवाई गईं। इनमें इंटरलॉकिंग, आरसीसी व अन्य सड़कें शामिल हैं। कई नई सड़कों का निर्माण कराया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी निकासी के लिए 175 नाले, अमृत सरोवर समेत कई अन्य कार्य हुए हैं। अपर मुख्य अधिकारी डॉ. नीतू सिसौदिया समेत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शुक्रवार को कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष और उनके प्रतिनिधि प्रशांत पटेल को बधाई दी। वित्त अधिकारी विकास खंडेलवाल, दिनेश प्रताप सिंह, विकास महरोत्रा, रविन्द्र यादव, संदीप अग्रवाल, शिव कुमार, शुभम कुर्मी, सुनील वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

सांप निकलने से मचा कॉलोनी में हड़कंप

सीबीगंज, अमृत विचार : कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सालय की कॉलोनी में सांप निकलने से खलबली मच गई। देर रात तक सांप को पकड़ने के लिए ईएसआईसी प्रशासन प्रयास करता रहा, मगर वह नहीं पकड़ा जा सका। लोगों की रात जाग कर कटी।

दरअसल, कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सालय परिसर स्थित कॉलोनी के एक मकान में कहीं से कोबरा घुस गया। इसकी जानकारी होने पर कॉलोनी से लेकर अस्पताल में हड़कंप मच गया। कोबरा को पकड़ने के लिए कई जगह अस्पताल कर्मचारियों ने फोन किया मगर कोई नतीजा नहीं निकला।

सार-संक्षेप

वरिष्ठ रंगकर्मी जेसी पालीवाल को दी श्रद्धांजलि

बरेली, अमृत विचार : वरिष्ठ रंगकर्मी स्वर्गीय जेसी पालीवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर रंगकर्मी, साहित्यकार, चिकित्सक, अधिवक्ता और विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को शहर स्थित एक प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि जेसी पालीवाल के साथ उनका वर्षों पुराना नाता रहा है। सपा विधायक अताउर रहमान ने कहा कि मैंने अपने पूरे जीवन में उन जैसा जुझारू व्यक्तित्व नहीं देखा। सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने भी विचार रखे। रंजीत वालिया, भारतेंदु सिंह, कुमार जितेंद्र, अजय राज शर्मा, राकेश रत्नाकर, डॉ राजेश शर्मा, दिनेश पालीवाल, देवेन्द्र रावत, राजीव शर्मा, शैलेंद्र सक्सेना, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन संजय मठ, गोविंद सैनी और रोहित राकेश ने किया।

संविधान हत्या दिवस मनाने का निर्णय स्वागत योग्य

बरेली, अमृत विचार : भारतीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी समिति के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र कुमार अटल का कहना है कि आपातकाल को लेकर केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है, जिसका सभी लोकतंत्र रक्षक सेनानी स्वागत करते हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने का निर्णय लिया है। देर से ही सही केंद्र सरकार को आपातकाल के योद्धाओं को सम्मान देने की चिंता कर रही है।

जनसूचना अधिकारियों को दी नए संशोधनों की जानकारी

बरेली, अमृत विचार : आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जन सूचना अधिकारियों को जनसूचना अधिकार अधिनियम में हुए नए संशोधनों के संबंध में जानकारी दी गई। अध्यक्षता करते हुए रिसोर्स पर्सन डॉ. राहुल सिंह ने जनसूचना के तहत आने वाले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। नियमों के तहत मांगी जा रही सूचना तय समय में देने की बात कही गई। आरटीआई अधिनियम में हुए बदलाव और नए नियमों के बारे में भी बताया गया।

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉडयूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

अमृत विचार Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582
डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- घबराहट, छाती में दर्द या भारीपन, सांस फूलना, पैरों में सूजन, हाई ब्लडप्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, डाइबिटीज (शुगर), सीने या पेट में जलन या दर्द, हार्ट अटैक, हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
वी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

सार-संक्षेप

फसलों पर रसायन का संतुलित छिड़काव करें किसान

बरेली, अमृत विचार : कृषि विज्ञान केंद्र भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में समृद्ध किसान उत्सव में जिले के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। किसानों को कई जानकारियां भी साझा की गईं। संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डॉ. केपी सिंह ने किसानों से खेतों में फसलों के ऊपर छिड़के जाने वाले जहरीले रसायन का संतुलित उपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि लगातार रसायनों के प्रयोग से हमारे फूड चेन में विषाक्त बढ़ रही है। संयुक्त निदेशक कृषि राजेश कुमार ने किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, जल संरक्षण और कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रगतिशील किसान अनिल साहनी ने कहा किसान खेती में विविधता लाएं और नई फसलें अवोकेडो, अनार, अंगूर और नींबू की बागवानी भी करें। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. हंसराम मीणा, डॉ. रंजीत सिंह, दुर्गा दत्त शर्मा, सम्मानित होने वाले किसान अनिल साहनी, प्रतीक बजाज, जसोदा, शेर सिंह, नीतू गुप्ता, बद्री प्रसाद, मनोज कुमार, निहाल सिंह आदि मौजूद रहे।

तीन दिवसीय शतरंज शिविर शुरू

बरेली, अमृत विचार : क्रीड़ा भारती की ओर से शुक्रवार को सेक्रेड हार्ट स्कूल संजयनगर में तीन दिवसीय शतरंज शिविर शुरू हुआ। इसमें राष्ट्रीय खिलाड़ी अविनाश शर्मा ने बच्चों को शतरंज की बारीकियां बताईं। उन्होंने बताया कि एक निश्चित उम्र तक राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकार पीसीएस स्तर के अधिकारी की नौकरी देती है। शिविर में कोच अनूप कुमार और दीपक रस्तोगी ने भी बच्चों को शतरंज के बारे में जानकारी दी। शिविर में 60 बच्चों ने भाग लिया।

एंक गूंज ने की बीमार वृद्ध के परिवार की मदद

बरेली, अमृत विचार : एक गूंज संस्था ने शुक्रवार को नैनीताल रोड किनारे झुग्गी में रह रहे बीमार वृद्ध के परिवार को राशन दिया। पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार को पूरा भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर उनकी दोबारा मदद की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह बंटी ठाकुर ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई समाज सेवा नहीं है। रश्मि जोशी, विमलेश सिंह, ईशा कालरा, श्रवण गुप्ता, पारस सिंह आदि मौजूद रहे।

छात्रावास में हवन-पूजन के साथ सत्र शुरू

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के राजकीय महिला छात्रावास में हवन-पूजन के साथ नए सत्र की शुरुआत हुई। छात्रावास के भोजनालय में पूजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. ज्योति पांडेय, डॉ. मीनाक्षी, मीना पांडेय, नीलाक्षी, राखी, वंदना, मृत्तिका, चंद्रप्रभा, वर्षा, प्रिया और अन्य छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के ट्रेनिंग सेंटरों की होगी निगरानी

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत आईटीआई सीबीगंज को स्पेशल स्किल ट्रेनिंग सेंटरों की मॉनिटरिंग का जिम्मा मिला है। नोडल अधिकारी आईटीआई सीबीगंज के प्राचार्य को बनाया गया है। अब तक जिला स्तर पर इस योजना का कोई कॉर्डिनेटर या नोडल अधिकारी नहीं होता था और सीधे एनएसडीसी के माध्यम से संचालित किया जाता था। इसकी वजह सेंटर चलाने वाली संस्थाओं को कई बार समस्याओं का सामना भी करना पड़ता था। अब योजना के तहत 54 नए सेंटरों को टारगेट दिए गए हैं, जिसमें न्यूनतम 30 और अधिकतम 240 युवाओं को सफल ट्रेनिंग दिलानी होगी।

डाक जीवन बीमा कराने वाले ग्रामीण इलाकों में ज्यादा

बरेली, अमृत विचार : जिले में डाक जीवन बीमा को देहात क्षेत्र में लोग अधिक पसंद कर रहे हैं। आंकड़े यही बता रहे हैं। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक 2456 ग्रामीणों ने डाक जीवन बीमा कराया है, जबकि शहरी क्षेत्र में बीमा कराने वालों की संख्या 1600 है। सीनियर पोस्टमास्टर सुमनेश कुमार के अनुसार ग्रामीण डाक जीवन बीमा में अधिक रूचि दिखा रहे हैं। इसमें कम प्रीमियम देने के बाद भी अधिक बोनस का लाभ है।

बरेली कॉलेज: बीबीए, बीकॉम ऑनर्स और बीसीए की पहली मेरिट हुई जारी

बीकॉम ऑनर्स की ओपन कटऑफ 94.16 और बीबीए की 94.124 रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में स्नातक के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुक्रवार को पहली मेरिट जारी कर दी गई। बीकॉम ऑनर्स और बीबीए की ओपन कटऑफ काफी हाई रही है। मेरिट में शामिल छात्रों के शनिवार से प्रवेश शुरू होंगे। वहीं शनिवार को संस्थागत पाठ्यक्रम बीए, बीएससी और बीकॉम की मेरिट जारी कर प्रवेश शुरू हो जाएंगे।

बरेली कॉलेज के बीकॉम ऑनर्स विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियांक मेहरोत्रा ने बताया कि 160 सीटों पर प्रवेश के लिए 340 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। पहली कटऑफ का ओपन मेरिट इंडेक्स 94.16 रहा है। मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को 13 से 15 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा। बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. रोमा सक्सेना ने बताया कि बीसीए प्रथम वर्ष की 160 सीटों के लिए 679 विद्यार्थियों ने आवेदन किए थे। बीबीए विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार यादव ने बताया बीबीए की 264 सीटों के लिए 578 आवेदन आए थे। मुख्य प्रवेश नियंत्रक वंदना शर्मा ने बताया कि बीकॉम ऑनर्स, बीबीए और बीसीए की पहली ओपन मेरिट जारी कर दी गई है। बीसीए की ओपन कटऑफ 80.164 और बीबीए की 94.129-74.732 रही है। मेरिट में शामिल छात्रों को 13 और 14 जुलाई तक प्रवेश लेने होंगे।

- बीए और बीएससी जीव विज्ञान की आज जारी होगी मेरिट

अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में आज जारी होगी मेरिट

रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में भी शनिवार को पहली मेरिट जारी की जाएगी। प्रो. संध्या सक्सेना ने बताया कि छात्राओं के आवेदन के आधार पर स्नातक की मेरिट तैयार की जा रही है। शनिवार को मेरिट जारी होने के बाद प्रवेश शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा जिले के अन्य कॉलेजों में भी स्नातक में प्रवेश शुरू हो गए हैं।

प्रवेश समिति ने नियमावली का किया अनुमोदन

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक हुई। इसमें प्रवेश नियमावली का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा समिति के सदस्यों ने प्रवेश के संबंध में कई महत्वपूर्ण विषय रखे। इस दौरान बताया गया कि छात्र प्रवेश के दौरान जिन विषयों का चयन करते हैं, उनमें परीक्षा के दौरान बदलाव कर देते हैं। परीक्षा फार्म में दूसरे विषय भरने पर दिक्कत होती है। ऐसे में कहा गया कि छात्र प्रवेश के समय जो विषय चयन करेगा, वह लॉक कर दिए जाएंगे और परीक्षा फार्म में भी वह विषय भरने होंगे। कई बार साइबर कैफे से फार्म भरने के दौरान भी गलत विषय भर जाते हैं। इसकी वजह से छात्रों को परीक्षा के दौरान परेशानी होती है। इसके अलावा महाविद्यालय अपने संशाधनों के हिसाब से छात्रों को विषय आवंटित कर सकते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी माइनर विषयों में आती थी। कई छात्र कॉलेज में पाठ्यक्रम न होने पर भी विषय चयन कर लेते थे। इसकी वजह से परीक्षा में दिक्कत होती थी। इसके अलावा यदि गलती से यदि कोई छात्र विषय बदलना चाहता है तो महाविद्यालय की अनुमति के बाद ही विश्वविद्यालय में उसके विषय बदले जाएंगे। बैठक में मुख्य प्रवेश समन्वयक प्रो. एसके पांडेय, कुलसचिव संजीव कुमार, प्रो. एसके वार्ष्णेय, प्रो. वंदना शर्मा आदि मौजूद रहे।

बीकॉम और बीएससी गणित में सीधे होंगे प्रवेश

बरेली कॉलेज में बीकॉम और बीएससी गणित में छात्र सीधे विभाग में जाकर प्रवेश ले सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में सीटों के सापेक्ष या कम ही आवेदन आए हैं। इसके अलावा बीए और बीएससी जीव विज्ञान की पहली मेरिट शनिवार को जारी की जाएगी। इसकी तैयारी कर ली गई है। इन दोनों पाठ्यक्रमों में सीटों से तीन गुना आवेदन आए हैं। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि शनिवार को सभी पाठ्यक्रमों की पहली मेरिट जारी की जाएगी। बीए की 1840 सीटों के लिए 3809, बीएससी गणित की 880 सीटों के लिए 766, बीएससी जीव विज्ञान की 720 सीटों के लिए 2217 और बीकॉम की 1040 सीटों के लिए 1081 आवेदन आए हैं।

बरेली कॉलेज में जल्द शुरू होंगी कक्षाएं

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में स्नातक द्वितीय, तृतीय और परास्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं की कक्षाएं जल्द शुरू हो जाएंगी। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि सोमवार को सभी विभागाध्यक्षों की बैठक की जाएगी। इसके बाद कक्षाओं का शेड्यूल तैयार किया जाएगा।

विद्यालयों में कीचड़ और गंदगी से पढ़ाई प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बारिश के बाद संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ा
- शिक्षक और बच्चों को दिक्कत अफसर बेपरवाह

अमृत विचार : बारिश के बाद तमाम परिषदीय स्कूलों में कीचड़ और गंदगी का अंबार है। इससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बच्चों और शिक्षकों को परेशानी हो रही है। संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। शिक्षकों को अपने खर्चे पर सफाई करानी पड़ रही है।

बारिश रुकने के बाद भी सूफी टोला प्राथमिक स्कूल, किशोर बाजार मॉडल कंपोजिट स्कूल, रहपुरा चौधरी उच्च प्राथमिक स्कूल, हजियापुर प्राथमिक स्कूल आदि में कीचड़ और गंदगी है। ऐसे में स्कूलों तक पहुंचने में बच्चों और शिक्षकों को मशक्कत करनी पड़ रही है। गंदगी से मच्छर जनित रोग का खतरा बढ़ गया है। वहीं, संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्कूलों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाना है।

स्कूलों में नहीं पहुंचते हैं सफाईकर्मी : शहर के स्कूलों में नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर से साफ सफाई की व्यवस्था की जाती है, लेकिन शहर के ज्यादातर स्कूलों में सफाई कर्मी पहुंचते ही नहीं हैं। ऐसे में शिक्षकों को खुद ही सफाई करनी पड़ रही है या अपने खर्च पर सफाई करा रहे हैं।

हजियापुर स्कूल परिसर में जलभराव।

> संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्कूलों में कीटनाशक का छिड़काव कराया जाना है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। -संजय सिंह, बीएसए

सीडीओ ने कंपोजिट विद्यालय और सड़कों का हाल जाना

बरेली, अमृत विचार : सीडीओ जग प्रवेश ने शुक्रवार को गांव धंतिया स्थित कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन वितरण व्यवस्था को देखा और विद्यालय में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने मीरगंज में दिवना और सिंगरा मार्ग का जायजा लिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अफसरों को मार्ग में हुए गड्ढों को भरवाने के निर्देश दिए।

निशानेबाजों ने किया प्री नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई

बरेली, अमृत विचार : दिल्ली में डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में 47 स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शूटिंग रेंज के खिलाड़ियों ने प्री नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।

कोच मिसरयार खान ने बताया कि एमबीए के छात्र कृष्णा मिश्रा ने एनआर यूथ मेन कैटेगरी में 332/400, सम्यक श्रीवास्तव ने सब यूथ जूनियर मेन कैटेगरी में 339/400, कनिष्क यादव ने जूनियर मेन कैटेगरी में 338/400 और आईएसएसएफ सब यूथ, यूथ जूनियर कैटेगरी में रिंकू सिंह ने 561/600 स्कोर किया। कुलपति प्रो. केपी सिंह, क्रीड़ा सचिव प्रो. आलोक श्रीवास्तव, नीरज कुमार, तपन वर्मा, सुधांशु शर्मा, रामप्रीत ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

11970 में सिर्फ 13 शिक्षकों ने ही दर्ज कराई ऑनलाइन उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शिक्षक नेताओं का आरोप- बीईओ ने स्कूलों में जाकर जबरन लगवाई उपस्थिति
- विभिन्न शिक्षक संगठनों ने ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में खोल रखा है मोर्चा

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक संगठनों ने विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। विरोध प्रदर्शन के बीच शुक्रवार को जिले में 11970 में से सिर्फ 13 शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की। शिक्षक नेताओं का आरोप है कि बीईओ ने स्कूलों में जाकर जबरन शिक्षकों से ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करवाई है। हालांकि, छुट्टी के बाद एक भी शिक्षक ने उपस्थिति दर्ज नहीं की।

भदपुरा में 5, नवाबगंज में 4, बहेड़ी, भोजीपुरा, मीरगंज और क्यारा में एक - एक शिक्षक ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की है। वहीं, शेरगढ़, दमखोदा, फतेहगंज पश्चिम ,रामनगर, आलमपुर जाफराबाद, बिथरी चैनपुर, भुता, फरीदपुर और बरेली नगर क्षेत्र में ऑनलाइन उपस्थिति शून्य रही। विभाग ने आठ जुलाई से स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था को लागू किया है।

ऑनलाइन हाजिरी की खराब स्थिति पर महानिदेशक नाराज: जिले में ऑनलाइन उपस्थिति की खराब स्थिति पर महानिदेशक स्कूली शिक्षा ने बीएसए को पत्र भेजकर नाराजगी जताई है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें शनिवार से सभी ब्लॉकों में निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। शिक्षकों के स्कूल में आने जाने के समय पर नजर रखने को कहा गया है। ब्लॉक स्तर पर बने शिक्षक और खंड शिक्षा अधिकारियों के वाट्सएप ग्रुपों में भी बीएसए ने उन्हें तत्काल जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

> जिलेभर के शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध कर रहे हैं। तमाम ब्लॉकों में अधिकारियों ने खुद स्कूल पहुंचकर शिक्षकों से टैबलेट और मोबाइल से उपस्थिति दर्ज करवाई है। विभागीय अफसर ऑनलाइन हाजिरी के लिए शिक्षकों पर दबाव डाल रहे हैं। -मुकेश सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ

> ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शासन की व्यवस्था को हर हाल में लागू कराया जाएगा। इस व्यवस्था को लेकर शिक्षकों को गंभीर होना पड़ेगा। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। -संजय सिंह, बीएसए

यूपी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की ओर से ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने जाते शिक्षक।

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों ने किया धरना- प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कई शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा
- शिक्षक नेता बोले- आदेश लागू करने से पहले संगठनों से नहीं मांगा सुझाव

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में यूपी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ समेत कई संगठनों ने धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया पार्क में विभिन्न शिक्षक संगठनों की अगुवाई में शिक्षक एकत्र हुए। यहां उन्होंने धरना देते हुए ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ आवाज बुलंद की। यूटा के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था को लागू करने से पहले उच्च अधिकारियों को शिक्षक संगठनों से भी सुझाव मांगना चाहिए था लेकिन महानिदेशक ने शिक्षकों की समस्याओं को जाने बिना आठ जुलाई से इसे लागू कर दिया, जिसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने कहा कि शासन स्तर से शिक्षकों की छह सूत्रीय मांगों पर जब तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जाता है, तब तक विरोध जारी रहेगा।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद शर्मा ने कहा कि अन्य विभागों के कर्मचारियों की तरह परिषदीय शिक्षक,अनुदेशकों, शिक्षामित्रों और कर्मचारियों को भी हाफ डे का अवकाश स्वीकृत किया जाए।

विशिष्ट बीटीसी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, राज पाल्याल, सत्येंद्र पाल सिंह, हेमंत कुमार, सुनील कुमार शर्मा, राजेश मिश्रा, महिला शिक्षक संघ की पारुल चंद्रा, रितु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

वनमंत्री और एमएलसी ने महानिदेशक से आदेश पर पुनर्विचार करने को कहा

बरेली, अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध कर रहे शिक्षकों को जनप्रतिनिधियों का भी साथ मिल गया है। वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार और एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को पत्र लिखकर ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश पर पुनर्विचार करने को कहा है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि शिक्षकों की गरिमा और विश्वसनीयता को ध्यान में रखा जाए। ज्यादातर परिषदीय स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, जहां यातायात के पर्याप्त साधन नहीं हैं। ऐसे में शिक्षकों को पहुंचने में कठिनाई होती है।

50 रुपये कोर्ट फीस में औद्योगिक इकाई के लिए आसानी से हो सकेगा भू परिवर्तन

- सर्किल रेट का एक फीसदी शुल्क वसूला जा रहा था अब तक

बरेली, अमृत विचार : कृषि भूमि पर औद्योगिक इकाई लगाने के इच्छुक लोगों को सरकार ने राहत दी है। अभी तक भू उपयोग परिवर्तन में एक फीसदी न्यायालय शुल्क वसूला जा रहा था। अब इसे केवल 50 रुपये कर दिया गया है। स्टांप शुल्क एक फीसदी पहले की तरह लिया जाएगा।इस संबंध में प्रमुख सचिव की ओर से विभाग को आदेश दिया गया है।

उद्योग लगाने के लिए उद्यमी कई बीघा जमीन खरीदते थे। गांव में सड़क किनारे जमीन का रेट ज्यादा और अंदर अपेक्षाकृत कम होता था, जिसकी रजिस्ट्री कराने और फिर भू उपयोग बदलवाने में उद्यमी को एक-एक फीसदी अलग अलग शुल्क देना पड़ता था। इसमें एक फीसदी स्टांप शुल्क और एक फीसदी न्यायालय शुल्क के रूप में देना पड़ता था, जो जमीन की स्थिति के अनुसार लाखों में होता था। अब सरकार ने औद्योगिक वातावरण बनाने के लिए उद्यमियों को न्यायालय शुल्क से राहत दी है। चैंबर्स आफ कामर्स के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल के अनुसार इस नियम से क्षेत्र में उद्योगों का विकास हो सकेगा। उद्यमियों को भी जमीन लेने में लाभ मिल सकेगा।

लघु उद्योग भारती के बृज संभाग के अध्यक्ष एसके सिंह बताते हैं कि सरकार का यह कदम नए उद्योग लगाने के इच्छुक उद्यमियों के लिए राहत भरा है। इससे माइक्रो और लघु उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को ज्यादा फायदा होगा।

दूसरे दिन भी विंडरमेयर में हुआ जसमा ओढ़न का मंचन

बरेली, अमृत विचार : दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को दूसरे दिन भी रंग विनायक रंगमंडल के नए नाटक जसमा ओढ़न का मंचन विंडरमेयर थिएटर में किया गया।आयोजकों के अनुसार नाटक का मंचन 14 जुलाई तक चलेगा। डॉ. बृजेश्वर सिंह के अनुसार जसमा ओढ़न एक पौराणिक कथा पर आधारित है। नाटक में अजय चौहान, हिमांशु गंगवार, आशी, सिद्धी, रिया, समयुन खान, दानिश खान, विजय, शोभित गंगवार, शुभा भट्ट भसीन, मुनीष, अभिषेक, स्पर्श, आयुष आदि ने भूमिकाएं निभाई हैं। लव तोमर स्टेज मैनेजर और कपिल पाल सहायक निर्देशक हैं। अनिल कुमार मिश्रा ने सारंगी, राजेश कुमार पाठक ने हारमोनियम, शैलेंद्र सिंह चौहान ने ढोलक के जरिये कलाकारों का साथ दिया।

समय से नहीं जारी हो पा रहे हैसियत प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सवा दो सौ आवेदन लंबित, 70 समयसीमा निकलने बाद भी जारी नहीं हो पाए
- एक महीने के अंदर प्रमाणपत्र जारी करने का नियम, फिर भी होती है देरी

अमृत विचार : राजस्व विभाग निर्धारित समयसीमा के अंदर हैसियत प्रमाण पत्र जारी नहीं कर पा रहा है। इस कारण आवेदकों को मुश्किलें झेलने के साथ बेवजह दौड़ लगानी पड़ रही है। फिलहाल जिले में सवा दो सौ आवेदन लंबित हैं जिनमें 70 समय सीमा निकल जाने के बावजूद जारी नहीं हो पाए हैं। हाल ही में जिलाधिकारी ने समय पर हैसियत प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया था लेकिन फिर भी व्यवस्था अभी पटरी पर नहीं आई है।

नौकरीपेशा लोगों के साथ शैक्षिक और ठेकेदारी जैसे कामों के लिए लोगों को हैसियत प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ती है। जनसेवा केंद्र से आवेदन करने के बाद एसडीएम की लॉगिन से इसका प्रिंट निकालकर तहसीलदार को दिया जाता है। तहसीलदार हल्के के लेखपाल से आवेदक की हैसियत की जांच कराते हैं। लेखपाल प्रमुख रूप से आवेदक की खसरा खतौनी में रकबा, सर्किल रेट आदि की जांच के साथ उसकी हैसियत तय करता है। लेखपाल की रिपोर्ट एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी के पास पहुंचती है जो प्रमाणपत्र को अंतिम रूप से स्वीकृति देते हैं। इसके बाद ऑनलाइन प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाता है।

नियम है कि आवेदन करने के एक महीने के अंदर हैसियत प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाए लेकिन इसका पालन नहीं हो पा रहा है। विभाग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 223 आवेदन अलग-अलग तहसीलों से आए हैं। इनमें 70 आवेदनों पर समय सीमा निकल जाने के बाद भी प्रमाणपत्र जारी नहीं हो पाए हैं। लेखपालों का कहना है कि जांच प्रक्रिया थोड़ी कठिन होने की वजह से समय लगता है और प्रमाण पत्र जारी करने में देरी हो जाती है। हैसियत प्रमाण पत्र के लिए ज्यादातर आवेदन शहरियों की ओर से किए जाते हैं। तीन साल से यह व्यवस्था ऑनलाइन की गई है, इससे पहले ऑफलाइन थी।

अमान्य होने के बाद भी आरक्षित कोचों में वेटिंग टिकट वालों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अवध असम एक्सप्रेस में सबसे ज्यादा भीड़, परेशानी झेल रहे आरक्षण कराने वाले यात्री

अमृत विचार : वेटिंग और जनरल टिकट के यात्री ट्रेनों के आरक्षित कोचों में सफर कर रहे हैं। इस वजह से आरक्षित कोचों में भीड़ गई है, जिनकी बर्थ कन्फर्म है, उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। चेकिंग स्टाफ की सख्ती के बाद भी हालात नहीं सुधर रहे हैं। शुक्रवार को अवध असम एक्सप्रेस में स्लीपर कोच ठसाठस भरे नजर आए।

इनमें बड़ी संख्या में जनरल के यात्री थे, जिनकी रसीद टीटीई ने बना दी थी, बावजूद वे कोच में थे। महिलाएं स्लीपर कोच के दरवाजों पर बैठकर सफर कर रही थीं। अवध असम एक्सप्रेस की यह स्थिति इसलिए भी है, क्योंकि इसमें स्लीपर कोचों की संख्या महज चार है। जंक्शन पर स्टाफ वेटिंग और जनरल के यात्रियों को आरक्षित कोचों में चढ़ने से रोक नहीं रहा है।

बरेली जंक्शन पर अवध असम एक्सप्रेस में बैठने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा।

ट्रेन के गेट पर बैठे यात्री।

वेटिंग टिकट अमान्य, नया नहीं है नियम

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह के अनुसार वेटिंग टिकट आरक्षित कोच में पूर्व से ही मान्य नहीं है। फिर चाहें वेटिंग का टिकट विंडो से ही क्यों न खरीदा हो। उन्होंने बताया कि विंडो से खरीदे गए वेटिंग टिकट के साथ जनरल कोच में सफर किया जा सकता है, लेकिन ऑनलाइन कराया गया वेटिंग टिकट पूरी तरह अमान्य है, क्योंकि इसका पैसा टिकट कराने वाले व्यक्ति के खाते में स्वत: चला जाता है।

स्टाफ की कमी के कारण भी दिक्कत

वाणिज्य विभाग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक नए निर्देशों के बावजूद ट्रेनों में भीड़ की इस स्थिति की असल वजह स्टाफ की कमी है। यहां मुख्य टिकट निरीक्षक कार्यालय में 175 कर्मियों का स्टाफ होना चाहिए, लेकिन संख्या महज 78 है।

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग

[COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475

9411221895

7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी

गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली

भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली

Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी

क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायं 7:00 से 8:00 बजे तक

रविवार

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायंकाल अवकाश

न्यूजीलैंड में नौकरी लगाने के बहाने 80 लाख रुपये की ठगी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीन आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इज्जतनगर निवासी कोचिंग संचालक और उसके साथियों का न्यूजीलैंड का वीजा बनवाने के बहाने गोंडा के तीन भाइयों ने 80 लाख रुपये ठग लिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बन्नूवाल नगर निवासी अजीत छावड़ा ने बताया कि गोंडा के दुंदापुर तरबगंज निवासी लालजी जायसवाल, उसके भाई घनश्याम, रामजी और श्यामजी से उनकी जान पहचान थी। उन्होंने न्यूजीलैंड में नौकरी करने और रुपये कमाने की चाह में अपना और साथियों का वीजा बनवाने के लिए लालजी और उसके भाइयों पर भरोसा कर लिया। उन्होंने लालजी के खाते में यूपीआई, आरटीजीएस और नकद 80 लाख रुपये दिए। इसके बाद जब वीजा बनवाने की बात कही तो आरोपी टालमटोल करने लगे। बताया कि जब आरोपी बरेली आए तो उनके ठहरने की व्यवस्था स्टेशन रोड स्थित एक होटल में की थी। उसमें आरोपियों की आईडी लगी है। इतनी धनराशि डूबने से वह अवसाद में है। पीड़ित ने बताया कि घनश्याम स्वयं को पत्रकार बताता है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सेना के हवलदार से 69 हजार रुपये ठगे

बरेली, अमृत विचार : सेना के हवलदार से साइबर ठगों ने यूनो एप्लीकेशन एप एक्टिवेट कराने के बहाने 69 हजार रुपये ठग लिए। कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कैंट में फीफा लाइन क्वार्टर निवासी हवलदार अभिषेक कुमार ने बताया कि 8 जुलाई को वह अपना यूनो एप्लीकेशन एप एक्टिवेट कर रहे थे। यूनो के हेल्पलाइन नंबर पर बात करने वाले ने बताया कि वह अपने सीनियर अधिकारी से बात करा रहा है। सीनियर अधिकारी ने बताया कि आप कस्टमर एप डाउनलोड करो। उसके बाद उसने प्रक्रिया पूरी कराई। इसके बाद उनके खाते से दो बार में 69 हजार रुपये कट गए।

दहेज में बुलेट न मिलने पर निकाह से किया इन्कार

सीबीगंज, अमृत विचार : दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर युवक ने निकाह से इन्कार कर दिया। युवती की मां ने युवक समेत उसके परिजनों के चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव मथुरापुर निवासी महिला के मुताबिक उन्होंने बेटी का निकाह 18 महीने पहले जादोपुर निवासी तस्लीम से तय किया था। मंगनी की रस्म भी पूरी हो गई थी। जिसमें एक लाख रुपये नकद और 60 हजार रुपये का सामान दिया था। इसके बाद निकाह की तारीख के लिए कहा तो तस्लीम की मां हसीन बानो टाल मटोल करती रहीं। थाने में कई बार पंचायत हुई। एक बार पंचायत में तस्लीम के चाचा आरिफ, तहेरे भाई आसिफ और मां हसीन बानो ने कहा कि दो लाख रुपये और बुलेट मिलने पर ही निकाह करेंगे।

पूर्व शिक्षिका की जमीन पर कब्जा करने के लिए चलाया बुलडोजर

- नौ बार शिकायत के बाद भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई
- जिलाधिकारी के आदेश पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र में पूर्व शिक्षिका की जमीन पर दीवार को दबंगों ने बुलडोजर से तोड़ दिया और सामान रखकर कब्जे की कोशिश की। शिक्षिका ने पुलिस से नौ बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर उन्होंने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की। जिलाधिकारी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रहपुरा चौधरी निवासी निदा खान ने बताया कि उनकी जमीन पर भूमाफिया कब्जा करना चाहते हैं। आरोपियों ने 19 अप्रैल को बुलडोजर चलाकर उनकी दीवार तोड़ दी। आरोप है कि उन्होंने मामले की नौ बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यूपी 112 पर पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने सेटिंग कर गलत निस्तारण करा दिया। अब बदमाशों को भेजकर डराया धमकाया जा रहा है। पुलिस ने राजेन्द्रनगर निवासी विट्टन अली, मठलक्ष्मीपुर के मुकेश तिवारी और रहपुरा के लाल खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इनमें से मुकेश तिवारी पुलिस का मुखबिर बताया जाता है।

पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर अवैध कब्जे के लिए इज्जतनगर पुलिस का खेल पहले ही सामने आ चुका है। पुलिस की शह पर ही बदमाश बुलडोजर लेकर प्लॉट पर कब्जा करने पहुंचे थे और विरोध पर सौ राउंड फायर किए थे।

पांच माह से लापता आईटीबीपी के हवलदार का नहीं लगा सुराग

- हवलदार की पत्नी ने थाना कैंट में दर्ज कराई रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की थर्ड बटालियन में हवलदार पैनियर राजवीर सिंह ड्यूटी से 10 फरवरी से गायब है। हवलदार की पत्नी ने थाना कैंट में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पत्नी का कहना है कि विभाग पति को भगोड़ा घोषित करने की तैयारी में है।

संभल जिले के थाना असमौली के गांव गुमसानी निवासी विनीता ने बताया कि 11 फरवरी को आईटीबीपी बुखारा से फोन आया कि 10 फरवरी शाम 5 बजे से राजवीर गायब हैं। परिवार के लोग जब बरेली पहुंचे तो आईटीबीपी के अधिकारियों ने थाना कैंट में गुमशुदगी दर्ज करा दी। विनीता ने कैंट पुलिस से पति को तलाश करने की मांग की है। विनीता ने बताया कि 10 फरवरी को राजवीर ने बेटे अमन से 12.55 बजे फोन पर बात की थी। विनीता ने बताया कि 9 जनवरी को राजवीर सिंह अपने बड़े भाई अमर सिंह के घर पर रात आठ बजे पहुंचे थे। उनके पहुंचने के कुछ समय बाद विभागीय अधिकारियों का फोन आया था तब राजवीर ने अपने बड़े भाई अमर सिंह के सामने बात की थी। अधिकारी की किसी बात पर राजवीर ने उत्तर दिया था कि सर मैं नहीं आ रहा वह मुझे मारेंगे। काफी समझाने पर राजवीर जाने को तैयार हुए। 6 फरवरी को राजवीर को उनके बेटा अमन, पत्नी विनीता, बड़े भाई पूरनमल आईटीबीपी छोड़कर गए थे लेकिन पांच दिन बाद ही राजवीर अचानक गायब हो गए।

एसएसपी के आदेश पर दो महीने बाद दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

सीबीगंज, अमृत विचार : थाना सीबीगंज पुलिस ने दो महीने तक चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की तो पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की।

गांव लटूरी निवासी सलीम के मुताबिक 19 अप्रैल की रात में मकान के पीछे से दीवार में नकब लगाकर चोरों ने अलमारी में रखे पांच तोला सोने के आभूषण, चांदी के आभूषण समेत 15 हजार रुपये चोरी कर लिए थे। सुबह चोरी का पता चलने पर थाने में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उन्हें पता चला कि उनके मकान में गांव के ही शाहिद, भोजीपुरा के आसपुर गांव निवासी हरनाम, सचिन और लुक्का ने चोरी की है।

एसडीओ को धमकी देने के आरोप में पत्नी, सास और ससुर तलब

- कोर्ट ने सुनवाई के लिए 9 अगस्त की तिथि निर्धारित की

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बिजली विभाग के एसडीओ विशाल गौतम को धमकी देने के मामले में सीजेएम कोर्ट ने मथुरा औरंगाबाद इन्दुपुरम निवासी उनकी पत्नी कनिष्का, ससुर चरन सिंह, सास पुष्पा सिंह समेत तीन को तलब किया है। कोर्ट ने सुनवाई को 9 अगस्त की तिथि नियत की है।

कोतवाली रामपुर बाग हाइडिल कॉलोनी निवासी विशाल गौतम ने अपने वकील गौरव सिंह राठौर के जरिए अदालत में परिवाद दायर किया कि उन्होंने अपनी शादी के लिए शादी डॉट कॉम पर रजिस्ट्रेशन करवाया था। मथुरा निवासी कनिष्का सिंह ने संपर्क किया तो उन्होंने दहेज रहित विवाह की शर्त रखी थी। कनिष्का के माता-पिता को दो चेक के साथ नो डाउरी सर्टिफिकेट भी भिजवाया था। 8 दिसंबर 2022 को उनका विवाह हुआ था। शादी के बाद जब पत्नी की गलत हरकतों के बारे में पता चला तो उसे समझाया। सास-ससुर षडयंत्र के तहत उनके खाते में पैसे भेजते थे ताकि दहेज का आधार बनाकर फंसा सकें। जानकारी होते ही भेजी रकम को वह वापस कर देते थे। 8 नवंबर 2023 को वह ट्रेनिंग के लिए नोएडा हॉस्टल में थे तो कनिष्का एक अन्य महिला के साथ कमरे में घुस आयी और उनके परिजनों को रकम न देने पर फर्जी मुकदमे में फंसा देने की धमकी देकर गयी।

पिता पर अधेड़ से युवती की शादी कराने की कोशिश का आरोप

बरेली, अमृत विचार : थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र की एक युवती ने पिता पर पैसे लेकर उसकी शादी अधेड़ से कराने की कोशिश का आरोप लगाया है। जब युवती ने दूसरी जगह शादी कर ली तो पिता ने उसके पति से एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उड़ला जागीर निवासी नाजिया ने बताया कि उसके पिता अफसर खां, अपने दोस्त इलियास, गुड्डू और बबलू के साथ मिलकर किसी अधेड़ से पैसे लेकर उसकी शादी कराना चाहते थे। इसकी वजह से उसने अपनी मर्जी से कलीमउद्दीन से 13 नवंबर 2020 को निकाह कर लिया।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) | श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) | योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) | श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) | डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

REQUIREMENT

आवश्यकता है

1. हॉस्पिटल सुपरवाइजर
2. कम्पाउंडर
3. वार्ड बॉय / वार्ड आया
4. हॉस्टल केयर टेकर महिला
5. कुक पुरुष/ महिला
6. नर्स/आयुर्वेदिक परिचारिका
7. स्टोर इंचार्ज

संपर्क करें

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

सैक्टर-1 राम गंगा नगर योजना, डेहरा रोड, बरेली (उ.प्र.)

फोन नं. 8077808309, 9837357497

समय पर समस्याओं का निस्तारण करने पर पुलिसकर्मी सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : चरित्र, किरायेदारी, कर्मचारी और घरेलू सहायता सत्यापन के लिए 7 जुलाई तक आने वाले आवेदनों का निर्धारित समय सीमा 15 दिन में शत-प्रतिशत निस्तारण करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने सीसीटीएनएस निरीक्षक राजेश कुमार मौर्य और कंप्यूटर ऑपरेटर सतेंद्र शुक्ला को पुरस्कृत किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि जिले में जो भी पुलिस कर्मी अच्छा कार्य करेंगे, उन्हें इनाम दिया जाएगा।

पैसे न मिलने पर दबंगों ने युवक का किया अपहरण

बरेली, अमृत विचार : लेनदेन के विवाद में दबंगों ने युवक का अपहरण कर लिया। पत्नी की शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मॉडल टॉउन निवासी राखी अग्रवाल ने बताया कि उनके पति सचिन अग्रवाल का झांसी निवासी गुरजीत सिंह और मध्यप्रदेश के ग्वालियर निवासी बबलू से लेनदेन का विवाद है। 10 जुलाई को शाम साढ़े पांच बजे उनके पति सचिन घर के बाहर बैठे थे, तभी गुरजीत सिंह के साथ दो गाड़ियों पर कई लोग आए और जबरन सचिन को उठाकर ले गए। आरोपियों ने सचिन का मोबाइल फोन भी बंद करा दिया। इस वजह से कई घंटे तक उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया। रात साढ़े दस बजे सचिन से बात हुई तो बताया कि गुरजीत सिंह उन्हें जबरन ग्वालियर उठा लाए हैं। आरोपी उनसे 1.55 लाख रुपये मांग रहे हैं। आरोपियों का कहना है कि इतनी रकम मिलने के बाद ही छोड़ेंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रिश्वत लेने वाले पेशकार को जमानत नहीं

विधि संवाददाता, बरेली : रिश्वत लेने के आरोपी बदायूं की दातागंज तहसीलदार कोर्ट के पेशकार राजीव शर्मा की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सौरभ तिवारी ने बताया कि शिकायतकर्ता बदायूं दातागंज निवासी नंद किशोर ने थाना एसीओ में 22 जून को तहरीर देकर बताया था कि उनके पिता ने 2 जून 2023 को उनके हक में रजिस्टर्ड वसीयत कराई थी। 30 अगस्त 2023 को पिता की मौत के बाद तहसीलदार बदायूं कोर्ट में दाखिल खारिज को अर्जी दी थी। जब उन्होंने अपने मुकदमे के निस्तारण के लिए पेशकार से कहा तो उन्होंने पांच हजार रुपये की रिश्वत मांगी। 25 जून को ट्रैप टीम ने पेशकार को रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़ा था।

लेखपाल की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली : रिश्वत लेने के आरोपी बिजनौर के लेखपाल डेविड कुमार की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी। सरकारी वकील पंकज कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता मो. आसिफ ने थाना एसीओ मुरादाबाद में तहरीर देकर बताया था कि ग्राम अकबरपुर में कुछ जमीन अपने नाम से 27 फरवरी 2023 में खरीदी है और दाखिल खारिज हो गया है। 6 जून को हल्का लेखपाल डेविड कुमार से मिला तो नकल के बदले में तीन हजार रुपये की रिश्वत मांगी। ट्रैप टीम ने 14 जून को तहसील में ही आरोपी को दबोचा था।

VARUN ARJUN UNIVERSITY

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY & PARAMEDICAL

PCI & State Medical Faculty Approved

D.Pharm/B.Pharm

(Now seats are available for direct admission)

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

Diploma in X-ray Technician — Now seats are available for direct admission-Eligibility 10+2 PCM

Diploma in Lab Technician (DMLT) — Now seats are available for direct admission-Eligibility 10+2 PCM

We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry & in Paramedical, healthcare assistant, laboratory analysts research assistants, medical technician, Radiology technologists, imaging technician, Diagnostic centres & research institutions. We prepare our students for various competitions like exit Exams. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.

Direct Admission Open

Session 2024-25

100% Placement

Admission Helpline:7521001993

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

Address : NH-30, Banthra, Shahjahanpur (U.P.)

बेटे ने साथियों के साथ पिता पर किया हमला

बरेली/सीबीगंज, अमृत विचार : थाना सीबीगंज क्षेत्र में संपत्ति से बेदखल करने से नाराज बेटे ने साथियों के साथ मिलकर पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। उसने मकान पर कब्जा करने की कोशिश की और 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव गोविंदापुर के रहने वाले रऊफ खां ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2021 में अपने बड़े बेटे अब्दुल कादिर और पुत्रवधू परवीन से संबंध खत्म कर संपत्ति से बेदखल कर दिया था। आरोप है कि कुछ दिन पहले उनके बेटे और पुत्रवधू ने 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। उनका बेटा बिधौलिया निवासी नईम खां, रिजवान खां, इरफान, अजीम खां, हफीज खां और मकीना के साथ आए और मकान पर कब्जे की कोशिश की।

नालों पर कब्जे से गलियों में भरा पानी, घरों से निकलना मुश्किल

कस्बों में भी नालों पर अतिक्रमण से बुरा हाल, घरों में पानी भरने की शिकायत पर जेसीबी लेकर कब्जे हटवाने दौड़े अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: जिम्मेदारों की लापरवाही से नालों पर हुए कब्जे से कस्बे से लेकर देहात तक जलभराव से लोग परेशान हुए। बरेली कैंट, फरीदपुर, फतेहगंज पश्चिमी, देवरनियां समेत कई स्थानों पर नालों पर कब्जे से जलभराव की समस्या सामने आई। शिकायत के बाद जागे जिम्मेदार समाधान के लिए हाथ पैर चलाने लगे।

फतेहगंज पश्चिमी में जलभराव के बाद नाले की सफाई कराते चेयरमैन प्रतिनिधि।

फतेहगंज पश्चिमी : नाला सफाई के बाद भी जलकुंभी की वजह से नहीं मिली मुक्ति

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : कस्बे से लगे हुए बसीट नाला में कुछ लोगों ने कब्जा करने के लिए मिट्टी डालकर पानी की निकासी बंद कर दी थी। गुरुवार रात हुई बारिश से मोहल्ला माली और नोगंवा के घरों में पानी घुस गया। कस्बे से उनासी चिटोली मार्ग पर दो फुट तक पानी चलने लगा आवागमन बाधित हो गया। पास में ही रेड रोज पब्लिक स्कूल के बच्चे लौटकर घर जाने लगे। जिसकी शिकायत मोहल्ले वालों ने शुक्रवार की सुबह नगर पंचायत में की थी। जिस पर चेयरमैन प्रतिनिधि हारून चौधरी ने जेसीबी मंगाकर बसीट नाले से मिट्टी हटाकर पानी की निकासी कराई ,लेकिन गंदगी और जलकुंभी वजह से पानी सुचारू रूप से नहीं निकल पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक बार पूरे नाले की तली झाड़ सफाई हो जाए तो पानी घरों में नहीं भरेगा।

चुपकिया गांव में पांच दिन से मुख्य रास्ते पर भरा पानी

देवरनियां, अमृत विचार : बरेली-नैनीताल हाईवे से चार किमी अंदर इटौआ- कनमन रोड पर स्थित गांव चुपकिया के मुख्य रास्ते पर पांच दिन से पानी भरा है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से कनमन तक आने - जाने के लिए एक ही मुख्य रास्ता है, जिस पर पानी भरा है। सबसे ज्यादा परेशानी कनमन, इटौआ में पढ़ने वाले बच्चों को हो रही है, वह स्कूल नहीं जा पा रहे है। ग्रामीण किशन सिंह, भूपेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह, अजय पाल सिंह, मुकुल सिंह, जिवेन्द्र सिंह समेत अन्य ने बताया कि समस्या से अफसरों को अवगत कराने के बाद भी तहसील से कोई नहीं आया है। ग्रामीण अब अपनी पीड़ा मुख्यमंत्री को पोर्टल के माध्यम से सुनाएंगे।

जलभराव से भुता में घरों से निकलना मुश्किल

भुता, अमृत विचार : मानसूनी बारिश से गांव में जल भराव की स्थिति बनी हुई है, सड़कों पर पानी भरने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया, हादसे से बचाने अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। जलभराव से सरकारी विद्यालय की चार माह पहले बनी दीवार भी ढह गई है। दीवार के साथ-साथ विद्यालय का रसोईघर,बाथरूम भी गिरकर ध्वस्त हो गया है गांव में बरसात के पानी के निकास के लिए उचित व्यवस्था न होने के कारण गांव में जल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ काफी आक्रोश है, इसकी शिकायत एसडीएम फरीदपुर से करके शीघ्र ही पानी के निकास की व्यवस्था ठीक कराने की मांग की है। ग्रामीण छोटेलाल ने बताया बरसात के भरे पानी के कारण मच्छरों की समस्या काफी बढ़ गई , जिसके कारण बीमारी फैलने का भी भय बना हुआ है। इसी तरह चंद्रपाल ने बताया गांव में पानी के निकास के लिए उचित व्यवस्था नहीं है, गांव के तालाब में अधिक पानी होने के कारण लोगों के घरों में भी पानी घुस रहा है। केदार का कहना है कि गांव में जल भराव की स्थिति बनी हुई है जिसके कारण हम अपने बच्चों को स्कूल भी नहीं भेज पा रहे हैं।

रिछा में नालों की सफाई के लिए राइस मिल एसोसिएशन एसडीएम से मिला

देवरनियां, अमृत विचार : बारिश से रिछा और इंडस्ट्रियल एरिया को जलभराव से बचाने के लिए राइस मिल एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को एसडीएम से मिला और उन्हें ज्ञापन देकर नालों की सफाई कराने की मांग की। रिछा राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ के नेतृत्व में एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि पांच दिन पहले बारिश और डैम से छोड़े गए पानी से पूरा रिछा इंडस्ट्रियल एरिया और कस्बे में जलभराव हो गया। इससे राइस मिलों में चावल भींगने से करोड़ों का नुकसान हुआ है। ज्ञापन में इंडस्ट्रियल एरिया में किसानों की ओर से पाटी गई गुलों को कब्जा मुक्त करने, मदरसा फैजुल रसूल के पास मुख्य नाले, रिछा-जहानाबाद रोड की दोनों साइड नगर पंचायत की सीमा तक, दिजौड़ा नगर गेट से श्मशानघाट तक, बीएसएनएल टावर से नूरी राइस मिल तक,वार्ड एक और दो के अलावा मोहल्ला गौह लालनगर तक नालों की सफाई कराने की मांग की गई है। राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष ने बताया कि एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने नालों की सफाई का भरोसा दिया है।

भोजीपुरा में नाले की सफाई कराने पहुंचे युवक और जेसीबी चालक से मारपीट

भोजीपुरा, अमृत विचार : गांव दोहना पीतमराय में बंद नाले को खोले जाने को लेकर कुछ लोगों ने विरोध किया। जेसीबी लेकर नाला खोदने गए एक युवक और जेसीबी चालक की पिटाई कर दी। बारिश से गांव में जल निकासी की समस्याहो गई। रेलवे की भूमि में बने नाले को गुरुवार को रेलवे के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट ने जेसीबी लगाकर कब्जा मुक्त कराकर नाले की खुदाई करवा दी थी। लेकिन रेल विभाग के अतिरिक्त सरकारी जमीन पर बने पुलिया के पास बंद नाले को आज ग्रामीण खोलने गए तो गांव के कुछ लोगों ने नाला खोलने का विरोध किया। आरोप है दबंगों ने नाला खुलवाने गए गांव के मनवीर सिंह और जेसीबी चालक की पिटाई कर दी। घायल ने भोजीपुरा थाने में तहरीर देकर बंद नाले को खुलवाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष भोजीपुरा रामरतन सिंह ने बताया कि अभी नाले की खुदाई के काम को रुकवा दिया है। एसडीएम सदर को रिपोर्ट भेजी जाएगी राजस्व विभाग की टीम जांच में जो निर्णय लेगी उसी पर कार्रवाई की जाएगी।

बाढ़ से रसोई गैस की किल्लत शुरू

संवाददाता, आंवला

- शाहजहांपुर प्लांट से नहीं निकल पा रहीं गाड़ियां, उपभोक्ता परेशान

अमृत विचार : बाढ़ के कारण गैस एजेंसियों पर गैस की गाड़ी नहीं पहुंचने से गैस की किल्लत शुरू हो गई है। उपभोक्ता गैस सिलेंडर पाने के लिए दर- दर भटक रहे हैं। एजेंसी संचालक प्लांट से गाड़ी निकलवाने का भरसक प्रयास कर रहे है। परंतु उन्हें सफलता नहीं मिल पा रही है।

रसोई गैस आवश्यक वस्तुओं में शामिल है। नगरवासी पूर्णतया रसोई गैस पर निर्भर हैं। गांवों में आज भी कुछ घरों में चूल्हे का प्रयोग होता है। परंतु बारिश के कारण ईंधन गीला है, इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी रसोई गैस पर निर्भर हो गए हैं। वर्तमान में शादी का सीजन चल रहा है। उसमें भी कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की जरूरत पड़ रही है।

बारिश शुरू होते हुए ही गैस की मांग बढ़ गई। बीते एक माह से गैस एजेंसियों पर तीन दिन बाद प्लांट से की गाड़ी मिल पा रही थी। जिसे एजेंसी संचालक जैसे -तैसे उपभोक्ताओं को संतुष्ट कर पा रहे थे। परंतु बीते तीन दिन से प्लांट से कोई गाड़ी नहीं आई है। जिससे एजेंसियों के गोदाम खाली हैं। उपभोक्ता सिलेंडर लेकर एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। परंतु गैस न होने पर मायूस होकर लौट रहे हैं। नगर के बीएमआर गैस एजेंसी मैनेजर हरिकृष्ण उपाध्याय और अहमद गैस एजेंसी मैनेजर तौफीक अहमद ने बताया कि उनकी एजेंसियों पर शाहजहांपुर प्लांट से आपूर्ति होती है। बाढ़ आने के कारण गाड़ियां प्लांट से नहीं निकल पा रही हैं, इससे दिक्कत है। वह लोग गैस की गाड़ी मंगाने के लिए आवश्यक प्रयास कर रहे हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा की लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

बाइक सवारों ने युवक का छीना आई फोन

आंवला, अमृत विचार : आई फोन से बात करने के दौरान बाइक सवार तीन लोगों ने झपट्टा मारकर छीन लिया। शोर मचाने पर थप्पड़ मारे। लोगों के आने पर फोन फेंक कर भाग गए। नगर के मोहल्ला गौसिया चौक सय्यदान निवासी अमान अली ने बताया शुक्रवार की रात नौ बजे वह टेडेश्वर मंदिर वाली गली में आईफोन से बात कर रहा था। इसी बीच बाइक पर सवार 3 लोग आए और झपट्टा मारकर फोन छीन लिया। शोर मचाने और फोन छीनने का प्रयास करने पर उन लोगों ने उसे थप्पड़ मारे और उसका मुंह दबा दिया। लोगों के आने पर वह लोग फोन फेंककर भाग गए। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

सड़क पार करते समय युवक की ट्रक की टक्कर से मौत

कैंट,मृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कैंट के बारीनगला निवासी नन्हे (22) शराब पीने का आदी था, गुरुवार रात करीब 8 बजे वह बारीनगला भट्टी पर शराब लेने गया था। इसी दौरान सड़क पार करते समय बुखारा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई । हादसे के बाद चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर बभिया चौकी में खड़ा करा दिया है। मृतक नन्हें चार भाइयों में तीसरे नंबर का था, मजदूरी करके जीवन बसर करता था।

दूसरे दिन नदी में पांच सौ मीटर दूर मिला डूबे किशोर का शव

संवाददाता,भमोरा

अमृत विचार : दोस्तों के साथ अरिल नदी में नहाने के दौरान डूबे शिवा का शव शुक्रवार सुबह घटनास्थल से आधा किलोमीटर दूर बने बांध में फंसा मिला, इससे परिवार में कोहराम मच गया।

गुरुवार को शिवा के चचेरे मामा योगेश की बरात जानी थी। शाम 4:00 बजे वह हम उम्र चार रिश्तेदारों के साथ गांव से एक किमी दूर अरिल नदी पर बने रेलवे के पुल से नहाने के लिए छलांग लगा दी, जो गहरे पानी में चला गया। पुलिस और प्रशासन ने रात 11:00 बजे तक गोताखोरों से खोज कराई, लेकिन कोई पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह परिजन पुनः तलाश करने पहुंचे पुल से आधा किमी दूर बने बांध के पास शिवा का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

केकड़ा पकड़ने गया युवक नदी में डूबा

भोजीपुरा, अमृत विचार। केकड़े पकड़ने गया युवक देवरनियां नदी में डूब गया। देर शाम तक स्थानीय गोताखोर तलाश में जुटे थे,लेकिन कोई पता नहीं चला। भोजीपुरा के गांव पीपलसाना चौधरी निवासी नरेंद्र पाल (35) शुक्रवार दोपहर नदी के पास केकड़े पकड़ने गया था। वहां मौजूद बाबूराम ने बताया कि अचानक नरेंद्र का पैर फिसला और नदी डूबने लगा, उसे तैरना नहीं आता था। सूचना पर परिजन और ग्रामीण पहुंचे। गांव के गोताखोरों ने उसे खोजने की कोशिश की, लेकिन पता नहीं चला। दूसरे गांव के गोताखोरों को बुलाया गोताखोरों ने ट्यूब डालकर उसे खोजना शुरू किया। थानाध्यक्ष रामरतन सिंह ने बताया कि लखनऊ से आदेश आने के बाद सरकारी गोताखोर उसे तलाशेंगे। नरेंद्र के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाला है।

गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाएं

संवाददाता, आंवला

- पशुधन मंत्री ने आंवला क्षेत्र की गोशालाओं का किया निरीक्षण
- गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया जोर

अमृत विचार : पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने छह विभागों के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को आंवला विधानसभा क्षेत्र की गोशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को गोबर से कंपोस्ट खाद बनाने और दूध उत्पादन बढ़ाकर गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने गायों का पूजन कर गुड़ चना, केला खिलाया और गायों की सेवा करने वाले सेवादारों को सम्मानित किया। उन्होंने कस्बे की कान्हा गोशाला, खनगांव श्याम, मऊचन्दपुर, अंजनी, राजपुर कलां, भीमपुर आदि गोशालाओं का निरीक्षण किया। गायों को भूसा, हरा चारा, पशु आहार, पानी, प्रकाश, गायों के बैठने के लिए स्वच्छ स्थान आदि की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने कहा गोवंशीय पशुओं के संरक्षण में शिथिलता न बरती जाए।

गोशाला का निरीक्षण करते पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह। • अमृत विचार

गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उपाय बताया। इस मौके पर अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मझगवां यशवंत सिंह, वेद प्रकाश यादव, मित्र पाल सिंह, समाज सेविका गौरी जैन, डीसी मनरेगा, जिला विकास अधिकारी, ईओ आंवला, अपर निदेशक पशुपालन विभाग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्रीय खंड विकास अधिकारी, क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारी आदि मौजूद रहे।

इंटरलॉकिंग पहले कराने की मांग

चेयरमैन सय्यद आबिद अली ने पशुधपन मंत्री धर्मपाल सिंह को दिए पत्र में बताया कि भमोरा-शाहाबाद स्टेट हाईवे का चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग को प्राप्त एस्टीमेट में ढाई किमी इंटरलॉकिंग साइड पटरी कराना हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को हादसे से बचाने इसे पहले कराना चाहिए।

सपा प्रतिनिधिमंडल को आरोपी पक्ष की महिलाओं ने घेरा, हंगामा

संवाददाता, बरेली/कैंट

अमृत विचार : किशोरी की अपहरण के बाद हत्या के मामले में शुक्रवार को परिवार से मिलने पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल का चनेहटी में आरोपी पक्ष की महिलाओं ने घेराव कर लिया। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह से मामले को शांत किया। पुलिस गुरुवार देर रात मुख्य आरोपी शेखर मौर्य को हावड़ा से बरेली लेकर पहुंची। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

चनेहटी निवासी किशोरी की अपहरण के बाद पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में शुक्रवार को सपा के पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिले और मामले की जांच कराकर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल जब बात कर रहा था कि तभी आरोपी परिवार की महिलाओं ने घेराव कर लिया। सीओ सिटी प्रथम पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जा रही है।

पीड़ित परिवार से मिलने चनेहटी पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल। • अमृत विचार

- पुलिस ने मुख्य आरोपी को भेजा जेल, जांच जारी

प्रतिनिधि मंडल के साथ नहीं पहुंचे सांसद : राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सपा का नौ सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल गठित किया गया था। इसमें आंवला सांसद नीरज मौर्य का भी नाम था लेकिन शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल के साथ वह नहीं गए। सपा जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने बताया कि सांसद नीरज मौर्य शाहजहांपुर में बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों का दौरा करने की वजह से मिलने नहीं पहुंच सके। वहीं गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है। प्रतिनिधि मंडल में बहेड़ी विधायक अता उर रहमान, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अगम मौर्य, लखनऊ से आए राज्य कार्यकारिणी सदस्य विजय साहू उर्फ मून, राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा कमल साहू आदि मौजूद रहे।

फर्जी अधिकारी बनकर जांच करने पहुंची युवती

संवाददाता, मीरगंज

- प्रधान से वसूली की कोशिश जिला पंचायत सदस्य के पहुंचने पर मांगी माफी

अमृत विचार : एक युवती खुद को अधिकारी बताकर गांव हुरहुरी पहुंचीं और प्रधान सुधा शाक्य से जांच करने की बात करने लगी। प्रधान के पास युवती कई दिनों से फोन कर जांच करने की बात कह रही थी। युवती ने प्रधान को पंचायत घर में बुलाकर जांच के नाम पर हड़काकर वसूली के लिए दबाव बनाया। जिला पंचायत सदस्य के मौके पर पहुंचने पर वह हड़बड़ा गई। वीडियो बनाने पर युवती रोने लगी,स माफी मांगने पर युवती को छोड़ दिया।

युवती ने शुक्रवार को सचिवालय अधिकारी बताकर हुरहुरी की प्रधान को फोन किया। उसने हड़काते हुए कहा उनकी बहुत शिकायतें मिल रहीं हैं, पंचायत घर पहुंचकर प्रधान को बुला लिया। उसने शिकायतों की जांच कर रिपोर्ट कार्रवाई के लिए ऊपर भेजने की धमकी दी। प्रधान ने जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी को सूचना दी, उन्होंने उस युवती से बात की। जिला पंचायत सदस्य ने एसडीएम को इसकी जानकारी दी, और खुद गांव पहुंच गए। उनके पूछने पर पहले उसने सचिवालय से आने की बात कहीं। बाद में खुद को महिला आयोग का अधिकारी बताया। जिला पंचायत सदस्य के पूछताछ करने पर युवती हड़बड़ा गई। इस बीच एक युवक वीडियो बनाने लगा तो वह चेहरा छिपाकर रोने लगी, वह मास्क भी पहने थी। प्रधान का हाथ पकड़कर वीडियो न बनाने की गुहार लगाने लगी। जिला पंचायत सदस्य ने बताया युवती ने पहले तहसील के एक अधिकारी की ओर से जांच को भेजने की बात कही। उसके बाद वह कभी सचिवालय तो कभी महिला आयोग की अधिकारी होने की बात कहकर वसूली को दबाव बनाने लगी।

सार-संक्षेप

सांसद और विधायक ने लॉ कॉलेज में बांटे मोबाइल

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के एशियन विधि एवं लॉ कॉलेज में डिजीटल शक्ति कार्यक्रम के तहत सांसद छत्रपाल गंगवार और विधायक डॉ.एमपी आर्य ने मोबाइल बांटा। सांसद ने बच्चों को कानून की पढ़ाई के महत्व के बारे में बताया। विधायक भविष्य के अधिवक्ताओं से अपना आदर्श ऊंचा रखने और अपने आपको सस्ता होने से बचाने की सीख दी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष गंगवार ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री आदित्य नाथ की अनेक जन उपयोगी कार्यक्रमों की चर्चा की । इस अवसर पर डायरेक्टर एड. नंद किशोर, मनोज शर्मा प्रधान बुद्ध सेन, पूर्व प्रधान नीलू, प्रोफेसर जामिन अली, प्रोफेसर सोनाली शर्मा, प्रो मिस्बाह, रोहित यादव आदि उपस्थित रहे।

प्रेमिका से मिलने मेरठ से पहुंचा युवक, थाने में हंगामा

बहेड़ी, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद मेरठ निवासी युवक प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। उसे महिला के घर वालों ने पकड़ लिया। दोनों को लेकर थाने पहुंचे जहां काफी देर तक हंगामा होने लगा। महिला पति को छोड़कर प्रेमी के साथ जाने को अड़ गई, प्रेमी भी उसके दोनों बच्चों को अपनाने को तैयार था। काफी समझाने के बाद महिला पति के साथ रहने को तैयार हो गई। घंटे भर से ज्यादा चले ड्रामे के बाद पुलिस ने प्रेमी और महिला के पति पर कार्रवाई कर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जहां से दोनों को घर जाने की छूट मिल गई।

बाइक फिसलकर डिवाइडर से टकराई, तीन घायल

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक फिसल कर डिवाइडर से टकरा गई,जिससे बच्ची सहित भाई- बहन घायल हो गए, पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार शाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरेली से रामपुर की ओर बाइक से एक युवक बहन और भांजी को लेकर जा रहा था। धनेटा बल्लिया के पास रोड पर अचानक बाइक फिसलने से बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक दुर्गेश निवासी गांव लखा थाना शीशगढ़, बहन प्रियंका पत्नी वीरू गांव पचा गोटिया थाना सीबीगंज और भांजी पायल को लेकर जा रहा था, हादसे में तीनों घायल हो गए।

कार-नकदी के लिए विवाहिता से की मारपीट

मीरगंज, अमृत विचार : दहेज में नकदी और कार के लिए ससुरालियों ने विवाहिता से मारपीट की। मीरगंज के मोहल्ला मीरखां बाबर नगर निवासी असगर ने बेटी परवीन की शादी मुशर्रफ उर्फ मुन्ना निवासी पिपरिया शेरगढ़ से की थी। पिता ने शादी में 20 लाख रुपये खर्च किए। शादी के बाद ससुराल वाले मायके से फोर कार एवं 10 लाख रुपये लाने की मांग करने लगे। इन्कार करने पर गत दिनों गाली गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे वह घायल हो गईं। शिकायत करने पर धमकी दी। पुलिस ने परवीन की तहरीर पर आरोपी मुशर्रफ उर्फ मुन्ना, कैसर अली, साहिल नूर, नसीरन मैसर अली निवासी दिवरिया शेरगढ़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

शिविर में दिव्यांग बच्चों को बांटे प्रमाण पत्र

भमोरा, अमृत विचार : भमोरा के आलमपुर जाफराबाद के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे 6 से 14 साल के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शिविर लगा। जिसमें जिला अस्पताल के मेडिकल बोर्ड के डॉक्टरों ने छात्रों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए। शिविर में विभिन्न परिषदीय विद्यालयों से 53 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिनमें 33 बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश भारती मौजूद रहे।

संचारी रोगः छात्रों ने रैली निकालकर किया जागरूक

बिशारतगंज, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय प्रथम के शिक्षक अखिलेश गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार को बच्चों ने कस्बे में संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करने रैली निकाली। छात्रों ने लोगों को संचारी रोगों से बचाव संबंधी जानकारी बैनर पोस्टर से दी। बारिश के मौसम में संचारी रोगों की समस्या बढ़ने लगती है इनसे बचने के लिए मच्छर, मक्खी व अन्य कीड़े मकोड़ों से बचाव ही सबसे बड़ा उपाय है। बीमारियों से बचने के लिए साबुन से हाथ धोने के बाद ही खाना खाए। इस मौके पर एएनएम भावना, अंजलि बिष्ट ,प्रधानाध्यापक कुंवरपाल, रश्मिपाल, सायमा खानम, मेहनाज परवीन, संगीता देवी समेत अन्य रहे।

घर से गई किशोरी लापता, थाने में दी सूचना

रिठौरा, अमृत विचार : रिठौरा के एक मोहल्ले से एक नाबालिग लड़की गुरुवार सुबह घर से शौच करने के लिए गई थी। लेकिन देर तक घर नहीं लौटी ,परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने थाना हाफिजगंज में मामले की लिखित शिकायत की है। खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। बेटी को माता -पिता का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

भारी बारिश से गिरा मकान, बाल-बाल बचा परिवार

क्योलड़िया, अमृत विचार : भारी बारिश से गांव नौगवा भगवंतपुर में कच्चा मकान गुरुवार रात को गिर गया। हादसे के वक्त परिवार के पांच सदस्य घर में सो रहे थे, दीवारों के दरकने की आहट होने पर सभी ने भागकर जान बचाई। मकान मालिक राम शंकर ने बताया कि एक तरफ की दीवार गिरने से छत लटक गई, उसने घरेलू सामान को बाहर निकलवाया। पीड़ित परिवार ने सरकार से पीएम आवास के साथ ही आर्थिक सहायता की मांग की। पीड़ित ने बताया कि मकान गिरने से उसके परिवार के लिए रहने का ठिकाना नहीं बचा।

आरपी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

मीरगंज, अमृत विचार : राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज मीरगंज में बीए प्रथम वर्ष प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुक्रवार से प्रारंभ हो गई। प्राचार्य प्रो . शिव कुमार सिंह ने बताया कि प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले सभी विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट कॉलेज नोटिस बोर्ड पर तिथीवार चस्पा कर दी गई है। प्रवेशार्थी उनके लिए निर्धारित तिथियों पर ही अपने प्रवेश के लिए आएंगे। समस्त प्रवेशार्थी प्रवेश के लिए अपने प्रवेश फार्म और प्रमाण पत्रों के साथ कॉलेज समय पर पहुंचे।

बाइक सवारों से मारपीट कर नकदी और मोबाइल लूटे

आंवला, अमृत विचार : आंवला क्षेत्र में चोर -लुटेरों का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा हैं। गुरुवार रात दावत खाकर घर जा रहे दो बाइक सवारों से मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूट ली गई। पीड़ितों ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दिगोई गांव निवासी अजीत सिंह ने बताया कि वह और शिवा गुरुवार की रात्रि करीब 11 बजे आंवला नगर में दावत खाने आए थे। लौटते समय रास्ते में बदायूं रोड के एक पेट्रोल पंप के समीप तीन अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट कर दोनों के मोबाइल, 11 सौ रुपये छीन लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

श्रीराम जानकी मंदिर में पूजन के बाद प्राण प्रतिष्ठा

बहेड़ी, अमृत विचार : गणेश गेट स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के पहले दिन, शिव परिवार, पंचमुखी हनुमान, श्रीराधा कृष्ण और शनिदेव की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पूजा हुई। आचार्य मृदुल कृष्ण शास्त्री ने विधि विधान से धार्मिक कार्यक्रम कराया। इस दौरान मेला कमेटी के प्रमोद अग्रवाल, विवेक गर्ग, अरुण अग्रवाल, महेश शर्मा, हरीश शर्मा व अवधेश रस्तोगी आदि शामिल रहे। शनिवार को मूर्तियों की नगर भ्रमण शोभायात्रा निकाली जाएगी। रविवार को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

इफको के सुबह महिला क्लब ने बांटी सिलाई मशीनें

आंवला, अमृत विचार : सुबह महिला क्लब की ओर से इफको टाउनशिप के न्यू क्लब में युवतियों को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीन वितरित की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्लब अध्यक्षा सीमापुरी रहीं। उन्होंने क्षेत्र की 25 युवतियों को उपहार स्वरूप सिलाई मशीन दीं, उन्होंने कहा कि महिलाओं और युवतियों को अपनी कार्यकुशलता और मेहनत के बल पर समाज में एक उदाहरण पेश करना चाहिए कि वह किसी भी रुप में पुरुषों से पीछे नहीं है। इफको महिला क्लब सदैव जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ा है। इस दौरान क्लब की राशि शर्मा, रेनू गुप्ता, अंजलि खेतान, ऊषा यादव, शालिनी, पल्लवी भार्गव, ऊषा पांडे, रजनी वरुन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संगीता गुप्ता ने किया। रमेश थापा और राकेश पांडे ने सभी का आभार जताया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम मोहम्मद वसीम उद्दीन था लेकिन अब मैंने अपना नाम बदलकर मोहम्मद वसीम कर लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद वसीम पुत्र मोहम्मद शफी उद्दीन, नि.मो. जालन्धरी सराय, लाल मस्जिद शहर व जिला बदायूं के नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

सूचना

मैं नं. 14903178N रैंक सेवा निवृत्त हवलदार गेंदन लाल पुत्र नेतराम, नि.-ग्राम सिंधौली, थाना मीरगंज, जिला बरेली (उ.प्र.) के सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पुत्रियों का नाम संध्या कुमारी जन्मतिथि 21.01.1991 तथा अनीता जन्मतिथि 28.08.1992 दर्ज है। जबकि सही नाम संध्या रानी जन्मतिथि 04.08.1993 तथा अनीता मौर्य जन्म तिथि 01.05.1994 है। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी दोनों पुत्रियों का सही नाम दर्ज किया जाये।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति मो. आतिफ नवाज निवासी मो. बिहारीपुर थाना कोतवाली तहसील व जिला बरेली मो. 7936644305 द्वारा अगर किसी भी प्रकार का पूर्व में या भविष्य में लेन-देन या व्यापार या कृत्य किसी भी व्यक्ति के साथ किया जाता है कि तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी उन्हीं की होगी। मेरी कोई जिम्मेदारी या वास्ता नहीं होगा। समरीन फात्मा पुत्री स्व. शफीक अहमद पत्नी मो. आतिफ नवाज, निवासी बुखारपुरा, पुराना शहर, थाना बारादरी जिला बरेली। मो. 9557838886

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र जीशान व पुत्र वधू श्रीमती फरजाना को उनके दुर्व्यवहार एवं गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का जिम्मेदार नहीं हूँ। वह अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **फकरे आलम पुत्र अमीर हसन नि. मो. चौधरी कस्बा व परगना व तहसील सहसवान जिला बदायूँ।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र टीटू व उसकी पत्नी क्रान्ती को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **बाबूराम पुत्र स्व. श्री पूरनलाल निवासी ग्राम पीपलसाना चौधरी डा. थाना भोजीपुरा परगना व तहसील व जिला बरेली।**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मानेन रक्ष्यते धान्यमश्चान् रक्षत्यनुक्रमः।
अभीक्ष्णदर्शनं ग्राश्च स्त्रियो रक्ष्याः कुचैलतः॥

अनाज की रक्षा तौल से होती है ,घोड़े की रक्षा उसे लोट -पोट कराते रहने से होती है ,सतत् देखरेख से गायों की रक्षा होती है और सादा वस्त्रों से स्त्रियों की रक्षा होती है।

संपादकीय

ऐतिहासिक फैसला

बीते बुधवार को तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता संबंधी में सर्वोच्च न्यायालय का किया गया फैसला ऐतिहासिक और सामाजिक तानेबाने के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि पूर्व में भी मुस्लिम महिलाओं के गुजारा भत्ते संबंधी विवादों पर अदालतें सहानुभूति पूर्वक विचार कर चुकी हैं। करीब दो वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि तलाक के बाद महिला को पति से गुजारा भत्ता पाने का पूरा हक है। हाल में आए सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक और सभ्य समाज के सभी लोगों ने स्वागत किया है। न्यायालय ने कहा है कि हर महिला को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी धर्म की हो। गौरतलब है कि अभी तक मुस्लिम पर्सनल कानून के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं का गुजारा भत्ता तय होता था। शरीअत कानून के मुताबिक इद्दत की अवधि अर्थात तीन महीने की वह अवधि, जिसमें महिला किसी दूसरे के साथ विवाह नहीं कर सकती, तक ही तलाकशुदा महिला को गुजारा भत्ता दिया जा सकता है। हमारे समाज में आज भी अधिकतर महिलाएं विवाह के बाद पति पर निर्भर हैं। किन्हीं स्थितियों में पति उन्हें छोड़ देता है तो उनका भरण-पोषण मुश्किल हो जाता है। साथ ही जिन महिलाओं पर बच्चों को पालने की भी जिम्मेदारी हो उनका जीवन बहुत ही दुष्कर हो जाता है। बहुत सारी तलाकशुदा मुस्लिम औरतें दुबारा शादी नहीं करतीं, इसलिए केवल इद्दत तक गुजारा भत्ता पाने से उनके जीवन की मुश्किलें दूर नहीं हो पातीं। वहीं जो महिलाएं दूसरा विवाह कर भी लेती हैं, जरूरी नहीं कि उससे उनके बच्चों का उचित तरह से पालन-पोषण हो ही जाए। यहां सवाल यह है कि किसी महिला को केवल धर्म के आधार पर दूसरी महिलाओं से अलग क्यों माना जाना चाहिए?

भारत के नागरिक के तौर पर हर महिला को समान अधिकार मिलना चाहिए। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर भी बल दिया कि गुजारा भत्ता न्यूनतम नहीं, बल्कि पर्याप्त मात्रा का होना चाहिए यानी महिला सही से अपना गुजारा कर सके। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट ने 1986 कानून की नए सिरे से व्याख्या की है। उसने महिला को केवल महिला के रूप में देखा है और उसकी धार्मिक पृष्ठभूमि पर ध्यान देने की बजाय उसकी जरूरतों को प्राथमिकता दी है। साथ ही अदालत ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का विस्तार किया है कि वह चाहे तो सीआरपीसी की धारा-125 के तहत गुजारा भत्ता ले या 1986 कानून के तहत गुजारा भत्ता ले या दोनों के तहत ही अपने अधिकारों को हासिल कर ले। यह लिंग समता की दृष्टि से सराहनीय और स्वागतयोग्य फैसला है।

निराधार है आरक्षण समाप्त करने का विमर्श

डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

इसकी भी अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतः जाति आधारित आरक्षण प्रणाली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण प्रणाली विद्यमान है, वह सही मायनों में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था।

भारत की सदियों पुरानी कर्म आधारित वर्ण व्यवस्था का समापन हुआ और वर्ण व्यवस्था के बदलाव के साथ जो विदेशी आक्रांताओं के भीभत्स नीतियों की वजह से भारतीय संस्कृति में विखंडन के कारण ही भारत में जाति व्यवस्था पनपी वही जाति व्यवस्था देश में आरक्षण प्रणाली की उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार है। सरल शब्दों में कहें तो इसका उद्देश्य जनसंख्या के उस वंचित के उत्थान हेतु व समाज में समान स्थिति को पा सकें इसीलिए कुछ वर्गों के लिए सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों और यहां तक कि संसद व राज्य विधानमंडलों में सीटों तक पहुंच को सुगम बनाया गया है। इन वर्गों को अपनी जातिगत पहचान की वजह से विदेशी आक्रांताओं और समाज के कुछ कट्टर वर्ग के कारण ऐतिहासिक रूप से अन्याय का सामना करना पड़ा। कोटा आधारित सकारात्मक कार्रवाई के रूप में, आरक्षण को सकारात्मक भेदभाव के रूप में भी देखा जा सकता है। भारत में यह भारतीय संविधान द्वारा समर्थित सरकारी नीतियों द्वारा शासित है।

इसकी भी अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतः जाति आधारित आरक्षण प्रणाली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण प्रणाली विद्यमान है, वह सही मायनों में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था। इस निर्णय में मुसलमानों, सिखों, भारतीय ईसाइयों, एंग्लो-इंडियन, यूरोपीय लोगों और दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका का प्रावधान किया गया। लंबी बातचीत के बाद गांधीजी और अंबेडकर ने 'पूना पैक्ट' पर हस्ताक्षर किए, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि एक ही हिंदू निर्वाचन क्षेत्र होगा, जिसमें कुछ आरक्षण होंगे। स्वतंत्रता के बाद शुरू में आरक्षण केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए ही प्रदान किया गया था। मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर 1991 में ओबीसी को आरक्षण के दायरे में शामिल किया गया था। मंडल आयोग संविधान के अनुच्छेद 340 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने दिसंबर 1978 में बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग आयोग की नियुक्ति की। आयोग का गठन भारत के 'सामाजिक और शैक्षणिक रूप

हम कह सकते हैं कि आरक्षण अभी भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है,किंतु इसका लाभ जिसको मिलना चाहिए उसको अवश्य मिले,साथ ही इसको ठीक से लागू करने की आवश्यकता है।

से पिछड़े वर्गों' को परिभाषित करने के मानदंड निर्धारित करने और उन वर्गों की उन्नति के लिए उठाए जाने वाले कदमों की सिफारिश करने के लिए किया गया था। मंडल आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि भारत की जनसंख्या में लगभग 52 प्रतिशत ओबीसी हैं, इसलिए 27 प्रतिशत सरकारी नौकरियां उनके लिए आरक्षित की जानी चाहिए। आयोग ने सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन के ग्यारह संकेतक विकसित किए हैं। हिंदुओं में पिछड़े वर्गों की पहचान करने के अलावा, आयोग ने गैर-हिंदुओं (जैसे-मुस्लिम, सिख, ईसाई और बौद्ध) में भी पिछड़े वर्गों की पहचान की है। इसने 3,743 जातियों की अखिल भारतीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची तथा 2108 जातियों की अधिक वंचित "दलित पिछड़ा वर्ग" सूची तैयार की है।

1992 के इंद्रा साहनी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत कोटा बरकरार रखा,लेकिन उच्च जातियों के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 10 प्रतिशत सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की सरकारी अधिसूचना को रद्द कर दिया। इसी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने इस सिद्धांत को भी बरकरार रखा कि कुल आरक्षण लाभार्थियों की संख्या भारत की जनसंख्या के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस निर्णय के माध्यम से 'क्रीमी लेयर' की अवधारणा को भी बल मिला तथा प्रावधान किया गया कि पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण केवल प्रारंभिक नियुक्तियों तक ही सीमित होना चाहिए तथा पदोन्नति तक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। आरक्षण की आवश्यकता क्यों? देश में पिछड़ी जातियों के साथ हो रहे ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करना। पिछड़े वर्ग के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना,क्योंकि वे उन लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते,जिनके पास सदियों से संसाधनों और साधनों तक पहुंच रही है। राज्य के अधीन सेवाओं में पिछड़े वर्गों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना। पिछड़े वर्गों की उन्नति के लिए योग्यता के आधार पर समानता सुनिश्चित करना अर्थात् योग्यता के आधार पर न्याय करने से पहले सभी लोगों को समान स्तर पर लाया जाना चाहिए।

आरक्षण के विरुद्ध तर्क- राज्य सेवाओं में आरक्षण के कारण सरकारी कर्मचारियों में मतभेद और दुश्मनी पैदा हुई, जिससे कार्यस्थल पर माहौल खराब हुआ। आरक्षण नीति का उद्देश्य जाति को कायम रखना नहीं,बल्कि उसे समाप्त करना था, लेकिन जाति आधारित आरक्षण ने समाज में जाति की धारणा को ही कायम रखा है। आरक्षण की शुरुआत यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों को संसाधनों तक समान पहुंच दी जाए,लेकिन आर्थिक प्रगति के बावजूद वे सामाजिक रूप से वंचित बने हुए हैं। आरक्षण आत्मसम्मान को नष्ट कर देता है, इतना अधिक कि अब सर्वश्रेष्ठ का निर्धारण करने के लिए नहीं,बल्कि सबसे पिछड़े का निर्धारण करने के लिए प्रतिस्पर्धा हो रही है। आरक्षण योग्यतावाद का सबसे बड़ा दुश्मन है,जो कई प्रगतिशील देशों की नींव है। यह वर्गीय निष्ठाओं और आदिम पहचानों का आह्वान करके संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने का एक उपकरण बन गया है। पिछड़ी जातियों के भीतर प्रभावशाली और कुलीन वर्ग ने अपने ही लोगों का आरक्षण का लाभ हड़प लिया है और पिछड़ी जातियों के भीतर सबसे अधिक हाशिए पर पड़े लोग हाशिए पर ही बने हुए हैं। आरक्षण समावेशन के बजाय बहिष्कार का तंत्र बन गया है,क्योंकि कई सामान्य एवं सवर्ण जाति के गरीबों को भी भेदभाव और अन्याय का सामना करना पड़ रहा है,जिससे समाज में निराशा पैदा हो रही है। आरक्षण की बढ़ती मांग के पीछे कारण आरक्षण को अब गलत सोच वाली विकास नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों के समाधान के रूप में देखा जाने लगा है। हरियाणा, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे विकसित राज्यों में उनकी अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद, तीन बातें लोगों को चिंतित कर रही हैं: तीव्र कृषि संकट, रोजगार वृद्धि में स्थिरता और विकास पथ में विकृतियां। इस पृष्ठभूमि में सरकारों के लिए आरक्षण की बात करना, सुधार करने से कहीं अधिक आसान है। सवर्ण जातियों में आरक्षण की बढ़ती मांग भी विशेषाधिकार खोने के डर और बदलाव से निपटने में असमर्थता से उत्पन्न हो रही है। उच्च जातियों के लोग विशेषकर सरकारी नौकरियों के मामले में वंचित महसूस करने लगे हैं,क्योंकि उन्हें पिछड़े वर्गों के समान लाभ नहीं मिलता। आरक्षण का लाभ वंचित जातियों के बहुसंख्यक वंचित बच्चों को मिलना चाहिए, न कि जातिगत टैग वाले कुछ विशेषाधिकार प्राप्त बच्चों को। उच्च पदस्थ अधिकारी परिवारों, उच्च आय वाले पेशेवरों और एक निश्चित आय से ऊपर के अन्य लोगों को विशेष रूप से सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। आरक्षण के माध्यम से प्रत्येक समुदाय के जरूरतमंद व्यक्ति की निष्पक्ष एवं व्यावहारिक तरीके से मदद करना संभव एवं आवश्यक है।

आरक्षण की प्रक्रिया से वास्तविक आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों को छांटकर न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। जमीनी स्तर पर शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव समय की मांग है। आगे बढ़ने का रास्ता-आरक्षण उचित है, क्योंकि यह समाज के दलित और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए उचित सकारात्मक भेदभाव प्रदान करता है, लेकिन जब यह समाज को नुकसान पहुंचाता हो और संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दूसरों की कीमत पर कुछ लोगों को विशेषाधिकार सुनिश्चित करता हो तो इसमें यथाशीघ्र परिवर्तन कर दिया जाना चाहिए। आरक्षण से बाहर रखे गए समुदाय, आरक्षण श्रेणी में शामिल जातियों के प्रति द्वेष और पूर्वाग्रह रखते हैं। जब अधिकतर लोग आगे बढ़ने की बजाय पिछड़ेपन की आकांक्षा रखते हैं तो देश स्वयं स्थिर हो जाता है। पिछड़ों के लिए न्याय, अगड़ों के लिए समानता तथा संपूर्ण व्यवस्था की दक्षता के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति अपरिहार्य है। अतः हम कह सकते हैं कि आरक्षण अभी भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है,किंतु इसका लाभ जिसको मिलना चाहिए उसको अवश्य मिले,साथ ही इसको ठीक से लागू करने की आवश्यकता है। यह संवैधानिक उपबंध है कोई भी सरकार इसको समाप्त करना तो छोड़िए छेड़ भी नहीं सकती है। आरक्षण समाप्त करने का 'विमर्श' निराधार है।

प्रसंगवश

बुद्ध और युद्ध का गले मिलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी रूस यात्रा पूरी कर ली। मोदी वहां पहुंचने पर ही रूस ने यूक्रेन के एक अस्पताल पर गोलाबारी की, जिसमें 29 बच्चे मारे गए। घटना की सभी मानवतावादी शक्तियों ने निंदा की। मोदी ने यह मुद्दा रूसी राष्ट्रपति के सम्मुख उठाया भी और आहत दिखे। आगे चलकर आस्ट्रिया में उन्होंने फिर कहा कि 'हमने संसार को बुद्ध दिए, युद्ध नहीं'। उन्होंने 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद भी रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि 'यह युद्ध का काल नहीं है'। उनकी बात बिल्कुल नहीं मानी गई, रूसी आक्रमण जारी रहे और अब तक दोनों तरफ की कई लाख जाने जा चुकी हैं, जिनमें कुछ भारतीय भी हैं, लेकिन उन्होंने इस दौरे में पुतिन को गले लगाया और यह फोटो बहु प्रचारित हुई तथा आलोचना की विषय बनी।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अमेरिका व पश्चिम ने तो कटुता दिखाई ही,वहां के प्रेस ने भी मोदी को कटघरे में खड़ा किया। चीन के मुखपत्र "ग्लोबल टाइम्स" ने भी चटखारे लिए। फिर भी मोदी न केवल गले मिले,बल्कि उन्होंने रूस का सर्वोच्च सम्मान भी ग्रहण कर लिया,जो चीनी राष्ट्रपति को पहले ही मिल चुका है। अजरबैजान और कजाकिस्तान के राष्ट्र प्रमुख भी इससे पहले ही नवाजे जा चुके हैं। मालूम हो कि हमारे प्रबल शत्रु चीन से रूस की 'असीमित' मित्रता है, ऐसा दोनों राष्ट्र घोषित कर चुके हैं। 1962 में भारत पर चीनी आक्रमण के समय रूस के सरकारी अखबारों ने चीन को 'भाई' और भारत को सिर्फ 'दोस्त' बताया था। यानी चीन के मुकाबले रूस भारत के पक्ष में कभी नहीं खड़ा होगा।

बहरहाल अपने को बुद्ध देने वाला कहकर युद्धप्रेमी पुतिन को गले लगाने पर गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई याद आ गई, "दोउ न होइं इक संग भुवालू। हंसब ठठाइ फुलावब गालू"।। क्या अब जब कि रूस भारत की शांति अपील नहीं मान रहा और न सिर्फ युद्ध जारी है,बल्कि नागरिक हत्याएं भी की जा रही हैं,तब भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस की पक्षधरता करने की अपनी नीति बदलेगा?

पहले जीवित कंप्यूटर का सृजन

स्विट्जरलैंड के वैज्ञानिकों ने विश्व के पहले जीवित कंप्यूटर का सृजन किया है। यह मानव के मस्तिष्क के ऊतकों से बनाया गया है,लेकिन यह ऊतक मानव के मस्तिष्क से नहीं लिए गए हैं वरन इन्हें प्रयोगशाला में बनाया गया है। इस कंप्यूटर में 16 अंगक हैं। यह अंगक प्रयोगशाला में विकसित की गई मस्तिष्क की कोशिकाओं- अर्थात् न्यूरॉन्स का समूह हैं। मस्तिष्क की कोशिकाओं के यह समूह आपस में सूचनाओं का आदान-प्रदान उसी प्रकार करते हैं जैसे एक कंप्यूटर में कंप्यूटर चिप्स करती हैं। ये न्यूरॉन्स दूसरे न्यूरॉन्स को संदेश भेजते और प्राप्त करते हैं और कंप्यूटर सर्किट्स बनाते हैं।

यह जीवित कंप्यूटर अभी प्रयुक्त होने वाले मशीनी कंप्यूटर के मुकाबले 10 लाख गुना कम ऊर्जा खर्च करता है। इस दुनिया के सबसे अच्छे कंप्यूटरों में से एक-हैवलेट पैकार्ड एंटरप्राइजेज फ्रंटियर का कंप्यूटर-जिस गति से कार्य करता है और जितनी मैमोरी रखता है, नया विकसित जीवित कंप्यूटर उसी गति से काम करता है और उससे 1000 गुना अधिक मेमोरी रखता है। यह केवल 10 से 20 वाट ऊर्जा खर्च करता है,जबकि मशीनी कंप्यूटर 21 मेगावाट अर्थात् 2 करोड़ 10 लाख वाट ऊर्जा खर्च करता है। यह कंप्यूटर फाइनल स्पार्क कंपनी द्वारा विकसित किया गया है। यह कंपनी बायोलॉजिकल न्यूरल नेटवर्क विकसित करने का कार्य करती है। इस कंपनी के सह सीईओ डॉक्टर फ्रेड जॉर्डन ने एक समाचार पत्र को बताया कि ये बातें अभी तक विज्ञान कथाओं में मिलती थीं,जो अब एक सच्चाई है। यह जीवित कंप्यूटर एक कृत्रिम मस्तिष्क ही होता है। इसके अंगक छोटे-छोटे,स्वयं को व्यवस्थित करने की क्षमता रखने वाले,'टिशू कल्चर्स' होते हैं,जो

डॉ.राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

इस नए जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर का नाम ब्रेनोवेयर है। यह जीवित कंप्यूटर तारों और मानव-मस्तिष्क का संगम होता है,जो प्रयोगशाला में बनाया जाता है और काम करता है।

'स्टेम सेल्स' से बनाए जाते हैं। स्टेम सेल्स भ्रूण की वह कोशिकाएं होती हैं,जो किसी भी प्रकार की कोशिकाओं में विकसित हो सकती हैं। इन ही से एक भ्रूण के शरीर के सभी अंगों की कोशिकाएं बनती हैं। इन स्टेम सेल्स का चिकित्सा विज्ञान में बहुत महत्व है। इनसे हम विभिन्न प्रकार के अंग बना सकते हैं और उन्हें मनुष्यों में लगा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इन स्टेम सेल्स को लेकर उन्हें लगभग एक महीने तक संवर्धित किया और उन्हें न्यूरॉन्स के रूप में विकसित कर लिया। अभी प्रयोगशाला में बनाए गए ये छोटे-छोटे मस्तिष्क लगभग 10,000 जीवित न्यूरॉन्स से बने हुए हैं। इन अंगकों अर्थात् जीवित कंप्यूटर को डोपामीन दवा की खुराक देकर प्रशिक्षित किया जाता है। जब ये कोई कार्य अच्छी प्रकार से कर लेते हैं तो इन्हें डोपामीन की खुराक दी जाती है। डोपामीन वह हॉरमोन है,जिससे हमारा मस्तिष्क प्रसन्नता का अनुभव करता है। प्रयोगशाला में उन न्यूरॉन्स को डोपामीन देने पर वह खुशी का अनुभव करते हैं और वह यह समझ जाते हैं कि उन्हें यह अच्छा कार्य करने का पारितोषिक दिया गया है। यह वैसा ही है जैसा किसी पशु को प्रशिक्षण देते समय अच्छा कार्य करने पर उसे पारितोषिक के रूप में भोजन दिया जाता है अथवा उसका स्वामी उसे दुलारता है। यह डोपामीन बाहर से नहीं दिया जाता है,बल्कि उस कृत्रिम मस्तिष्क के अंगकों के विशेष भागों पर प्रकाश डाला जाता है। इससे वह न्यूरॉन्स उद्दीपित होकर डोपामीन का स्राव करते हैं। मानव के मस्तिष्क में भी ऐसा ही होता है। कुछ उद्दीपनों और भावनाओं से उद्दीपित होकर मानव का मस्तिष्क डोपामीन अर्थात् हैप्पी हार्मोन स्रावित करता है और मनुष्य अर्थात् मनुष्य का मस्तिष्क प्रसन्नता का अनुभव करता है। इन छोटे-छोटे मस्तिष्कों में से हर मस्तिष्क आठ इलेक्ट्रोड्स से घिरा होता है,जो इन मस्तिष्कों की एक्टिविटी को नापते हैं। इसके न्यूरॉन्स के डेन्ड्राइट्स के परस्पर जोड़ अर्थात् साइनेप्सेज में अंतर आता जाता है। ठीक यही कार्य हमारे मस्तिष्क में भी होता है। हमारे कोई नई बात सीखने अथवा याद रखने में हमारे मस्तिष्क के इन साइनेप्सेज में अंतर आता है। हम इसी विधि से कोई बात याद रखते हैं, कोई बात सीखते हैं। यह क्षमता परंपरागत कंप्यूटर्स में नहीं होती है। इसे 'वेटवेयर' कहते हैं अर्थात् सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का संगम।

इस नए जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर का नाम ब्रेनोवेयर है। यह जीवित कंप्यूटर तारों और मानव-मस्तिष्क का संगम होता है,जो प्रयोगशाला में बनाया जाता है और काम करता है। इससे डाटा भेजे और प्राप्त किए जा सकते हैं, गणनाएं की जा सकती हैं और डाटा को मेमोरी में स्टोर किया जा सकता है। इस जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर को एक सूक्ष्म तरल कोष्ठ में रखा जाता है जो कोशिकाओं को जीवित रखने के लिए आदर्श स्थिति प्रदान करता है।

सोशल फोरम

बढ़ता दिखावा

अगर कभी ऊपर वाला चींटी समान किसी लघु और कुरूप रूप में हमारे सामने आ जाए और खुद को इस सृष्टि का निर्माता बताए तो हमें सहसा विश्वास नहीं होगा। उससे पहला सवाल तो हमारा यही होगा कि आप इतने छोटे क्यों? इस विशाल सृष्टि के निर्माता को तो विशाल और सुंदर होना चाहिए। ठीक हमारी कल्पना के अनुरूप। दरअसल एक पावरफुल ऊपर वाले की कल्पना हम लघु रूप में कर ही नहीं सकते। हमारी कल्पना का ऊपर वाला विशाल और सुंदर ही होगा। उसके स्टेटस को बनाए रखने के लिए हमें उसकी चीजें भी विशाल और भव्य ही बनानी होंगी। यही वजह है कि ऊपर वाले के निवास स्थान को भव्य और विशाल बनाया जाता है। उससे जुड़ी हर चीज बड़ी-बड़ी और बड़ी, भव्य भव्य और भव्य होनी चाहिए। आम इंसान जब तक चमतकृत न हो तब तक फायदा क्या।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

कभी राम नवमी के झंडे और ताजिए को देखिए। इन्हें इतना लंबा ऊंचा बनाने की कोई और वजह होगी। हमारे शहर में रामनवमी के दिन जब जुलूस निकलता है। उस समय दोपहर से रात उस समय तक बिजली कटी रहती है जब तक सभी झंडे पार न हो जाएं।

पिछले दिनों रथ यात्रा के दौरान भगवान बलभद्र की मूर्ति गिर गई, जिससे कई लोग जख्मी हो गए। मुझे नहीं पता कि भगवान बलभद्र की मूर्ति कितनी विशाल और भारी थी,लेकिन ये पता है कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों की ऊंचाई लगभग 45 फीट होती है। इतने विशाल रथ देख क्या आपकी भक्ति में इजाफा नहीं होता। धर्म स्थलों की ऊंचाई, खूबसूरती और धार्मिक आयोजनों की भव्यता का आग्रह क्या ऊपर वाले का रहता है? ये निश्चित ही मानव मन की कल्पना है।

आज जिस रूप में हम किसी आयोजन को देख रहे हैं ये जरूरी नहीं कि शुरू से उसका यही स्वरूप रहा हो। समय के साथ इनकी भव्यता और विशालता में इजाफा ही होता है। जिन्हें हम परंपरा कहते हैं,उनमें भी नित परिवर्तन होता रहता है। सवाल है कि सादगी से हम किसी आयोजन को क्यों नहीं कर सकते? हल्ला-गुल्ला शोर-शराबा और दिखावा बढ़ता ही क्यों जा रहा है? **-फेसबुक वॉल से**

पहली महिला चीफ जस्टिस ने कैसे अवसाद से खुद को बचाया

दिल्ली हाईकोर्ट की पहली महिला जस्टिस। हाईकोर्ट में देश की महिला चीफ जस्टिस। शादी के बाद पढ़ाई छूट गई। पति की लंदन तैनाती के दौरान फिर कॉलेज में दाखिला लिया। कानून की डिग्री सर्वोच्च स्थान के साथ हासिल की। पहले कलकत्ता और फिर पटना हाईकोर्ट में वकालत की। बाद में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस के पद से रिटायर हुईं।



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

रिटायरमेंट के कुछ महीने बाद लीला सेठ खुद को खाली और अकेला महसूस करने लगीं। उनकी रूटीन अस्त-व्यस्त हो गई। सोने-जागने का कोई तय वक्त नहीं रह गया। किसी चीज में कोई दिलचस्पी नहीं रही। वे अवसाद में जाने लगीं। उन्होंने अपने मित्र डॉक्टर के.पी. जैन को समस्या बताई। जैन ने कहा कि 55 वर्षों की व्यस्त दिनचर्या के बाद हुए इस खालीपन से तालमेल बिठाने में कुछ समय लगेगा।

लीला सेठ के मशहूर लेखक पुत्र विक्रम सेठ ने उन्हें कुछ पुस्तकें भेंट करके जोश भरी कहानियां पढ़ने के लिए प्रेरित किया। पढ़ने के साथ लीला सेठ ने अवसाद के कारणों का आकलन शुरू किया। जरूरी लगा कि जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए कोई सार्थक काम और रूटीन होना चाहिए। यह पर्यावरण कानून से जुड़ा नौ महीने का "वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर" कोर्स था। फिर उस कोर्स को पढ़ने के लिए 62 की लीला सेठ उन विद्यार्थियों बीच बैठ गईं, जिनकी अधिकतम उम्र 26 थी। यहां तक कि संस्थान के निदेशक की उम्र चालीस थी। साथ बैठे विद्यार्थी और फैकल्टी नहीं समझ पाती थी, कि उनके साथ कैसे पेश आएं? लेकिन लीला जल्द ही उनके बीच घुल-मिल गईं। उनके साथ क्विज और अन्य प्रतियोगिताओं में शामिल होने लगीं। सिर्फ एक दिक्कत थी। साथी सोचते थे कि रिटायर्ड चीफ जस्टिस को सब कुछ आता होगा। अपनी आत्मकथा में उन्होंने लिखा " लेकिन सच यह था कि बाकी विद्यार्थी जवाबों में जितनी गलतियां करते थे, मेरी गलतियां भी उसी के आसपास होती थीं।

इस कोर्स के क्लास अपरान्ह तीन बजे से पांच बजे तक के होते थे। इसके लिए उन्हें नोएडा से दिल्ली के डब्लूडब्लूएफ सेंटर जाना रहता था। लीला सेठ ने कोशिश की कोई क्लास मिस न हो। रोज बिस्तर से उठकर क्या करूं, के निट्ठलेपन अहसास से उन्हें फुर्सत मिली। रुचि की पढ़ाई और युवाओं के साथ ने जिंदगी में अभी और भी बहुत कुछ करने को बाकी रहने का भरोसा दिया। फील्डवर्क के लिए वे राजस्थान नहीं जा सकी थीं,लेकिन निदेशक डॉक्टर छत्रपति सिंह और अन्य विद्यार्थियों के साथ उड़ीसा के गड़ीमाता तट पर नसीबाला में वह ओलिव रिडली समुद्री कछुओं को बचाने की मुहिम में वे शामिल हुईं। डिप्लोमा कोर्स पूरा करने के बाद डब्लूडब्लूएफ के अध्यक्ष डॉक्टर स्वामीनाथन के प्रस्ताव पर वे इसके बोर्ड ऑफ ट्रस्टी में भी शामिल हुईं। वहां की उपाध्यक्ष भी रहीं। वहां रहते वे पर्यावरण से जुड़े कानूनों के विकास में दिलचस्पी लेती रहीं। जोड़ी सलामत रहे की दुआएं और आशीर्वाद पति -पत्नी के रिश्तों के लिए आम हैं। पर उस मंजर की सोचिए,जब हाईकोर्ट में किसी महिला और पुरुष जज की खंड पीठ किसी मामले की सुनवाई कर रही हो। वे फैसला दें और फिर वहां फैसले से खुश कोई बुजुर्ग महिला दोनों हाथ उठाकर जोर-जोर से उन जजों को "जोड़ी सदा सलामत रहने" का आशीर्वाद दोहराने लगे। लीला सेठ ऐसे ही एक दिलचस्प अनुभव से रूबरू हुई थीं।

जस्टिस लीला सेठ और जस्टिस राजेंद्र सच्चर की खंड पीठ एक क्रिमिनल अपील की सुनवाई कर रही थी। यह अपील निचली अदालत द्वारा हत्या के मामले में एक युवक को आजीवन कारावास की सजा दिए जाने के खिलाफ थी। अपील की सुनवाई और रिकार्ड के परीक्षण के बाद पीठ ने युवक को दोषी सिद्ध किए जाने के पर्याप्त कारण नहीं पाए। आरोप को खारिज करते हुए पीठ ने युवक को दोषमुक्त करते हुए रिहाई के आदेश दे दिए। ग्रामीण पृष्ठभूमि के आरोपी युवक की मां फैसले के समय अदालत में मौजूद थी। उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। उसने दोनों हाथ उठाकर जोर-जोर से जोड़ी (जस्टिस सच्चर और जस्टिस लीला सेठ) के हमेशा सलामत रहने की दुआएं देना शुरू कर दिया। संकोच में पड़े दोनों जज फिक्रमंद थे कि उनके असली जीवन साथी क्या सोचेंगे? लेकिन जोड़ी की सलामती के सवाल पर जस्टिस लीला सेठ को दिल्ली जिमखाना की सदस्यता के सवाल पर इसके उलट अनुभव हुए।

आमतौर पर यह क्लब जजों की नियुक्ति के बाद उन्हें अपना सदस्य बना लेता था,लेकिन लीला सेठ को आवेदन के काफी समय बाद भी कोई उत्तर नहीं प्राप्त हुआ। पूछताछ पर टालमटोल होती रही। जोर देने पर बताया गया कि उनके यहां महिलाओं को सदस्यता देने की व्यवस्था है, लेकिन उससे शर्तें जुड़ी हुई हैं। क्या? केवल वही महिलाएं सदस्य बनाई जाएंगी,जो अविवाहित अथवा तलाकशुदा अथवा विधवा हों। उनसे पूछा गया कि क्या वे इनमें से किसी केटेगरी में आती हैं? उनके मुख से निकला, "ईश्वर की कृपा है। मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं है,लेकिन आपका रवैया पूरी तरह से भेदभावपूर्ण है।" कुछ समय बाद उन्हें सूचना दी गई कि उनके पति को सदस्यता दी जा सकती है। लीला सेठ के कहने पर कि यह विचित्र व्यवस्था है,जवाब मिला कि हम नियमों से बंधे हैं और उन्हें बदलने में समय लगेगा।

ऐसे भी भागते हैं भूत-प्रेत

हाथरस के भोले बाबा प्रकरण के बाद न्यूज चैनलों पर भूत-प्रेत भगाने वाले बाबाओं को दिखाने की होड़ लगी हुई है। एक चैनल पर शनि धाम के एक बाबा के भूत-प्रेत भगाने के तरीकों पर एक रिपोर्टिंग देखकर याद आया कि यह विद्या कभी मुझे भी आती थी। बात 1999 की है जब मैं बिहार के समस्तीपुर जिले का एसपी हुआ करता था। एक दिन हसनपुर थाने के दियारा क्षेत्र के भ्रमण पर निकला था कि एक छोटे से गांव में एक पेड़ के नीचे लोगों की भारी भीड़ देखकर रुक गया। वहां एक अलाव के गिर्द दो युवक विचित्र मुख-मुद्राएं बनाकर पागलों की तरह उछल और चीख-चिल्ला रहे थे और एक बाबा कुछ मंत्र बुदबुदाते हुए हवन पात्र में कुछ डालता जा रहा था। मुझे देखकर बाबा रुका। पूछने पर उसने बताया कि दोनों युवक बुरी प्रेतात्माओं के कब्जे में हैं,जिन्हें भगाने की जुगत हो रही हैं। बाबा ने गर्व से यह भी बताया कि वह अपनी अचूक तंत्र-विद्या से अब तक सैकड़ों लोगों को प्रेत बाधा से मुक्त करवा चुका है। दोनों युवकों की उटपटांग हतकतें पहले की तरह जारी थी। मैंने बाबा को बताया कि भूत भगाने की विद्या में मैं भी पारंगत हूं। बाबा ने मुझे हैरत से देखा। मैंने दोनों युवकों को अपनी किंग साइज हाथों से पांच-दस थप्पड़ मारे। वे दो मिनट भी मेरा वार नहीं झेल सके और एकदम नार्मल होकर हाथ जोड़ दिए। प्रेत-बाधा का नामोनिशान नहीं। बाबा ने सकुचाते हुए कहा-कमाल है सरकार, आपने तो उन खूंखार प्रेतों को सचमुच भगा दिया। मैंने कहा - भगाया नहीं बाबा,बस उन्हें आपके भीतर ट्रांसफर कर दिया है। अब आपका इलाज करूंगा। मैं बाबा की तरफ बढ़ा ही था कि वह झोला-झंटा वहीं छोड़कर भाग खड़ा हुआ।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

मैं वहां उपस्थित लोगों को कई तर्कों और उदाहरणों के माध्यम से अंधविश्वास के दुष्प्रभाव और बाबाओं के पाखंड से अवगत कराया। यह भी कहा कि आप में कोई शारीरिक या मानसिक तौर पर बीमार है तो मेरे साथ चलिए, मैं अच्छे अस्पताल में मुफ्त में इलाज करवा दूंगा। मेरे साथ कोई नहीं आया। मेरे लौट आने के बाद मेरे समझाने का उन पर कितना असर हुआ वह एक महीने बाद पता चला जब एक चौकीदार ने बताया कि वही बाबा उसी गांव के लोगों से एक बार फिर गंभीर रोग ठीक करने के नाम पर हजारों रुपये ठगकर फरार हो गया है।

एक नजर

जुमे के दिन पानी को तरसे कई वार्डों के लोग

बहेड़ी, अमृत विचार : धोबी तालाब के निकट के ओवरहेड टैंक से जुड़ी पाइप लाइन के दो रोज पहले फट जाने पर जिम्मेदारों ने कोई समुचित व्यवस्था नहीं की। इस वजह से जुमे के दिन लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। भाजपा नेता नईम अहमद के अनुसार, मोहल्ला इस्लाम नगर, शिकोहीनगर, शेखूपुर वार्ड 25, मोहम्मदपुर गौंटिया आदि जगहों के लोग पानी को तरसे। तमाम लोग जुमे के दिन पानी के अभाव में नहाने तक को तरस गए। उनका कहना है कि जेई जल की ओर से किए गए उपाय बेकार साबित हुए। इस संबंध में संबंधित जेई नितिन कुमार से फोन पर बात करने की कोशिश की गई पर काल रिसीव नहीं हुई।

खेत के किनारे लगे पेड़ पड़ोसी ने काट दिए

बिशारतगंज, अमृत विचार : किसान के खेत में लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ पड़ोसी ने काट लिए। किसान ने विरोध किया तो आरोपी फावड़ा लेकर मारने दौर पड़ा। पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। बिशारतगंज के जैतपुर शरिफपुर निवासी नाजिम खां ने बताया है कि उसके छह बीघा खेत में चारों ओर यूकेलिप्टिस के पेड़ लगे हैं, जिनको गुरुवार रात पड़ोसी ने काट दिया, जब उससे शिकायत की गई तो वह गालियां देते हुए फावड़ा लेकर हमलावर हो गया। गनीमत रही कि लोगों ने उसे बचा लिया।

नीट दोबारा कराने के लिए दिया गया ज्ञापन

आंवला, अमृत विचार : बहुजन मुक्ति पार्टी की ओर से नीट में धांधली का आरोप लगाकर पुन: कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम आंवला नहने राम को सौंपा गया। संगठन ने ज्ञापन में परीक्षा निजी संस्था से न कराकर प्रशासन के माध्यम से दोबारा कराने की मांग की। इस दौरान माखन लाल कश्यप, रुपसिंह कश्यप, कुनाल कश्यप, राहुल यादव, बलवीर मौर्य आदि मौजूद रहे।

मौर्य समाज ने मोहर्रम के जुलूस का किया स्वागत

सेंथल, अमृत विचार : मोहर्रम पर चल रही अजादारी के क्रम में शुक्रवार को कस्बे में दो जुलूस-ए-अलम उठे और देर रात तक मजलिसें हुईं। लोगों के घरों पर नजरों नियाज का आयोजन किया गया। मजलिसों का सिलसिला सुबह जफर अब्बास के आवास से शुरू हुआ जो देर रात इमामबाड़ा पर समाप्त हुआ। सुबह मोहल्ला चौधरी से अलम और डोले का जुलूस उठा। जुलूस बस्ती का गश्त करता हुआ जब मौर्य मंदिर पर पहुंचा तो वहां मौर्य समाज के लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। महिलाओं ने जुलूस पर छतों से फूल बरसाए।

प्रथम सेमेस्टर की मेरिट सूची जारी

फरीदपुर अमृत विचार : राजकीय डिग्री कॉलेज के अनारक्षित वर्ग के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी कर दी गई है। साक्षात्कार तीन दिन सुबह 11 से 2 बजे तक होगा। अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्र छायाप्रति के साथ उपस्थित हो समय निकलने पर प्रवेश का कोई दावा मान्य नहीं होगा। द्वितीय वरीयता सूची 16 जुलाई को 4:00 बजे महाविद्यालय परिसर में प्रदर्शित की जाएगी। राजकीय महाविद्यालय के बी ए बीएससी बीकॉम प्रथम वर्ष के अभ्यर्थियों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए अनारक्षित वर्ग की वरीयता सूची प्रबंधन ने जारी की है जिसमें बीए 88.2 % से 65%, बीएससी जेडबीसी 80% से 69.20 %, बीएससी पीसीएम बीए बीकॉम बीएससी एवं ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थी 13 से 16 जुलाई तक सुबह 11:00 बजे से 2:00 बजे साक्षात्कार में पहुंचे।

किच्छा नदी ने शुरू किया कटान, पानी में समा गई किसानों की सैकड़ों बीघा फसल

नदी का जलस्तर घटने पर खेत पहुंचे किसानों के कटान देखकर उड़े होश, मुआवजा मांगा

संवाददाता, शेरगढ़

अमृत विचार: किच्छा नदी में आई बाढ़ का पानी घटने के बाद भूमि कटान देख किसानों के होश उड़ गए हैं। अब तक किसानों की सैकड़ों बीघा तैयार गन्ना की फसल नदी में समा चुकी हैं। फसल नुकसान से किसानों को तगड़ा झटका लगा है।

नगरिया कलां के किसान मिढ़ई लाल गंगवार की 8 बीघा, राजकुमार की 5 बीघा, रघुवर दयाल गंगवार की 10 बीघा, हरीपाल श्रीवास्तव की 10 बीघा, जगदीश चन्द्र गंगवार की 10 बीघा, कल्याण राय श्रीवास्तव की 9 बीघा, विजयपाल गंगवार की 7 बीघा, कल्यान राय गंगवार की 5 बीघा, नरायन दास की 5 बीघा, नत्थू लाल ठेकेदार की 4 बीघा, नत्थू लाल कश्यप की 6 बीघा, बद्री प्रसाद की 5 बीघा, हरीश कुमार गंगवार की 5 बीघा, अशोक कुमार की 5 बीघा, बुद्धसेन गंगवार की 5 बीघा, लीलाधर गंगवार की 5 बीघा, सद्दीक अंसारी, हाजी रफीक अंसारी, राजेंद्र हाबूड़ा, डालचंद्र हाबूड़ा, हेमराज हाबूड़ा समेत तमाम किसानों की सैकड़ों बीघा जमीन में खड़ी गन्ना की फ़सल भू-कटान की भेंट चढ़ गई।

किच्छा नदी से हुए कटान के बाद नुकसान देखने पहुंचे नगरिया कलां गांव के ग्रामीण। ● अमृत विचार

> बाढ़ प्रभावित गांवों का सर्वे कराया जा रहा है, ताकि क्षति का अनुमान हो सके। सर्वे के बाद पात्रों को आर्थिक मुआवजा दिलाका प्रयास किया जाएगा।
> -रत्निका श्रीवास्तव, एसडीएम बहेड़ी

बाढ़ का पानी घटा, धान-गन्ने की फसल को नुकसान

भदपुरा, अमृत विचार : देवहा नदी में आई बाढ़ की वजह से कई गांवों की सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो गई है। बाढ़ का पानी अमीर नगर, बहर जागीर, अब्दला, बड़ेपुरा, सिलरा, नौगमा भगवंत पुर, जरपा मोहनपुर सहित कई गांवों में घुस गया था। शुक्रवार को पानी कम होने से लोगों ने राहत की सांस ली। बाढ़ से पहले लगाई गई धान की सैकड़ों बीघा फसल पूरी तरह डूब गई, इसके साथ ही गन्ने की फसल को नुकसान होने से किसानों की माथे पर चिंता की लकीर साफ नजर आ रही है। बहीर जागीर में किसानों को लौकी, तुरई की फसल को नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि अभी तक नुकसान की सर्वे करने न तो लेखपाल आया और न ही खराब फसल देखने कोई अधिकारी। जिम्मेदारों की लापरवाही से किसानों में आक्रोश है।

बेटे पर पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले पिता पर रिपोर्ट दर्ज

बहेड़ी, अमृत विचार: बेटे पर पेट्रोल डालकर उसे जलाने की कोशिश करने वाले आरोपी पिता के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। आग लगने से गंभीर रूप से झुलसे लड़के का बरेली के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बहेड़ी के मोहल्ला शेखूपुर निवासी परवीन पत्नी शब्बर का थाने में दी गई तहरीर में बताया कि तीन माह पूर्व पति ने उसे घर से बच्चों सहित निकाल दिया था। इसके बाद वह अपने बच्चों को लेकर मायके ग्राम माधौपुर थाना अमरिया जिला पीलीभीत चली गई थी। 10 जुलाई को उसका पुत्र सैफ (22) अपने पिता के घर मोहल्ला शेखूपुर में आया था। उसके पहुंचने पर पति शब्बर अली ने सैफ को गाली देते हुए उसकी पिटाई करना शुरू कर दी।

बेटे ने इसका विरोध किया तो पति ने सैफ को जान से मारने के लिए उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गम्भीर रूप से घायल बेटे का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर पति शब्बर अली पुत्र कबीर अहमद निवासी मोहल्ला शेखूपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सार-संक्षेप

पीलीभीत के गांव की समस्याएं मंडलायुक्त के सामने रखीं

बरेली, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने पीलीभीत की ग्राम पंचायत बरहा की समस्याओं के संबंध में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। संगठन के मंडल अध्यक्ष हवलदार रनवीर सिंह की अगुवाई में गांव के ग्रामीण शुक्रवार को मंडलायुक्त से मिले। मंडल सचिव मुरलीधर कश्यप ने बताया कि गांव के प्रधान ने बिना किसी अनुमति के ग्रामीणों की जमीनों पर सरकारी शौचालयों का निर्माण करा दिया है। जबकि ग्रामीण उक्त जमीन पर अन्नपूर्णा दुकान खोलना चाहते हैं। आरोप है कि जोशी नगर कॉलोनी में भी विकास कार्य नहीं कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि परगवां से चनेहटी तक सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। पदाधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में अफसरों से शिकायत की जा चुकी है लेकिन अभी तक सुनवाई नहीं हुई है। मंडलायुक्त ने एक सप्ताह में ग्रामीणों की समस्याओं समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

ट्रांसफार्मर से कनेक्शन के विवाद में युवक को पीटा

भुता, अमृत विचार : भुता थाना क्षेत्र के ग्राम लहिया में विद्युत कनेक्शन को लेकर एक युवक को उसके परिवार के ही लोगों ने पीटा। पीड़ित ने इसकी तहरीर थाने में दी है। ग्राम लहिया निवासी दीपक सिंह का अपना ट्यूबवेल है। गांव के ही रामस्वरूप मेरे ट्रांसफार्मर से अपना कनेक्शन करवाना चाह रहे हैं, जिसका विरोध करने पर उन्होंने गाली गलौज की। बाद में जब हम विद्युत उपकेंद्र शिकायत करने पहुंचे तो रामस्वरूप, तिलक सिंह, उमेश सिंह भी वहां पहुंचे और उसे गाली देते हुए पीट दिए, शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उसे बचाया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

नकटिया नदी में बढ़ रहे जलस्तर से किसान परेशान

कैंट, अमृत विचार : नकटिया नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे नदी के निकटवर्ती गांव के लोगों और किसानों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। गुरुवार को मोहनपुर स्थित मसीतगंज गौटिया के किसानों के खेतों में नदी का पानी भर गया। जिससे करेला, खीरा तोरई, लौकी, भिंडी, धनिया आदि सब्जियों की फसलें डूब गईं। शुक्रवार को नदी का जलस्तर बढ़ने से खतरा बढ़ गया।

तेरह दिन से बिजली नहीं आने से ग्रामीण परेशान

भदपुरा, अमृत विचार : भदपुरा ब्लॉक के कई गांवों में 13 दिन से बिजली नहीं रहने के कारण छात्रों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरा होने की वजह से बच्चों को पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। लोग मोबाइल और टार्च के सहारे काम चला रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मौसम में अक्सर सांप और जहरीले जीव-जंतु बाहर आ जाते है। ऐसे में अंधेरा होने से हमेशा खतरा बना रहता है। गांव के कई घर लालटेन और डिबरी के भरोसे हैं, ऐसे लोगों के सामने केरोसिन की समस्या बनी हुई है. ऐसे में घर कि महिलाएं शाम होते ही बच्चों व परिवार के अन्य लोगों को जल्दी खाना खिलाकर सो जाती है।

दमखोदा ब्लाक में शून्य दर्ज हुई आनलाइन हाजिरी

देवरनियां, अमृत विचार : आनलाइन हाजिरी के लिए शासन के बढ़ते दबाव के साथ शिक्षक संघ का विरोध जारी है। मांगे पूरी होने तक आनलाइन हाजिरी नहीं देने पर अड़े शिक्षकों ने बीईओ के कहने के बाद भी आनलाइन हाजिरी नहीं लगाई। शुक्रवार को दमखोदा ब्लाक के बीईओ प्रेमसुख गंगवार ने सिंधौरा, तेजनगर समेत कई स्कूलों का निरीक्षण कर आनलाइन हाजिरी देने के लिए शिक्षकों से कहा, मगर शिक्षकों ने संघ की ओर से किए जा रहे विरोध का हवाला देते हुए उनकी बात नहीं मानी। ब्लाक में आनलाइन हाजिरी शुक्रवार को भी शून्य दर्ज की गई है। वहीं विरोध में शिक्षकों ने शुक्रवार को भी काली पट्टी बांधकर पढ़ाया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री और ब्लाक दमखोदा के मंत्री तपन सिंह मौर्य और ब्लाक अध्यक्ष मनोज गंगवार ने बताया कि शिक्षकों पर दबाव बनाया जा रहा है, मगर शिक्षक डरे नहीं संघ उनके साथ खड़ा है। मांगे पूरी होने तक ऑनलाइन हाजिरी नहीं दी जाएगी।

एनएचएम के महाप्रबंधक ने सीएचसी का किया निरीक्षण

भमोरा, अमृत विचार : एनएचएम के महाप्रबंधक डॉ. लक्ष्मण सिंह ने टीम के साथ सुबह 10:30 बजे भमोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। सीएचसी प्रभारी डॉ. विवेक कुमार के साथ पहले ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, मलेरिया वार्ड, जच्चा-बच्चा वार्ड और साफ सफाई के साथ सीएचसी में बनी हैचरी का निरीक्षण किया। डॉ. विवेक ने बताया हैचरी में पाली जाने वाली मछलियां मच्छरों के लार्वा खाती है और अत्यधिक मात्रा में प्रजनन करती हैं। हर माह कुछ मछलियों को निकाल कर गांव के तालाब में छुड़वाया जाता है। जिससे मच्छरों का लार्वा खत्म किया जा सके। टीम ने दवाइयों और कार्यक्रमों के रिकॉर्ड चेक कर। एक माह चलने वाले कार्यक्रम जैसे संचारी रोग, दस्तक अभियान आदि की जानकारी ली।

ठग ज्ञानेश ने आठ साथियों के नाम बताए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसटीएफ ने नागपुर से गिरफ्तार कर किला पुलिस को सौंपा
- पुलिस ने तीन घंटे तक ठगी के आरोपी से की पूछताछ

अमृत विचार : बरेली समेत कई प्रदेश के लोगों के साथ करीब 100 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गांव ततारगंज थाना घूरपुर प्रयागराज निवासी ज्ञानेश पाठक को एसटीएफ की टीम शुक्रवार को किला थाना लेकर पहुंची। पुलिस ने तीन घंटे पूछताछ कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया।

बुधवार को ज्ञानेश पाठक को स्पेशल टॉस्क फोर्स की टीम ने महाराष्ट्र के शहर नागपुर से गिरफ्तार किया था। किला थाने पर पुलिस की दो टीमों ने उससे पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि वह आठ दोस्तों के साथ ठगी करता था। उसके दोस्त ही कंपनी के खोले गए कार्यालय में बैठते थे, जो रकम दोगुनी करना का झांसा देकर लोगों से कंपनी में रुपये जमा कराते थे। उसने पूछताछ में आठों गुर्गों के नाम बताए। जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। ज्ञानेश के खिलाफ किला और कोतवाली थाने में दस मुकदमे दर्ज थे।

> आरोपी ज्ञानेश को एसटीएफ की टीम ने थाना पुलिस के सुपुर्द किया था। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।
> -हरेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी, किला

एक लाख रुपये का इनामी था ज्ञानेश

आरोपी ज्ञानेश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। जबकि, उत्तराखंड पुलिस ने उसपर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। वहीं, आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह ने उसपर 25 से बढ़ाकर 50 हजार रुपये का इनाम कर दिया था।

देवरनियां इंस्पेक्टर पर धमकाने का आरोप, एडीजी से शिकायत

संवाददाता, देवरनियां

अमृत विचार : बहेड़ी निवासी युवक ने एडीजी को शिकायत करके देवरनियां इंस्पेक्टर पर धमकी देने का आरोप लगाया।

बहेड़ी के गांव जाम निवासी अशरफ ने एडीजी को दी शिकायत में बताया कि उसके दोस्त अनीस ने थाना देवरनियां पर एक शिकायती पत्र दिया था। जिस पर कई दिन तक कार्रवाई नहीं होने पर वह छह जुलाई को देवरनियां गया तो वहां इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह धामा और दरोगा गुले हैद जैदी मिले। आरोप है कि इंस्पेक्टर ने उससे कहा कि उसका दोस्त अनीस कहां है, उसे लेकर आओ उसे बताऊंगा कि एसएसपी से शिकायत का अंजाम क्या होता है। आरोप है, कि इंस्पेक्टर ने गालियां देते हुए उसे भी थाने से भाग जाने को कहते हुए जेल भेजने की धमकी दी। आरोप है कि अगले दिन इंस्पेक्टर ने कुछ पुलिस कर्मी अनीस के घर भेजे जिन्होंने उसकी परिवार की महिलाओं को धमकाया। शिकायतकर्ता ने अपने और दोस्त के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए न्याय की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह धामा ने बताया कि शिकायतकर्ता के आरोप निराधार हैं, ऐसा कुछ नहीं किया गया है।

बुजुर्ग की मौत के मामले में तीन भाइयों पर रिपोर्ट

संवाददाता, बहेड़ी

- मारपीट के दौरान ईंट-पत्थर लगने से हुई थी वृद्ध की मौत

अमृत विचार : बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव भूड़ा बहादुरपुर में दो दिन पहले मामूली विवाद के बाद चले ईंट पत्थर लगने से एक बुजुर्ग घायल हो गये थे, उनकी सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के पुत्र की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के तीन भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं।

बहेड़ी के गांव भूड़ा बहादुरपुर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भूप राम पूजा पाठ करने जाते थे। बाबा गुरु चरन दास के मंदिर छोड़कर चले जाने के बाद कुछ लोगों को मंदिर के चढ़ावे का पैसा भूपराम के पास होने का शक था। गांव के ही प्रीतम राम के बेटे कपिल ने मंदिर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए तो उसने बुजुर्ग से पैसे मांगे। इस बीच मंदिर की कुछ कुर्सियां चोरी हो जाने पर जब कपिल से फुटेज दिखाने को कहा तो उसने इन्कार कर दिया।

आरोप था कि बुधवार सुबह कपिल ने बुजुर्ग ताने कसे तो उसने एतराज जताया इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, विवाद बढ़ा तो ईंट पत्थर चलने लगे जिसका बुजुर्ग भूप राम शिकार हो गए। मृतक के बेटे गौरीशंकर की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के प्रीतम राम के बेटे कपिल, अनिल और रवि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

फर्जी अधिवक्ता के जमानत कराने की अफवाह पर अधिवक्ताओं का हंगामा

संवाददाता, फरीदपुर

- एसडीएम के समझाने पर शांत हुए अधिवक्ता

अमृत विचार : घर में घुसकर मारपीट और महिलाओं से छेड़खानी के आरोपी की जमानत कराने पर पहुंचे अधिवक्ता पर वकीलों ने फर्जी होने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। जानकारी होने पर पहुंचे एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय ने पहुंचकर वकीलों को समझाकर मामले को शांत कराया।

फरीदपुर के ग्राम सरकड़ा निवासी भानमती पत्नी होरी लाल और यादराम के परिवार में रंजिश चल रही हैं। यादराम के परिवार पर आरोप है कि उन्होंने 2022 में उनके ही परिवार के युवक की हत्या कर दी, जिसमें मुकदमे की पैरवी न करने को लेकर गुरुवार की रात यादराम के परिवार के लोग भानमती के घर में घुस आए और मुकदमे की पैरवी न करने की धमकी देने लगे।

गुरुवार रात भानमती के तहरीर पर कोतवाली फरीदपुर में अखिलेश, शिशुपाल, गंगाश्री, यादराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने अखिलेश और उसके भाई को हिरासत में ले लिया शुक्रवार को उनका शांति भंग में चालान किया। अखिलेश की जमानत के लिए अधिवक्ता ने कागज पेश किए गए। दरअसल भानुमति के परिवार के ही सदस्य तहसील परिसर में अधिवक्ता है, उसने अपने साथियों को इकट्ठा करविरोधी पार्टी के अधिवक्ता को जमानत न कराने की सलाह की, लेकिन पुरानी तहसील में बैठे अधिवक्ता ने अखिलेश और उसके भाई की जमानत के लिए कागज भेज दिए। एसडीएम कोर्ट में अधिवक्ताओं ने विपक्षी पार्टी के लिए पेश किए गए कागजों का विरोध करना शुरू कर दिया अधिवक्ताओं की यूनिटी का विरोध देखते हुए जमानत के लिए भेजे गए अधिवक्ता ने कोर्ट में जाने से मना कर दिया और उसने जमानत लेने से इन्कार कर दिया। अधिवक्ताओं ने हंगामा करने की सूचना पर एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय तहसील मुख्यालय पर पहुंचे और हंगामा कर रहे अधिवक्ताओं को शांत कराया। उन्होंने समझाया कि यदि शांति भंग की जमानत एसडीएम कोर्ट से नहीं दी जाएगी तो जिला मुख्यालय से जमानत मिल जाएगी लेकिन जमानत तो दी ही जाएगी तब कहीं जाकर अधिवक्ता शांत हुए।

बहन के अवैध संबंधों से परेशान होकर युवक ने की थी आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दामाद के दोस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा

अमृत विचार : किला थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक ने छह जुलाई को बहन, बहनोई और बहनोई के दोस्त की करतूतों से परेशान होकर आत्महत्या की थी। मृतक के पिता ने थाना किला में बेटी, दामाद और दामाद के दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने दामाद के दोस्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

किला क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 जुलाई को उनके बेटे के मित्र ने फोन कर बताया कि उनका बेटा बहुत परेशान है, बात कर लो। बात करने पर बेटे ने बताया कि पापा बहन, बहनोई और बहनोई का दोस्त उसे परेशान कर रहे हैं। इन लोगों की वजह से दोस्तों में बैठना भी अच्छा नहीं लग रहा है। तब पिता ने बेटे से दिल्ली आने को कहा। पिता ने बताया कि छह जुलाई को उनके बेटे ने फोन कर बताया कि बहन, बहनोई और बहनोई का दोस्त बहुत गलत कर रहा है। कहा कि पापा मुझे कुछ हो जाए तो फोन पुलिस से चेक करा लेना। उनका आरोप है कि उनके बेटे की आत्महत्या में बेटी, दामाद और दामाद के दोस्त का हाथ है। किला पुलिस ने मृतक के बहनोई के दोस्त को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

बहनोई के दोस्त ने भेजे थे वीडियो

मृतक युवक की मां ने बताया कि उनकी बेटी ने दो वर्ष पहले प्रेमनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के युवक से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद बेटी के संबंध दामाद के दोस्त से बन गए। उन्होंने बताया कि दामाद के दोस्त और उनकी बेटी के बीच अवैध संबंध हैं। इसका वीडियो और फोटो दामाद के दोस्त ने उनके बेटे को भेजे दिए। जिन्हें देखकर उनका बेटा अवसाद में चला गया और आत्महत्या कर ली।

बिजली का तार पकड़कर महिला ने दे दी जान

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर निवासी गोपाल की शादी आठ माह पहले राधा (25) निवासी दिउरा थाना दातागंज जिला बदायूं के साथ हुई थी। शुक्रवार की सुबह उसकी पति से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। वह सुबह दस बजे एक कमरे में गई और अंदर से दरवाजे की कुंडी लगा ली। राधा ने कमरे में बिजली के तार को पकड़ लिया। करंट लग तो वह चिल्लाई। उसकी चीख सुनकर ससुराल वालों ने दरवाजा तोड़ा तो वह मृत अवस्था में पड़ी थी। मृतका के मामा राजीव ने बताया कि उसके माता-पिता की कई साल पहले मौत हो गई थी। उसने राधा की शादी की थी। पति पर मार डालने का आरोप लगाया है। हालांकि अभी तहरीर नहीं दी गई है।

पत्नी से झगड़े के बाद ट्रेन के आगे आकर युवक ने की खुदकुशी

- भतीजी की शादी में बड़े भाई के न आने से परेशान था युवक
- युवक ने की थीं दो शादियां, अलग-अलग मोहल्ले में रहती थीं पत्नियां

बदायूं, अमृत विचार : पत्नी से झगड़े के बाद एक युवक रेलवे लाइन की ओर चला गया। ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।

कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव सकतपुर निवासी अरविंद (35) पुत्र झंडू सिंह ड्राइवर थे। वह उझानी में दो पत्नियों रेखा और मंजू के साथ रहते थे। गुरुवार को उनकी भतीजी सुमन की शादी थी जिसमें उनके बड़े भाई बलवीर शामिल नहीं हुए। बलवीर के शादी में न आने से अरविंद परेशान थे जिसके चलते उनका अपनी पत्नी से झगड़ा हो गया। इसके बाद अरविंद समारोह से रेलवे लाइन की ओर चले गए। परिजन भी उनकी तलाश में रेलवे लाइन की ओर गए। नहीं मिले तो वापस लौट आए। शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे पुलिस ने सूचना दी कि अरविंद का शव छतुइया और अचोरो रेलवे लाइन के बीच पड़ा है। उझानी के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। तहरीर आती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

महावा नदी में नहाने गए किशोर की डूबकर मौत

बदायूं, अमृत विचार : सहसवान के मोहल्ला अकबराबाद निवासी गोपी मौर्य का बेटा रोहित (15) भाई मोहित और रामसेवक के साथ शुक्रवार सुबह महावा नदी की ओर घूमने गए थे। इसके बाद महावा नदी में स्नान करने लगे। रोहित गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। भाई और साथी ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद ग्रामीणों ने नदी में छलांग लगा दी। रोहित को नदी से बाहर निकाल लिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस और उसके परिजन आ गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए कहा लेकिन परिजनों ने इंकार कर दिया।

शाहजहांपुर में बाढ़ का कहर, मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर और वार्डों में डाले गए ताले

शाहजहांपुर, मृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज में पांच फुट पानी भर गया है। प्राचार्य, सीएमएस और अन्य स्टाफ ने सरकारी आवास खाली कर दिए हैं। वार्ड व ट्रामा सेंटर में ताला डाल दिया गया है। इसके साथ ही कॉलेज परिसर में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। चौक कोतवाली क्षेत्र में राजकीय मेडिकल कॉलेज काफी नीचे बना है, जो गर्रा नदी से कुछ दूरी पर है तथा परिसर का नाला गर्रा नदी में गिरता है। गुरुवार की सुबह चार बजे गर्रा नदी की बाढ़ का पानी मेडिकल कॉलेज परिसर में आ गया था। मेडिकल कालेज में भर्ती 300 मरीजों को बरेली, लखनऊ तथा यहां प्राइवेट अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया था। डॉक्टर और स्टाफ को सरकारी आवास खाली करने के निर्देश दिए गए थे। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार, सीएमएस डॉ. नेपाल सिंह अन्य चिकित्सक व स्टाफ ने दोपहर तक कुछ सामान लेकर अपने आवास खाली कर दिए थे। कुछ डॉक्टर शहर तथा जिगनेरा के मेडिकल कॉलेज में रह रहे है। स्टाफ छुट्टी लेकर परिवार के साथ घर चले गए। शुक्रवार की रात एक बजे मेडिकल कॉलेज परिसर में पांच फुट पानी भर गया है और अंदर आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मेडिकल कॉलेज गेट के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

प्राथमिक विद्यालय गैनी वि.खं. मझगवां (बरेली)

विज्ञप्ति नीलामी सूचना

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्रांक एस.एस.ए. 3395/3405/2023-24 दिनांक 25.10.2023 के अनुपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा.वि. गैनी वि.क्षे. मझगवां (बरेली) के प्रांगण में स्थित प्रा.वि. के जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 16 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोलीदाता को नीलामी स्वीकृत होने पर 25% धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि तीन दिवस के अन्दर विद्यालय के एस.एम.सी. खाते में जमा करनी होगी। नीलामी की नियम व शर्तें विद्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

विमला (अध्यक्ष)	सुरेन्द्र सिंह ग्राम प्रधान-गैनी	अंजू पाण्डेय (सचिव)

गन्ना उत्पादक स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहेड़ी (बरेली)।

पत्रांक : 61/ग.उ.म./2024-25/ दिनांक : 12.07.2024

निविदा सूचना

महाविद्यालय में सत्र 2024-25 में कैण्टीन/साइबर कैफे हेतु निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म/व्यक्ति टेण्डर फार्म रु. 100.00 देकर निविदा प्रकाशित होने की तिथि के अगले दिन से महाविद्यालय कार्यालय से कार्य दिवस समय प्रात: 10:00 बजे से 02:00 तक प्राप्त कर व्यक्तिगत/वाहक/डाक द्वारा निर्धारित समय अवधि के अन्दर शीलबन्द निविदा सचिव, (महाविद्यालय प्रबन्धक) सहकारी गन्ना विकास समिति लि., बहेड़ी (बरेली) के कार्यालय में दिनांक 23.07.2024 तक जमा करे। टेण्डर दिनांक 24.07.2024 को प्रात: 10:00 बजे गन्ना उत्पाक महाविद्यालय, बहेड़ी में खोले जायेंगे। निविदा खोलते समय टेण्डर डालने वाले व्यक्तियों की उपस्थिति अनिवार्य है। नियम एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस में महाविद्यालय में देखी जा सकती है। निविदाएं निरस्त व स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।

प्रो. डॉ हरिकेश सिंह (प्राचार्य)	चौ. नरेन्द्र सिंह (कोषाध्यक्ष)	राजीव सेठ (सचिव/प्रबन्धक)

बलिदानी अंशुमान के पिता का छलका दर्द

बेटा शहीद हुआ, बहू ने फेर ली आंखें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : देश सेवा में बेटा क्या बलिदान हुआ, बहू ने भी आंखें फेर लीं। सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के बाद पुत्रवधू ने हमसे सारे रिश्ते तोड़ दिये। अपने पिता के साथ हमेशा के लिए चली गई। उसे हमारी दशा पर तनिक भी तरस नहीं आया। अब जीवन भर दुख के सिवाए हमारे पास कुछ नहीं है। यह कहते हुए बलिदानी कैप्टन अंशुमान सिंह के पिता रवि प्रताप सिंह फफक पड़े।

बलिदानी के पिता ने कहा कि देश के लिए हमने भी तो अपना बेटा खोया है, लेकिन सरकारी नियमों में हमारे लिए कुछ नहीं है। सरकार को चाहिए कि वह ऐसे सम्मान के नियमों में फेरबदल करे, जिससे बलिदानी की पत्नी के साथ-साथ माता-पिता का दुख-दर्द भी कम हो सके, आर्थिक सहायता मिल सके। बलिदान हुए कैप्टन अंशुमान सिंह के पिता रवि प्रताप सिंह शुक्रवार को वह बुद्धेश्वर स्थित अपने आवास पर थे।

भरे गले से वह कहने लगे मैं भी सेना से सेवानिवृत्त हुआ हूं। 5 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बहू स्मृति को कीर्ति चक्र भेंट किया था, लेकिन स्मृति ने अंशुमान की मां मंजू के अलावा किसी को भी कीर्ति चक्र छूने नहीं दिया। दुख हुआ, लेकिन सोचा सदमे में है, इसलिए ऐसा उसने कर दिया। परिवार के सदस्य से बातचीत तक नहीं की। अपने पिता राजेश सैनी के साथ पंजाब के पठानकोट चली गई। दुख की घड़ी में बहू का कुशल-क्षेम जानने को लगातार फोन किया तो पता चला कि नंबर ब्लॉक कर दिया गया। बाद में हम समझ गए कि स्मृति ने हमारी भावनाओं को कुचल दिया, सारे रिश्ते तार-तार कर दिए। यही नहीं, सभी दस्तावेजों पर उसने देवरिया का पता तक हटवा दिया।

आरोपों पर मुझे कुछ भी नहीं कहना: स्मृति सिंह

बलिदानी कैप्टन अंशुमान के माता-पिता के आरोप के बारे में स्मृति सिंह ने बताया कि इस बारे में उसे कुछ भी नहीं कहना। कहा, मेरी सोच सकारात्मक है। वहीं, पंजाब के दीनानगर निवासी स्मृति के पिता ने कहा कि स्मृति कहीं बाहर गई हुई हैं। उन्हें इस मामले में कुछ कहना होगा तो वही अपना पक्ष जरूर देंगी।

20 जुलाई को लगाए जाएंगे 36.50 करोड़ पौधे

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में 20 जुलाई को 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान-2024' महापर्व के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन 36.50 करोड़ पौधरोपण किया जाएगा। प्रदेश के हरित क्षेत्र को नौ से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 फीसदी तक ले जाना है। इसके लिए सभी विभागों व मंडलों के लिए भी लक्ष्य निर्धारण किया गया है। वन विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि 20 जुलाई को वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से 14.29 करोड़, कृषि को 2.80 करोड़, उद्यान विभाग 1.55 करोड़, पंचायती राज को 1.27 करोड़, नगर विकास को 44.97 लाख, उच्च शिक्षा को 22.54 लाख, लोक निर्माण को 14.93 लाख, रेलवे को 12.66 लाख व जलशक्ति को 13.41 लाख, बेसिक शिक्षा को 15.43 लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है।

जापान व मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस साल जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा। 160 साल के इतिहास में यह पहली बार है कि लखनऊ का दशहरी अमेरिका को निर्यात किया जा रहा है। भारत में दशहरी का दाम 60 से 100 रुपये के बीच है, लेकिन यही दशहरी जब अमेरिका के बाजार में पहुंचा तो इसका दाम 900 रुपये किलो हो गया है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, अगर हम ड्यूटी टैक्स, कार्गो और हवाई सफर का किराया भी जोड़ लें तो एक किलो आम अमेरिका भेजने की लागत 250-300 रुपये तक आ रही होगी। तब भी एक किसान एवं बागवान को एक किलो आम पर 600 रुपये की बचत होगी। योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश आम महोत्सव- 2024 की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सामान्य भाषा में जिस फल का नाम आम होता है, उस फल में प्रत्येक नागरिक की पहुंच का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। वह आम है इसलिए सबके लिए सुलभ भी है और सबके लिए सरल भी और सबके लिए उपयोगी भी। अतः जो आम होगा, वही राजा भी होगा और इसीलिए फलों के राजा के रूप में आम को हम सबने महत्व दिया है।

आम प्रदर्शनी में जानकारी लेते मुख्यमंत्री।

सार-संक्षेप

लाल जोड़े में सजी बैठी रही दुल्हन, दूल्हा लापता

बहजोई (संभल), अमृत विचार : हाथों पर मेहंदी लगाकर लाल जोड़े में सजी दुल्हन सात फेरे लेने आ रहे दूल्हे का इंतजार करती रही। लेकिन न दूल्हा पहुंचा न बरात आई। घंटों बाद उदास चेहरा लिए दूल्हे के माता-पिता दूल्हे लापता हो जाने की एफआईआर लेकर पहुंचे। नाराज दुल्हन पक्ष ने दूल्हे के माता पिता को पकड़कर बैठा लिया। बाद में दोनों पक्षों के लोग जुटे तो दूल्हे के पिता ने दुल्हन पक्ष को शादी में हुआ खर्चा देकर अपनी जान छुड़ाई। बदायूं जनपद के थाना फैजगंज बेहटा के एक गांव निवासी ग्रामीण के बेटे की शादी संभल जिले के थाना धनारी के एक गांव निवासी ग्रामीण की बेटी से तय हुई थी। 12 जुलाई को बहजोई के बीआर बैंक्वेट हॉल में शादी होना तय हुआ था।

महिला आयोग सहित अन्य को अध्यक्ष पदों का इंतजार

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य महिला आयोग सहित प्रदेश के ज्यादातर आयोग वर्तमान में खाली हैं। महत्वपूर्ण उद्देश्यों, कानूनों और कोर्ट के आदेश पर गठित कुछ आयोग तो ऐसे हैं, जिनमें पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हुए वर्षों बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक न तो वहां अध्यक्ष की नियुक्ति किए गए हैं और न ही सदस्यों की। इनमें उप्र राज्य महिला आयोग, उप्र अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग, उप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और उप्र राज्य खाद्य आयोग प्रमुख हैं। महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए गठित उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष के साथ पचीस सदस्यों के पद हैं।

पूर्व मुख्य और अधीक्षण अभियंता के खिलाफ रिपोर्ट

लखनऊ, अमृत विचार : जलनिगम की कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस के पूर्व मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के खिलाफ सतर्कता अधिष्ठान ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। कार्रवाई से पहले दोनों अभियंताओं की आय की जांच भी कराई गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। पूर्व मुख्य अभियंता सुशील कुमार वर्मा विकास खंड गोमतीनगर के रहने वाले हैं। इसी तरह इसी विभाग के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता जेपी मणि की भी खुली जांच की गई थी। इस दौरान पाया गया कि लोक सेवक के रूप में कार्य करते हुए इन्होंने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की।

पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में सुनवाई 23 को

सुलतानपुर, अमृत विचार : भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सुनवाई के लिए कोर्ट ने 23 जुलाई की तारीख नियत की है। बचाव पक्ष के वकील राजेश सिंह ने बताया कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए तत्कालीन कांस्टेबल पंकज द्विवेदी को तलब किया था, जो अभी गवाही देने हाजिर नहीं हुए हैं। अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

भाजपा कार्यसमिति की बैठक कल, बनेगी रणनीति

लखनऊ, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ में आयोजित होगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित अन्य प्रमुख नेता शामिल होकर विचार प्रकट करेंगे। इससे पहले शनिवार को बैठक के एजेंडे व अन्य विषयों पर चर्चा के लिए पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ में ही होगी। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों व अन्य विषयों पर चर्चा के लिए शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने विभिन्न व्यवस्थाओं से जुडे पार्टी पदाधिकारियों के साथ प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक में तैयारियों पर चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप दिया।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री आज आएंगे अयोध्या

अयोध्या, अमृत विचार : छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने मंत्रिमंडल के साथ शनिवार को अयोध्या पहुंचेंगे। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार वह अपनी कैबिनेट के साथ रामलला का दर्शन करेंगे। सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कैबिनेट का जनप्रतिनिधि स्वागत करेंगे।

कंपोजिट स्कूल सोते मिले गुरुजी, तस्वीर हुई वायरल

गोंडा, अमृत विचार : ऑनलाइन अटेंडेंस को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच जिले के एक शिक्षक की ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने शिक्षक समाज को एक बार फिर से कठघरे में खड़ा कर दिया है। जीपीएस कैमरे में गुरुजी विद्यालय समय में सोते मिले हैं। कुर्सी पर बैठकर सोते हुए गुरुजी की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वायरल तस्वीर में साफ दिख रहा है कि गुरुजी कुर्सी पर बैठकर आराम से सो रहे हैं। यह तस्वीर जीपीएस कैमरे से ली गई है। तस्वीर मनकापुर ब्लाक के कंपोजिट स्कूल बंजरिया में तैनात शिक्षक की बताई जा रही है। बीएसए अतुल तिवारी ने इस तस्वीर का संज्ञान लेकर इसके जांच का निर्देश दिया है।

पत्नी के चाय बनाने से इनकार करने पर डाला खौलता पानी, मौत

संवाददाता, सतांव (रायबरेली)

- रायबरेली जिले के गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र का मामला

अमृत विचार: गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के कुटी गोपालदास मजरे कोरिहर गांव में मामूली बात से नाराज पति ने पत्नी के ऊपर खौलता पानी डाल दिया। घटना में रामकली (68) गंभीर रूप से झुलस गई। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतका के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित बसंतलाल को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतका के बेटे दयाशंकर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार सुबह उसके पिता बसंतलाल का उसकी मां 68 वर्षीय रामकली से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। गुरुवार को उसकी मां रामकली खाना बनाने के लिए पानी खौला रही थी, तभी पिता बसंतलाल ने उन्हें चाय बनाने के लिए कहा। इस पर मां ने चाय बनाने से मना कर दिया। मां के मना करने से गुस्से में आए पिता बसंतलाल ने मां पर खौलता हुआ पानी डाल दिया, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई। पुलिस ने दयाशंकर की तहरीर पर बसंतलाल के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

चार करोड़ का सोना लेकर भागे दंपति और युवक

संवाददाता सोहरामऊ, अमृत विचार: थानाक्षेत्र के नीम टीकर गांव निवासी दो भाई बीते 15 साल से पंजाब प्रांत के होशियारपुर जिले के देशुआ थानांतर्गत रहकर सोने के गहने बनाने का काम कर रहे थे। बीती सात जुलाई को वे सोने के 16 कारोबारियों से करोड़ों का सोना व दो किलो चांदी गहने बनाने के लिये लेकर पत्नी समेत फरार हो गए। कारोबारियों ने तीनों के विरुद्ध देशुआ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके बाद पंजाब पुलिस उनकी तलाश में सोहरामऊ थाने पहुंची। जहां पंजाब व सोहरामऊ पुलिस आरोपियों के घर पहुंची लेकिन, वहां उनका कोई सुराग नहीं लग सका।

मनुस्मृति से मेल नहीं खाती है संविधान की संरचना : मायावती

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : बसपा सुप्रीमो मायावती ने मनुस्मृति को बाबा साहेब के बनाए संविधान के मान-सम्मान व मर्यादा के विपरीत बताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में मनुस्मृति पढ़ाने के प्रस्ताव को रद करना एक स्वागत योग्य कदम है।

मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मनुस्मृति पढ़ाए जाने के प्रस्ताव का तीव्र विरोध स्वाभाविक तथा इस प्रस्ताव का रद किए जाने का फैसला स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जिस संविधान की रचना की वो मनुस्मृति से कतई मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा कि समता मूलक एवं कल्याण कारी उद्देश्यों के विरूद्ध जाकर मनुस्मृति को पढ़ाया जाना कतई उचित नहीं है। बाबा साहेब ने खासकर उपेक्षितों व महिलाओं के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के साथ ही मानवतावाद एवं धर्मनिरपेक्षता को मूल में रखकर सर्व स्वीकार भारतीय संविधान की संरचना की, जो मनुस्मृति से कतई मेल नहीं खात है। दिल्ली विश्वविद्यालय में मनुस्मृति पढ़ाए जाने की बात की गई थी, जिसका प्रबल विरोध हुआ था।

दिमाग करेगा कृत्रिम अंगों को कंट्रोल

लखनऊ, अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय जल्द ही ऐसे कृत्रिम अंग विकसित करेगा, जिनका संचालन मस्तिष्क से नियंत्रित किया जा सकेगा। विवि में तैयार किए जाने वाले ये अंग विदेशों में मिलने वाले कृत्रिम अंगों से दस गुना सस्ते होंगे।

कुलपति प्रो. संजय सिंह ने बताया कि इसके लिए आईआईटी दिल्ली और बीएचयू से एमओयू होने जा रहा है। दो नई लैब भी स्थापित की जा रही हैं। तैयार होने वाले उपकरण मस्तिष्क के नियंत्रण में रहेंगे। जो उपकरण विदेशों में 25-30 लाख की कीमत में उपलब्ध होते हैं, उन्हें विवि की लैब 3 लाख रुपये में तैयार करेगा।

भाई के कंधे पर बहन की लाश के वीडियो से सियासी भूचाल

संवाददाता, पलिया कलां (खीरी)

- पलिया में रहकर पढ़ाई करती थी किशोरी, सपा अध्यक्ष अखिलेश ने एक्स पर किया पोस्ट

अमृत विचार: बाढ़ की विभीषिका ने दो भाइयों को ऐसा लाचार किया कि उन्हें अपनी बहन की लाश को पांच किलोमीटर तक अपने कंधे पर लादकर ले जाना पड़ा।

दरअसल, बाढ़ के कारण पलिया मार्ग पर वाहन नहीं चल रहे हैं। यही वजह रही कि जेब में पैसे होने के बाद भी उसे अपनी बहन की लाश को कंधे पर लादकर चलना पड़ा। उसने न तो प्रशासन से मदद मांगी और न ही किसी और से। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए सरकार से अपेक्षा की है कि अतिरिक्त आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त इंतजाम करें। इधर, क्षेत्रीय भाजपा विधायक रोमी साहनी ने भी घटना को दुखद बताया है और जल्द ही पीड़ित के घर पहुंचने की बात कही है। वहीं सपा के पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने भी जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से ऐसे मामलों को संजीदगी से लेने की बात कही है।

बहन का शव कंधे पर रखकर ले जाता भाई।

थाना मैलानी के गांव एलनगंज महाराजनगर निवासी सरोज ने बताया कि वह अपने बड़े भाई मनोज और बहन शिवानी के साथ पलिया में रहकर पढ़ाई करते हैं। उनकी बहन कक्षा 12 की छात्रा थी। तीन दिन पहले उसकी बहन की तबीयत खराब हो गई थी। उसने बहन को अस्पताल में भर्ती करा दिया था, लेकिन शिवानी की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। चारों तरफ बाढ़ होने से वह बहन को कहीं बाहर इलाज के लिए नहीं ले जा सका। बहन की मौत हो जाने पर उसके शव को कंधे पर रखकर ले

शादी में रसगुल्ले मांगने पर विवाद बरातियों की लाठी-डंडों से पिटाई

मुरादाबाद, अमृत विचार: विवाह समारोह में रसगुल्लों को लेकर विवाद हो गया। बरातियों को रसगुल्ले मांगने पर लाठी-डंडे मिले। विवाद में एक घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला।

दोनों ओर से जमकर कुर्सी, मेज और प्लेटें फेंकी गईं। बराती भारी पड़े तो दुल्हन पक्ष के लोगों ने राइफल-तमंचा निकाल लिए। फिर बरातियों की जमकर पिटाई की। डर की वजह से बराती अपने-अपने वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। विवाद में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कटघर थाना क्षेत्र के हृदयपुर निवासी युवक ने बताया है कि रिश्ता पक्का होने के बाद लड़की के परिजन 10 जुलाई को उनके ताऊ के लड़के का लगन-टीका लेकर हृदयपुर आए थे। लोगों के लिए खाने-पीने से लेकर सारी व्यवस्था की गई थी। लेकिन, दावत में शराब कम पड़ गई। लड़की पक्ष के लोगों ने इसे अपनी बेइज्जती समझा। अगले दिन दूल्हा बरात लेकर रफादपुर पहुंचा। समारोह में विवाह के सारे कार्यक्रम हो चुके थे।

उत्तराखंड

देवीधुरा में बग्वाल मेला 16 अगस्त से

टनकपुर, अमृत विचार : जनपद चम्पावत के लोहाघाट क्षेत्र से लगे मां बाराही धाम देवीधुरा में आयोजित होने वाले बग्वाल मेले की तैयारी को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। 16 अगस्त से 26 अगस्त तक कुल 11 दिनों तक चलने वाले आषाड़ी रक्षाबंधन बग्वाल मेले को भव्यता से मनाया जाएगा। मेले का मुख्य आकर्षण फल फूलों से खेले जाने वाला बग्वाल मेला (पाषाण युद्ध) 19 अगस्त को होगा। बैठक में सुरक्षा, यातायात, पेयजल, बिजली व वाहन पार्किंग व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई। डीएम ने सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में नालियों की सफाई, झाड़ी कटान के लिए लोनिवि और एएमए जिला पंचायत को शीघ्र कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

डॉक्टर महेश शर्मा के खिलाफ पैथ लैब संचालिका से छेड़छाड़ का मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हलद्वानी

- महिला कर्मी से अस्पताल के केबिन में अश्लील हरकत और धमकाने का आरोप

अमृत विचार : मुखानी थाना क्षेत्र स्थित शहर एक बड़े निजी अस्पताल के मालिक डॉ. महेश शर्मा के खिलाफ पैथोलॉजी लैब संचालिका ने छेड़छाड़, अश्लील हरकत करने और धमकाने का आरोप लगाते हुए मुखानी थाने में तहरीर दी।

महिला का कहना है कि उसके साथ हुई घटनाएं छह जून से 22 जून के बीच की हैं। डर के चलते महिला तहरीर नहीं दे पाई थी। हालांकि शुक्रवार को तहरीर मिलने के बाद मामले में पुलिस ने देर रात मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक थानाक्षेत्र की ही रहने वाली महिला ने तहरीर में बताया है कि वह शहर में ही पैथोलॉजी लैब का संचालन करती है। अक्सर वह डॉ. महेश शर्मा के अस्पताल से ब्लड सैंपल लेने जाती थी। इसी बीच डॉ. ने उससे बातचीत का सिलसिला शुरू किया था। साथ ही खुद को पिथौरागढ़ का बताते हुए लैब संचालन में उसकी मदद करने का आश्वासन भी दिया। वहीं पत्नी से न बनने और जल्द उससे तलाक लेने की बात कहकर बातचीत को आगे बढ़ाया। पुलिस ने बताया कि महिला का आरोप है कि छह जून 2024 को डॉ. महेश शर्मा शराब के नशे में रात करीब 10 बजे उसके घर पहुंच गए। जब उसने वापस जाने को कहा तो विरोध करने लगे। महिला ने रिकॉर्डिंग करने की कोशिश की तो डॉ. ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। हालांकि किसी तहर डॉ. को घर भेज दिया। इसके बाद 22 जून को लैब संचालिका अपनी सैंपल जांच का बकाया भुगतान लेने के लिए शाम करीब 3:15 बजे डॉ. के अस्पताल पहुंची। आरोप है कि डॉ. ने अपने चैंबर में पीड़िता से अश्लील हरकतें की साथ ही जबरदस्ती करने का भी प्रयास किया। जब उसने इसका विरोध किया तो डॉ. ने आग बबूला होकर बकाया भुगतान न देने, सामाजिक छवि खराब करने और लैब बंद कराने के साथ-साथ जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने बताया कि वह काफी डरी हुई थी इसलिए अभी तक शिकायत नहीं दी।

तमंचे के बल पर दो युवतियों का अपहरण

काशीपुर, अमृत विचार : तमंचे के बल पर बाइक सवार एक युवक ने दो युवतियों का अपहरण कर लिया। इसकी वीडियो वायरल होने पर पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस की टीम युवक को पकड़ने के लिए आसपास लगाए गए सीसीटीवी खंगालने में जुटी है। मानपुर रोड स्थित स्टेडियम के पास शुक्रवार देर शाम 7 बजे दो युवतियां खड़ी थीं। इसी दौरान एक युवक अपाची बाइक से आकर खड़ा हुआ। वायरल वीडियो में युवक युवती को बाइक पर बैठने के लिए इशारा करता है। युवती के मना करने पर युवक अपनी जेब से तमंचा निकालकर बट से युवती को मारता है। इसके डर से युवती बाइक पर बैठ जाती है और दूसरी भी युवती बाइक पर बैठ जाती है।

श्री गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार: गुरुनानक नगरी गोठा में स्थापित गुरुद्वारा साहिब में घुसकर श्री गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूप को जलाने वाले आरोपी के खिलाफ गुरुद्वारे के सेवादार ने मुकदमा दर्ज कराया है। इस दुखद घटना के बाद श्री गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूप को गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचाया गया।

गुरुनानक नगरी गोठा निवासी कुलवंत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गुरुनानक नगरी गोठा में स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में वह करीब 25 वर्षों से सेवा कर रहे हैं। गुरुद्वारे में एक बड़ा कमरा बना हुआ है। जिसके बीच दरवाजे के सामने पालकी साहिब पर श्री गुरुग्रंथ साहिब विराजमान थे। जो करीब 10 वर्ष पुराने धार्मिक अनुष्ठान के तहत स्थापित किए गए थे। 11 जुलाई की सुबह गुरुद्वारे में 5 से 7 बजे तक प्रकाश किया गया। उसके बाद गुरुद्वारा का कुंडा बंद कर दिया गया। सेवक मुख्तार सिंह घर चले गए। दोपहर करीब 12:30 बजे कृष्ण सिंह उर्फ किशन सिंह निवासी नकहा लौका गुरुद्वारे में आया। जिसे गांव के महेंद्र सिंह, इकबाल सिंह और उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में घुसते हुए देखा। आरोप है कि वे गुरुद्वारे में माथा टेकने गए तो किशन सिंह ने श्री गुरुग्रंथ साहिब में आग लगा दी। धुआं उठता देख वह लोग बाहर आए। उस समय किशन सिंह कमरे में मौजूद था। इस दौरान शोर सुनकर लोगों ने किशन सिंह को मौके पर पकड़ लिया। सूचना मिलते ही गांव के मनजीत सिंह और दरबार सिंह भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान उनके द्वारा श्री नानकमत्ता साहिब कमेटी को सूचना दी गई।

दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई: जोगिंदर सिंह

सितारगंज : गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब प्रबंधक कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह ने प्रेस नोट जारी कर गुरु नानक नगरी गोठा में गुरुद्वारा साहिब में अग्निकांड के चलते गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूप को अग्नि भेंट होने की सूचना पर दुख प्रकट किया। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता साहिब की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब श्री अमृतसर साहिब, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर साहिब और स्थानीय प्रशासन से सामंजस्य स्थापित कर मामले में कार्रवाई की कोशिश कराई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि घटना में लिप्त दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमत्ता साहिब प्रतिबद्ध है।

हरिद्वार आने वाले कांवड़ियों का होगा पुष्प वर्षा से स्वागत : धामी

देहरादून/हरिद्वार, अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हरिद्वार के मेला नियंत्रण कक्ष में कांवड़ मेले की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कांवड़ मेला शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं कर ली जाएं। यह भी सुनिश्चित करें कि कांवड़ के दौरान स्थानीय लोगों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी न हो।

सीएम धामी ने कहा की शिवभक्त कांवड़ियों के स्वागत में हेली से पुष्प वर्षा की जाए। कांवड़ यात्रा में होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए पुलिस और प्रशासन तैयार रहे। यात्रा के सभी मार्गों पर पुलिस बलों की तैनाती, विभिन्न स्थानों पर अस्थाई पुलिस चौकी का निर्माण एवं अतिरिक्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की जाए। अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों से नियमित निगरानी हो। कांवड़ियों को बाईपास एवं वैकल्पिक मार्गों की जानकारी साइन बोर्ड से दी जाए।

उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि कांवड़ यात्रा से पहले कांवड़ पटरी का सौंदर्यीकरण, यात्रा मार्ग पर शौचालय, स्नान घर, शुद्ध पेयजल, यात्री शेड, लाईट, मेडिकल सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्थाएं हो।

गोलीकांड के शूटर ने किया आत्मसमर्पण

रुद्रपुर, अमृत विचार : अधिवक्ता गोलीकांड के एक शूटर की रामपुर यूपी न्यायालय में आत्मसमर्पण की चर्चा सही साबित हुई। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने यूपी कोर्ट में आवेदन देकर रिमांड पर लेने की तैयारी कर ली है। वहीं दूसरे शूटर की तलाश तेज कर दी है। 27 जून की दोपहर को गदरपुर निवासी अधिवक्ता प्रशांत सिंह पर बाइक सवार दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दी थीं। अभी पुलिस तफ्तीश ही कर रही थी कि फेसबुक पर यूके में बैठे सहज विर्क ने गोलीकांड की जिम्मेदारी लेते हुए कई लोगों से मुलाकात करने की धमकी भरा मैसेज पोस्ट किया था।

समान नागरिक संहिता की रिपोर्ट आमजन के लिए की गई सार्वजनिक

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : आखिरकार दो वर्ष एक माह 15 दिन के बाद समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई है। चार खंडों में तैयार इस रिपोर्ट को यूसीसी की वेबसाइट https://ucc.uk.gov.in/ पर भी पढ़ा जा सकता है।

यूसीसी के लिए गठित रूल्स मेकिंग एंड इंपलिमेंटेशन कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह ने शुक्रवार को राज्य अतिथि गृह में हुई पत्रकार वार्ता में बताया कि राज्य सरकार ने 27 मई 2022 को समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए रिटायर्ड जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित की थी। यूसीसी का ड्राफ्ट बनाने से पूर्व कमेटी ने 43 जनसंवाद कार्यक्रम और विभिन्न माध्यमों से 2.33 लाख लोगों के सुझाव प्राप्त किउ। बीती 2 फरवरी को कमेटी ने राज्य सरकार को समान नागरिक संहिता को लेकर रिपोर्ट सौंप दी थी। राज्य सरकार ने इस रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखा और पारित कराया। बीती 10 फरवरी को उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में सात सदस्यीय रूल्स मेकिंग और इंप्लीमेंटेशन कमेटी का गठन किया था। इसके बाद 11 मार्च को राष्ट्रपति ने भी समान नागरिक संहिता विधेयक को मंजूरी दे दी। इसके बाद राज्य सरकार की ओर से यूसीसी की नियमावली तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस वर्ष अक्टूबर में यूसीसी लागू करना चाहते हैं इसके मद्देनजर कमेटी का प्रयास है कि तय समय सीमा में नियमावली बनाई जाए। आचार संहिता लागू होने के कारण संहिता के कुछ खंड जारी नहीं हो पाए थे, जिन्हें अब सार्वजनिक कर दिया गया है। राज्य सरकार ने भी नियमावली समिति को सभी चार खंड जनता के लिए सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे इसी क्रम में यूसीसी की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है।

यूसीसी में ये हैं मुख्य प्रावधान

- यूसीसी लागू होने पर बाल विवाह, बहु विवाह, तलाक जैसी सामाजिक कुरीतियों पर लगाम कसेगी।
- किसी भी धर्म की संस्कृति, मान्यता और रीति-रिवाज से यह कानून प्रभावित नहीं होगा।
- बाल और महिला अधिकारों की सुरक्षा होगी। अनिवार्य विवाह पंजीयन वरना सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना होगा।
- पति-पत्नी के जीवित रहते दूसरे विवाह पर प्रतिबंध। सभी धर्मों में विवाह की न्यूनतम उम्र लड़कों के लिए 21 और लड़कियों के लिए 18।
- वैवाहिक दंपति में यदि कोई एक बिना दूसरे व्यक्ति की सहमति के धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे को तलाक लेने और गुजारा भत्ता लेने का हक मिलेगा। दंपति के तलाक या घरेलू झगड़े के समय 5 वर्ष तक के बच्चे की कस्टडी माता के पास रहेगी
- सभी धर्मों में पति-पत्नी को तलाक लेने का समान अधिकार होगा। सभी धर्म-समुदायों में बेटा-बेटी को संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा।
- मुस्लिम समुदाय में प्रचलित हलाला और इद्दत की प्रथा पर रोक लगेगी। संपत्ति में अधिकार के लिए जायज और नाजायज बच्चों में भेद नहीं।
- नाजायज बच्चों को दंपति की जैविक संतान माना जाएगा

बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म, हालत गंभीर

डीएम ने अस्पताल पहुंच जाना हाल, शादी में मां के साथ आई थी गेस्ट हाउस

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार : मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में मां के साथ शादी समारोह में भाग लेने आई चार वर्ष की बालिका को गेस्ट हाउस से अगवा कर दुष्कर्म किया गया। गेस्ट हाउस से थोड़ी दूरी पर बालिका अचेत पड़ी मिली। उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में गुरुवार देर रात बारात आई थी। इस शादी समारोह में थाना कमालगंज क्षेत्र का एक परिवार शामिल होने के लिए आया था। मां के साथ विवाह समारोह में चार वर्षीय बच्ची गेस्ट हाउस में खेल रही थी। अचानक खेलते-खेलते बच्ची गायब हो गई। रात करीब 11 बजे परिजनों ने बच्ची को गायब देखा तो उन्होंने उसकी खोजबीन की गई तो गेस्ट हाउस से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर कबीर नगर मार्ग पर सड़क

किनारे वह बेहोश पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा। वहां डॉक्टर ने बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद महिला पुलिस कर्मी के साथ परिजनों ने बच्ची को डॉ. राम मनोहर लोहिया महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। बच्ची के पैरों की तोड़ियां भी गायब है।

बच्ची की मां ने बताया कि बच्ची को गोद में लेकर वह कार्यक्रम में घूम रही थी। थक जाने के कारण बच्ची को नीचे उतार दिया था। 10 मिनट में बच्ची गेस्ट हाउस से गायब हो गई। बताया कि सीसीटीवी फुटेज में जो युवक दिखाई दे रहा है, उसे हम लोग नहीं पहचानते हैं। पुलिस ने गेस्ट हाउस पहुंचकर हलवाई और वेटर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में सभी को छोड़ दिया गया। सीसीटीवी फुटेज में बच्ची अकेली गेस्ट हाउस से जाते दिख रही है। उसके आगे एक युवक दिख रहा है।

घटनास्थल पर पहुंचे एसपी आलोक प्रियदर्शी ने सीओ तथा कोतवाल को आरोपी को तलाशने के निर्देश दिए। घटना की सूचना पर महिला अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी वीके सिंह व सीएमओ अवनींद्र कुमार को सीएमएस डॉ. कैलाश दुल्हानी ने बताया की बच्ची को मेडिकल टेस्ट के बाद भर्ती कर लिया गया है। बच्ची के इंटर्न पार्ट में इंजरी है। सर्जन को केस रेफर किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बालिका के बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

जंगल में ले जाकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

सुलतानपुर, अमृत विचार : बीते 17 जून की देर शाम घर आए दो युवकों ने विवाहिता को घर में अकेली देख डरा धमका बाइक पर बैठा जंगल ले गए। वहां पहले से ही दो युवक मौजूद थे। आरोप है कि चारों ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। डरी सहमी विवाहिता ने करीब माह भर बाद शुक्रवार को मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया। पुलिस ने तीन को गिरफ्तार भी कर लिया है। शुक्रवार को गोसाईगंज थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें बताया कि 17 जून की शाम को वह घर पर अकेली थी। देर शाम करीब आठ बजे लालजी जायसवाल व गुलाबचंद्र मौर्या उसके घर पर आए। आरोप है कि उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर जंगल में ले गए। जंगल में पहले से ही रमन वर्मा और अनूप प्रजापति मौजूद थे। जंगल में बारी-बारी से लालजी जायसवाल, गुलाबचंद्र मौर्या व रमन वर्मा व अनूप ने महिला के साथ दुराचार किया। क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर प्रशांत सिंह ने बताया केस दर्ज कर लिया गया है। तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

निजी मेडिकल-डेंटल कॉलेजों की शुल्क सूची वेबसाइट पर

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की सबसे ज्यादा फीस 13,73,760 रुपये बरेली स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस की है। वहीं सबसे कम फीस सीतापुर के हिंद इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंसेज में 10,77,229 रुपये है। दूसरी तरफ गाजियाबाद के आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा बीडीएस के लिए 3,84,000 रुपये लिए जा रहे हैं। कॉलेजों में यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों के शुल्क का ब्योरा चिकित्सा शिक्षा विभाग (डीजीएमई) महानिदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि निजी कॉलेजों में फीस निर्धारण के लिए समिति बनाई गई है। समिति की संस्तुति से ही किसी भी निजी कॉलेज में पाठ्यक्रम का शुल्क निर्धारण होता है, जिसके बाद शुल्क की सूची विभाग की वेबसाइट पर लोड की जाती है ताकि अभ्यर्थियों को दाखिला लेने के पहले काउंसिलिंग के दौरान हर कॉलेज की फीस की जानकारी रहे।

हाईटेक महाकुंभ में कर्मचारियों की लगेगी डिजिटल हाजिरी

लखनऊ, अमृत विचार : अगले साल प्रयागराज महाकुंभ मेले के आयोजन में अब 6 महीने का समय शेष है। 14 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में दुनियाभर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रदेश भर से बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों की तैनाती होगी। ऐसे में उनकी दैनिक उपस्थिति को सुनिश्चित करने और रियल टाइम एसेसमेंट करने के लिए राज्य सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लेने जा रही है। अगर यह प्रयोग सफल रहा तो भविष्य के बड़े सरकारी आयोजनों में भी इसे लागू किया जा सकता है। फिलहाल शुरुआत महाकुंभ से हो रही है।

महाकुंभ मेले में सेवाएं देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए डिजिटल अटेंडेंस सिस्टम फेशियल रिकग्निशन बेस्ड मोबाइल ऐप के जरिए काम करेगा। इस ऐप को एंड्रॉयड व आईओएस फॉर्मेट पर कार्य करने के लिए विकसित किया जाएगा। यह योजना 8 महीने के प्रोजेक्ट पीरियड के लिए संचालित होगी।

सार-संक्षेप

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने किये रामलला के दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ शुक्रवार को रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जिला जज गौरव श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया, जहां पुजारी हेमंत दास ने उनका स्वागत किया। उसके बाद राम मंदिर पहुंचे। उन्होंने रामलला के दर्शन किये। निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत राम कथा पार्क हेलीपैड स्थल से लखनऊ के लिए रवाना हुए।

स्मार्टक्लास-फिजिक्स लैब से युक्त होंगे सर्वोदय विद्यालय

लखनऊ, अमृत विचार : भारत प्रतिभूति मुद्रण एवं मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (भारत सरकार टकसाल) ने उप्र. समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित तीन सर्वोदय विद्यालयों को 71 लाख रुपये का सीएसआर फंड प्रदान किया है। इस फंड से विद्यालयों में स्मार्टक्लास और फिजिक्स लैब को और विकसित किया जाएगा। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि चल रहे सर्वोदय विद्यालयों को अपने विकास के लिए निजी कंपनियों द्वारा सीएसआर फंड मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस फंड से बदनौरा (बुलंदशहर), निडोरी (गाजियाबाद) और हस्तिनापुर (मेरठ) में संचालित तीन सर्वोदय विद्यालयों में स्मार्टक्लास और फिजिक्स लैब को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा प्रदेश में 103 सर्वोदय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है।

दुग्ध उत्पादन बढ़ाने को पशु सखियों को मिलेगी ट्रेनिंग

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य सरकार पशुधन और ग्रामीण आबादी के विकास व उनकी स्थाई आय बढ़ाने के लिए ए-हेल्प कार्यक्रम का संचालन करने जा रही हैं, जिसे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और पशुपालन विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को पहले पायलट प्रोजेक्ट के तहत अगस्त माह के पहले हफ्ते में लांच किया जाएगा। शुरुआत में इसे 25 जिलों के 50 विकास खंडों में लागू किया जाएगा, जिसके बाद सरकार इसे पूरे राज्य में लागू करेगी। इसके अंतर्गत अगले दो साल में 10 हजार पशु सखियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि लक्ष्य है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2,000 पशु सखियों को ए-हेल्प एजेंट के रूप में प्रशिक्षित करना है। अगले दो वर्षों में यह संख्या बढ़कर 10,000 एजेंटों तक पहुंचने की उम्मीद है।

आम बीन रहे बच्चों को पेड़ से बांधा, माली पर रिपोर्ट

महाराजगंज, एजेंसी। महाराजगंज में बगीचे में गिरे हुए आमों को बीनने पर माली द्वारा तीन बच्चों को दंडित किए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी (माली) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चौक पुलिस थाने के प्रभारी प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि वायरल वीडियो में माली ने न केवल तीनों बच्चों को एक पेड़ से बांधा, बल्कि प्रत्येक के मुंह में आम ठूंस दिया। पाठक ने कहा कि आरोपी माली के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। ग्रामीणों के मुताबिक गुरुवार सुबह कुछ लोग पिपरैया गुरु गोविंद राय गांव में उस बगीचे में छह वर्षीय नीतीश, पांच वर्षीय बलबीर और पांच वर्षीय अंश के साथ गए थे। ये बच्चे बगीचे में पहुंचे और गिरे हुए आम बीनने लगे। तभी बगीचे का माली वहां आया और उसने बच्चों को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि इन बच्चों को रस्सी से एक पेड़ से बांध दिया गया। तभी वहां कुछ लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया और इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

दो आईएएस अफसरों का स्थानांतरण

लखनऊ, अमृत विचार : शासन ने आईएएस कुमार विनीत को उप्र. चीनी निगम का नया प्रबंध निदेशक बनाया है। अभी तक वह अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वहीं, निर्वाचन आयोग कार्यालय लखनऊ में अब तक कार्यरत आईएएस निधि श्रीवास्तव को भी अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। फिलहाल उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है।

युवक को 40 दिन में 7वीं बार सांप ने डसा

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार : सांप ने 40 दिन के अंदर एक शख्स को सात बार काटा, लेकिन सातवीं बार जब सांप ने युवक को काटा तो उसकी हालत नाजुक हो गई। उसे शहर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में इलाज हो रहा है।

सर्पदंश से पीड़ित 24 वर्षीय विकास द्विवेदी मलवां थाना क्षेत्र के सौरा गांव का रहने वाला है, जिसे 40 दिनों के अंदर सांप ने 7वीं बार काट लिया। युवक व परिजनों के मुताबिक, हर बार सांप के काटने के पहले उसे खतरे का आभास भी हो जाता है। उसे शनिवार और रविवार के दिन ही सांप ने काटा है। भयभीत होकर वह रिश्तेदारी में भी गया, लेकिन सर्प पीछा नहीं छोड़ रहा है। इलाज कर रहे डॉ. जवाहर लाल के अनुसार हालत चिंताजनक बनी हुई है। 12 से 24 घंटे

सांप के काटने के बाद निजी अस्पताल में चल रहा युवका का इलाज।

बाद कुछ बता पाना मुमकिन होगा। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हैं। पीड़ित युवक को जब छठवीं बार सांप ने काटा था तो उसने खुलासा किया था कि मुझे सांप ने तीसरी बार काटा था। उसी रात वही सांप मेरे सपने में भी आया था और मुझसे बोला था कि मैं तुझे नौ बार काटूंगा, लेकिन आठवीं बार तक तो तू बच जाएगा, लेकिन नौंवी बार तूझे कोई नहीं बचा पाएगा और तुझे अपने साथ ले जाऊंगा। सांप ने उसे हमेशा शनिवार और रविवार को ही डसा है।

इसी अस्पताल में हुआ छह बार इलाज

युवक का पहले भी 6 बार इसी अस्पताल में इलाज किया गया था और 7वीं बार भी यहीं इलाज चल रहा है। युवक को घर से दूर रिश्तेदारी में रखा गया, लेकिन वहां भी उसे सर्प डस लेता है। अब विकास का परिवार सरकार से मदद की गुहार लगा रहा है। सातवीं बार घटना होने से परिजन खासा चिंतित हैं।

डॉक्टरों की टीम करेगी जांच

24 साल के विकास को बार-बार सांप काटने के मामले में शासन के हस्ताक्षेप पर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। सीएमओ डॉ. राजीव नयर गिरि ने बताया कि डिप्टी सीएमओ स्तर के चार डॉक्टरों की टीम गठित की गई है। टीम पूरे मामले की जांच कर 48 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपेगी।

आवंटी को भूखंड न देने पर एलडीए पर 10 लाख हर्जाना

लखनऊ, अमृत विचार : धनराशि जमा करने के बाद भी योजना में आवंटित भूखंड आवंटी को न देने पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) पर 10 लाख रुपये हर्जाना लगाया है। दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों ने धनराशि वसूल कर मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करने के आदेश दिए गए हैं। आयोग ने शासन को मामले की जांच कराने के लिए एसआईटी गठित करने की सिफारिश भी की है। बाराबंकी निवासी पुष्पा देवी ने एलडीए की जानकीपुरम योजना के सेक्टर- एच, नाग-6 के तहत डी-श्रेणी आवासीय भूखंड के लिए पंजीकरण कराया था। उन्होंने संख्या-6/61 क्षेत्रफल के भूखंड के लिए 19 अप्रैल 2005 को 25 हजार रुपये पंजीकरण धनराशि जमा कर आवेदन किया था।

कब्जा, ट्रांसफर की शिकायतें सुन योगी बोले, फरियादियों की सुनो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर किया जनता दर्शन

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। पीड़ितों ने पुलिस, कब्जा, स्थानांतरण आदि मुद्दों को लेकर योगी से अपनी वेदना रखी, जिस पर उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरियादियों की सुनिये, फिर संवाद कर कार्रवाई कीजिये। हर उचित मामलों में पीड़ित की संतुष्टि जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं। एक शिक्षक ने अपनी निजी परेशानी को बताते हुए स्थानांतरण का आग्रह किया, जिस पर उनके आवेदन को कार्रवाई के लिए शिक्षा निदेशालय भेज दिया गया। वहीं मृतक आश्रित कोटे से नौकरी का प्रार्थना पत्र लेकर भी एक फरियादी पहुंचे, जिस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों को इसे सम्बंधित विभाग में भेजकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान पुलिस और जमीन कब्जे से जुड़े मामले भी आए, जिस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलों के अफसरों को इस पर कार्रवाई का निर्देश दिया।

प्रेम के इजहार के लिए प्रेमी ने शहर में लगा दी होर्डिंग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार : शहर में एक युवक को प्रेम हुआ तो युवती से निवेदन कर दिया। शायद यह प्रयास कामयाब नहीं हुआ तो उसने अनोखा तरीका अपना डाला। सुबह जब लोग जागे तो शहर के बीच एक स्थान पर गुलाबी रंग के होर्डिंग पर प्रेमिका व प्रेमी का नाम लिखा था। इसमें अनोखे अंदाज में शादी का निवेदन किया गया था। हालांकि पुलिस ने इसे उतरवा दिया है। यह गुलाबी रंग का होर्डिंग सीएमओ ऑफिस के पास मेन रोड पर लगा था। लोगों ने ध्यान दिया तो इस पर एक लड़की और एक लड़के का नाम लिखा था। साथ ही अंग्रेजी

में लिखा गया है जिसका तात्पर्य है कि 'जब से तुमसे मिला हूं, बस तुम्हारा हूं। अंतिम सांस तक तुम्हारा साथ देने का वादा करता हूं।'

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने होर्डिंग उतरवाकर जांच शुरू की गई। इस संबंध में सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि होर्डिंग में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं था। सीसीटीवी के जरिये युवक की तलाश की जा रही है।

मऊ और कानपुर देहात में बनेंगे आश्रम पद्धति विद्यालय

लखनऊ, अमृत विचार : मऊ और कानपुर देहात में नए आश्रम पद्धति विद्यालय की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। एक विद्यालय के निर्माण पर 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

खबरें कोर्ट रूम से...

हाईकोर्ट के वकीलों ने खत्म की हड़ताल

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- विभिन्न मांगों को लेकर तीन दिन से किया था कार्य बहिष्कार

अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से शुक्रवार दोपहर 1 बजे नए पदाधिकारी कक्ष में आयोजित बैठक में तीन दिनों से चल रहे अधिवक्ताओं के आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया है। सोमवार से अधिवक्ता न्यायिक कार्य करेंगे। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी और संचालन महासचिव विक्रांत पांडेय ने की। अधिवक्ताओं द्वारा किए जा रहे आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय मुख्य न्यायाधीश के इस आश्वासन पर किया गया कि अति शीघ्र बार की कार्यकारिणी द्वारा की गई मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा और इसके अनुपालन में पहला सकारात्मक कदम दिनांक 11 जुलाई 2024 को उठाया गया है। दिनांक 29 जुलाई 2024 को कार्यकारिणी अग्रिम कार्यवाही हेतु पुनः बैठक करेगी। इसके अलावा वर्तमान बैठक में कार्यकारिणी ने यह भी निर्णय लिया की मुख्य न्यायाधीश से ऐसे किसी अधिवक्ता का नाम न्यायमूर्ति के रूप में प्रस्तावित न करने के लिए अनुरोध किया जाएगा, जो हाईकोर्ट में वकालत न करता हो। बार एसोसिएशन द्वारा की जा हड़ताल उन न्यायाधीशों के विरुद्ध थी, जो अधिवक्ताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हैं। उक्त जानकारी संयुक्त सचिव (प्रेस) पुनीत कुमार शुक्ला द्वारा जारी की गई है।

पेपर लीकः आरोपी को सशर्त जमानत

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती की परीक्षा के पेपर लीक मामले के मास्टर माइंड राजीव नयन की सशर्त जमानत मंजूर कर ली। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। गौतमबुद्धनगर में एसटीएफ की ओर से दर्ज मामले में राजीव नयन का नाम पेपर लीक गिरोह के साथी सह-अभियुक्त प्रमोद कुमार पाठक, मोनू पंडित, गौरव चौधरी, आशीष पालीवाल, मोहन उर्फ मोना, अखिलेश और राहुल की गिरफ्तारी के बाद सामने आया था।

बेसहारा मरीजों के इलाज पर हुई सुनवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि बेसहारा मरीजों के इलाज व अशक्त मरीजों के लिए सहायक दिए जाने का शासनादेश तो जारी कर दिया गया, लेकिन इसकी मॉनीटरिंग कैसे की जानी चाहिए, इस बिंदु पर अगली सुनवाई में विचार किया जाएगा। यह टिप्पणी करते हुए न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 अगस्त की तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने ज्योति राजपूत की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया।

वर्ग पहेली-129

बाएं से दाएं

1.1. कुटिल व चालाक, काइयां, स्वार्थी 2. जिसके मन की बात को जानना बहुत कठिन है 3. खेतीबारी तथा गांव संबंधी कहावतों के लिए भोजपुरी बोली के एक प्रसिद्ध कवि तथा लोकमर्मज्ञ 4. जादूगर, बाज़ीगर 5. अनुभवी और नीतिज्ञ विद्वान।

3.1. विशेष घर जो मिट्टी

4.1. पछताने की क्रिया या भाव 2. पश्चाताप, अफ़सोस 3. अनुचित कार्य करने के बाद होने वाली आत्मग्लानि।

7.1. राजनीति करने वाला, राजनेता 2. अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए दूसरे को बेवकूफ़ बनाने वाला व्यक्ति।

ऊपर से नीचे

2. मज़ेदार, मिर्च-मसालेदार, चरपरा।

3.1. वह जो बलवा करे, विद्रोही, बागी 2. वह जो अशांति फैलाए।

5.1. आबाद, बसा हुआ 2. भरा-पूरा 3. संपन्न, समृद्ध।

6.1. धर्मानुसार देवता को अर्पित की जाने वाली वस्तु 2. चंदन आदि के लेप से बनाई हुई रेखा, लकीर 3. श्रेणी, पंक्ति 4. सिकुड़न के कारण शरीर पर पड़ी हुई लकीर, झुर्री 5. पेट के दोनों ओर पेटी के सिकुड़ने से पड़ी हुई रेखा, बल 6. (पुराण) एक दैत्य जो प्रह्लाद का पौत्र था और जिसे विष्णु ने वामन अवतार लेकर छला था 7. प्राचीन भारत में एक राजकीय कर 8. बवासीर का मस्सा 9. छप्पर का वह किनारा जहां से बरसात का पानी नीचे गिरता है, छाजन की ओलती 10. पीले रंग का खनिज पदार्थ, गंधक 11. एक प्रकार का वाद्य यंत्र।



वर्ग पहेली -128 का हल

	1 वि							
	2 दे	खा	3 दे	खी				
4 का	शी		व		5 गू			
			गृ		दा			
	6 मु	7 शा	ह	रा				
		लि						
8 जी	ला	नी		9 ट	च			

सुडोकू-42

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2				7		
8		3	5		6			4
		1	7			6		3
	3			8	9			1
			2		4			
9			3	5			7	
6		4			5	8		
7			1		8	9		6
		9				5		

सुडोकू -41 का हल

7	1	5	8	4	6	3	9	2
9	4	3	2	5	1	7	8	6
6	2	8	9	7	3	5	4	1
1	8	2	6	3	9	4	5	7
4	3	9	7	2	5	6	1	8
5	6	7	1	8	4	9	2	3
2	9	4	3	6	8	1	7	5
8	5	6	4	1	7	2	3	9
3	7	1	5	9	2	8	6	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 15 .05 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त 19 .15 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज आपका कोई विरोधी समस्या दे सकता है। घर पर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। बढ़ते खर्च को लेकर आप परेशान रहेंगे। नौकरी में उच्च अधिकारियों के कोप का शिकार हो सकते हैं।

वृष — आज बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत लोगों को पदोन्नति मिलेगी। आपको मनचाहा कार्य करने को मिल सकता है। उद्योग धंधे की योजना अमल में आएगी। यदि आपका कोई वाद विवाद लंबे समय से चला रहा था तो उससे आपको छुटकारा मिलेगा।

मिथुन — आज व्यापार में कठिन परिश्रम के अनुपात में कम लाभ होने से मन खिन्न रहेगा। नौकरी में आपको झूठा आरोप लगने पर महत्वपूर्ण पद से हटाया जा सकता है। नए कार्य को शुरू करने से पहले उसके लाभ हानि का विचार अवश्य करें।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में ज्यादा जोखिम लेने से बचें। व्यापार में कोई ऐसी घटना घट सकती है,जिससे भविष्य में बड़ा लाभ होगा। कोई नवीन दायित्व मिल सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्य कर रहे लोगों को विदेश यात्रा करने का अवसर प्राप्त होगा।

सिंह — आज व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। नवीन व्यापार अथवा उद्योग धंधे की शुरुआत करने के योग बनेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की अभिलाषा पूरी होने के योग हैं। शारीरिक समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे।

कन्या — आज आपको व्यवसाय मे फंसा हुआ धन मिलने के पूरी संभावना है। कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मुलाकात करने आ सकता है। राजनीति में आपको उच्च पद मिल सकता है। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

तुला — आज व्यापार में नए अनुबंध होंगे। राजनीति में विरोधियों को पीछे कर आप महत्वपूर्ण पद अथवा जिम्मेदारी प्राप्त करेंगे। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा घातक सिद्ध हो सकता है।

वृश्चिक — आज दिन की शुरुआत व्यर्थ की भागदौड़ के साथ होगी। कोई अप्रिय समाचार मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में बनते-बनते बाधा आ जाएगी। कार्यक्षेत्र में आप अपने चरित्र को पवित्र बनाए रखें, अन्यथा आप किसी बड़ी मुसीबत में फस सकते हैं।

धनु — आज उद्योग धंधे में किसी सरकारी मदद से लाभ होगा। बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा। कला, अभिनय की दुनिया में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सामाजिक कार्य में काम सोच-विचार कर करें। विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखे।

मकर — आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में आप यदि कोई धन संबंधित मदद मांगेंगे तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। व्यर्थ की चिंता की स्थिति बनी रहेगी। विवेकपूर्ण निर्णय जीवन में बदलाव ला सकता है।

कुंभ — आज व्यापार में कोई विश्वासपात्र व्यक्ति धोखा दे सकता है। किसी प्रियजन से दूर जाना पड़ सकता है। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति के क्षेत्र में अत्यधिक व्यस्तता बनी रहेगी। यात्रा में वाहन कुछ तनाव दे सकता है।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में नए मित्र बनेंगे। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। खेल, कूद ,प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार में प्रयोग उन्नति कारक सिद्ध होंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
भीष्म — सुबह : 10 .45
खून भरी मांग — रात : 07 .00

&pictures
मि. एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11 .23
रमैया वस्तावैया — रात : 07 .30

SONY PIX
सैन एंड्रियास — सुबह : 11 .25
जस्टिस लीग — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
वलाटी — सुबह : 10 .56
स्कंदा — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
हम आपके हैं कौन — सुबह : 10 .15
सत्यम शिवम सुंदरम — शाम : 06 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बच्चा- नल से आते पानी को देखकर बोला,पापा ये पानी कहां से आता है?
पापा- बेटा नदी से...
बेटा-तो फिर मुझे नदी देखनी है।
पापा उसे नदी दिखाने ले जाते हैं।
बच्चा उन्हें नदी में धक्का मारकर गिरा देता है और भागता हुआ घर आकर मां को कहता है।
मम्मी जल्दी से नल खोलो ,पापा आते होंगे...

अध्यापक- रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों,जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो,चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन- सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन : तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1770, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1515, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1610, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 । **किराना (प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । **चावल (प्रति कु0) :** डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 । **दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10800

सर्राफा

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	73000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	72000
सिल्वर (पक्की)	910 (अनुमानित)

सात प्रतिशत रहेगी भारत की जीडीपी वृद्धि दर : विरमानी

नीति आयोग के सदस्य ने अर्थव्यवस्था पर जताई संभावना

नयी दिल्ली, एजेंसी

- कहा- देश के सामने नई चुनौतियां, उनसे निपटना होगा

नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2024-25 में करीब सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और आने वाले कई वर्षों तक यही वृद्धि दर बरकरार रहने की संभावना है। विरमानी ने कहा कि देश के सामने नई चुनौतियां हैं और उनसे निपटना होगा। उन्होंने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर (0.5 प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) से बढ़ेगी... मुझे उम्मीद है कि हम आज से कई वर्षों तक सात प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की राह पर हैं।

आरबीआई ने पिछले महीने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। निजी उपभोग व्यय में गत वित्त वर्ष 2023-24 में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर विरमानी ने कहा कि वास्तव में अब इसमें सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, वैश्विक महामारी के कारण बचत कम हुई ... और यह पिछले वित्तीय झटकों से बहुत अलग था। विरमानी ने कहा, पिछले साल भी अल नीनो आया था, लेकिन वैश्विक महामारी के कारण लोगों को अपनी बचत निकालनी पड़ी।

उन्होंने खपत में कमी को समझाते हुए कहा कि अगर आज लोग बड़े ब्रांड का सामान खरीद रहे हैं, तो वे सस्ते ब्रांड या साधारण सामान खरीदेंगे और पैसे बचाएंगे। भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने के बावजूद देश में एफडीआई में गिरावट के बारे में विरमानी ने कहा कि उभरते बाजारों की तुलना में अमेरिका तथा अन्य विकसित देशों में निवेश पर जोखिम रहित रिटर्न कहीं अधिक है।

टीसीएस का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर शुक्रवार को करीब सात प्रतिशत चढ़ा। इससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण में 94,866.26 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। टीसीएस ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा। आलोच्य अवधि में राजस्व 5.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 62,613 करोड़ रुपये हो गया। उसके बाद आज उसके शेयर में उछाल आया। बीएसई पर शेयर 6.68 प्रतिशत उछलकर 4,184.90 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह सात प्रतिशत बढ़कर 4,199 रुपये पर पहुंच गया था। एनएसई पर यह 6.59 प्रतिशत उछलकर 4,182.45 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया।

आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स व निफ्टी शिखर पर

मुंबई, एजेंसी

- सेंसेक्स ने 622 और निफ्टी ने 186 अंकों की उछाल की दर्ज

टीसीएस के अच्छे नतीजों से उत्साहित होकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से शुक्रवार को दोनों मानक सूचकांक अपने नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में 622 अंक और निफ्टी में 186 अंकों की बड़ी उछाल दर्ज की गई।

कारोबारियों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 622 अंक यानी 0.78 प्रतिशत उछलकर 80,519.34 के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 996.17 अंक तक उछलकर 80,893.51 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 186.20 अंक यानी 0.77 प्रतिशत बढ़कर 24,502.15 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 276.25 अंक उछलकर 24,592.20 के नए सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया था। इस तरह कारोबारी सप्ताह का समापन तेजी के साथ हुआ। इस हफ्ते सेंसेक्स में कुल 522.74 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि निफ्टी 178.3 अंक यानी 0.73 प्रतिशत चढ़ने में सफल रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "विभिन्न कारणों से बाजार सीमित दायरे से बाहर निकलने में सफल रहा।

ओमकार केमिकल्स में हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी अडाणी विल्मर

नयी दिल्ली। प्रमुख खाद्य तेल कंपनी अडाणी विल्मर लि. 56 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी। अडाणी विल्मर, अडाणी समूह और सिंगापुर के विल्मर समूह के की एक संयुक्त उद्यम है। यह भारत की सबसे बड़ी उपभोक्ता खाद्य कंपनियों में शामिल है। कंपनी के पास विविधता भरा उत्पाद पोर्टफोलियो है, जिसमें खाद्य तेल, गेहूं का आटा, चावल, दालें, चना आटा (बेसन) और चीनी सहित अधिकांश घरेलू उत्पाद शामिल हैं। अडाणी विल्मर ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने एक विशेष रसायन कंपनी ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है।

बैंक क्षेत्र में सुधार को कानून में संशोधन कर सकती है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 और कुछ अन्य कानूनों में संशोधन का ला सकती है प्रस्ताव

सरकार आगामी बजट सत्र के दौरान बैंक क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 और कुछ अन्य कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव ला सकती है। सूत्रों ने बजट सत्र में लाए जाने वाले प्रस्तावों का जिक्र करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के लिए बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में संशोधन की भी जरूरत है।

सूत्रों के मुताबिक, इन दोनों अधिनियमों की वजह से दो चरणों में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था लेकिन अब सार्वजनिक बैंकों के निजीकरण के लिए इन कानूनों के प्रावधानों में बदलाव करने होंगे। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। इस दौरान 23 जुलाई को बजट पेश किया जाएगा।

विदेशी मुद्रा भंडार हुआ 657.2 अरब डॉलर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़त होने से 5 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 5 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.23 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 577.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

भारत 2031 तक बन सकता है दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने अधिकारियों से कही यह बात

माइकल डी पात्रा

भारत की मजबूत बुनियाद और अंतर्निहित क्षमता को देखते हुए देश 2031 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2060 तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल डी पात्रा ने मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत को श्रम उत्पादकता, बुनियादी ढांचे, सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान और टिकाऊ वृद्धि के लिए अर्थव्यवस्था को हरित बनाने से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों से पार करना होगा। उन्होंने कहा कि मैंने जिन अंतर्निहित शक्तियों का जिक्र किया है और अपने आकांक्षी लक्ष्यों को हासिल करने के संकल्प को देखते हुए, यह कल्पना करना संभव है कि भारत अगले दशक में 2048 तक नहीं, बल्कि 2031 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2060 तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिजर्व बैंक के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ऐसा अनुमान लगाया गया है कि यदि भारत अगले दस वर्षों में 9.6 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि करता है, तो यह निम्न मध्यम आय के जाल से मुक्त हो जाएगा और एक विकसित अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

2047 तक प्रति व्यक्ति आय 34,000 अमेरिकी डॉलर तक करने की होगी जरूरत

पात्रा ने कहा कि 2047 तक विकसित देश के लिए प्रति व्यक्ति आय 34,000 अमेरिकी डॉलर तक करने की जरूरत होगी। बाजार में तय वर्तमान विनिमय दरें अस्थिरता के दौर से गुजर रही हैं। इसलिए राष्ट्रीय मुद्राओं में मापी गई जीडीपी की दूसरे देश से तुलना नहीं हो सकती। ऐसे में वैकल्पिक उपाय क्रय शक्ति समता (पीपीपी) है। यह हर देश में औसतन वस्तुओं और सेवाओं की कीमत से संबंधित है। पीपीपी के आधार पर तुलना करें तो स्थिति नाटकीय है। इस आधार पर भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) का अनुमान है कि पीपीपी के संदर्भ में भारत 2048 तक अमेरिका को पीछे छोड़ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

राष्ट्रीय

एक नजर

सांसद अमृतपाल के भाई हरप्रीत मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब के खडूर साहिब से सांसद और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के भाई हरप्रीत सिंह और उनके सहयोगी लवप्रीत सिंह तथा एक अन्य व्यक्ति को जालंधर पुलिस ने शुक्रवार को फिल्लौर में मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। जालंधर के एसएसपी अंकुर गुप्ता ने कहा कि हरप्रीत सिंह और लवप्रीत सिंह के डोप टेस्ट किया गया जिसमें पॉजिटिव पाया गया। पुलिस ने कहा कि आइस ड्रग्स या क्रिस्टल मेथामफेटामाइन लुधियाना के एक व्यक्ति संदीप अरोड़ा से खरीदा गया था, जिसे भी गिरफ्तार किया गया है।

येदियुरप्पा को पॉक्सो मामले में व्यक्तिगत पेशी से मिली छूट

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा द्वारा उनके खिलाफ पॉक्सो मामले को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 26 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी और वरिष्ठ भाजपा नेता को इस मामले के संबंध में 15 जुलाई को बेंगलुरु की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी। यहां पॉक्सो अधिनियम मामलों के लिए फास्ट ट्रैक अदालत-1 ने चार जुलाई को 81 वर्षीय बुजुर्ग नेता को 15 जुलाई को पेश होने के लिए समन जारी किया था। मामले की जांच कर रहे आपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने 27 जून को फास्ट ट्रैक अदालत में उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

दिल्ली हाईकोर्ट का बिभव को जमानत देने से इनकार

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आप की राज्यसभा सदस्य स्वाती मालीवाल से मारपीट करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को जमानत देने से मना कर दिया। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कुमार की जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा कि वह काफी प्रभावी व्यक्ति हैं और उन्हें राहत देने के लिए कोई उचित आधार नहीं बनता। न्यायाधीश ने कहा कि इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने से वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं या सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि आरोपों की प्रकृति और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए इस स्तर पर याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने का कोई आधार नहीं बनता।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को शंभू बॉर्डर खोलने का दिया निर्देश

उच्च न्यायालय का फैसला बरकरार रखा, अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद है बार्डर

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए लगाए गए थे बैरिकेडिंग

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा सरकार को अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद शंभू बॉर्डर से पुलिस बैरिकेडिंग हटाकर यातायात सभी के लिए खोलने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार को यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने10 जुलाई को राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू बॉर्डर खोलने का निर्देश दिया था, जिसे फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए सरकार ने बंद कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार की ओर से पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सात मार्च के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय की ओर से फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान किसान 21 साल के शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए एक पूर्व उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष कहा कि राज्य सरकार 10 जुलाई को उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने की तैयारी कर रही है। इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हरियाणा सरकार से पूछा, राज्य हाईवे को कैसे रोक सकता है? उसका कर्तव्य है कि वह यातायात को नियंत्रित करे। हम केवल इसे खोलने के बारे में नहीं कह रहे, बल्कि नियंत्रित करने के बारे में भी कर रहे हैं।

जुर्माना नहीं चुका पाने पर किसी दोषी को अतिरिक्त सजा न्याय का उपहास

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को रिहा करने का आदेश दिया है, जो जुर्माना अदा न कर पाने के कारण अपनी सजा पूरी करने के बाद भी जेल में था। कोर्ट ने कहा कि उसे अतिरिक्त सजा भुगतने के लिए बाध्य करना न्याय का उपहास होगा।

न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 27 जून के फैसले में कहा कि कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए व्यक्ति को रिहा किया जाना चाहिए। आदेश की प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई। दोषी व्यक्ति निचली अदालत के लगाए जुर्माने का भुगतान न कर पाने पर अतिरिक्त सजा काट रहा था। अदालत सिकंदर काले नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसे 2019 में कोल्हापुर में 14 आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया गया था। 2017 में गिरफ्तारी के बाद से वह हिरासत में था। काले को सभी मामलों में दो साल की सजा हुई थी और उसकी सजा एकसाथ चलनी थी। मजिस्ट्रेट ने उस पर 2,65,000 रुपये का जुर्माना लगाया और राशि जमा न करने पर अतिरिक्त सजा सुनाई। काले ने याचिका में कहा कि उसने अपनी सजा पूरी कर ली है, लेकिन चूंकि वह गरीबी से जुर्माना भरने में सक्षम नहीं है, इसलिए उसे नौ साल की अतिरिक्त अवधि के लिए जेल में रहना पड़ सकता है।

जमानत पर रोक दुर्लभ मामलों में ही लगाए : कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि अदालतों को यांत्रिक तरीके से और बिना कोई कारण बताए जमानत आदेशों पर रोक लगाने से बचना चाहिए। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि किसी आरोपी को राहत देने से केवल दुर्लभ और अपवादस्वरूप मामलों में ही इनकार किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि अदालतें किसी आरोपी की स्वतंत्रता को बाधित नहीं कर सकतीं। अदालतों को जमानत आदेश पर सिर्फ दुर्लभ और अपवादस्वरूप मामलों में ही रोक लगानी चाहिए, जैसे कोई व्यक्ति आतंकवादी मामलों में शामिल हो, जहां कानून को दरकिनार किया गया हो। आप इस तरह से स्वतंत्रता को प्रतिबंधित नहीं कर सकते। यह विनाशकारी होगा। कोर्ट ने धनशोधन के मामले में आरोपी परविंदर सिंह खुराना की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए ये टिप्पणियां कीं।

सोनीपत में पुलिस ने 3 हमलावरों को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया

नई दिल्ली, एजेंसी

रेस्तरां में हत्या का मामला

- तीनों हमलावर हिमांशु भाऊ गिरोह के थे सदस्य

हरियाणा पुलिस और दिल्ली अपराध शाखा ने शुक्रवार को एक संयुक्त अभियान में हरियाणा के सोनीपत जिले में तीन बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। पिछले महीने पश्चिमी दिल्ली के एक रेस्तरां में एक व्यक्ति की हत्या में कथित तौर पर शामिल दो बदमाश भी मारे गए अपराधियों में शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान मारे गए बदमाशों की पहचान आशीष उर्फ लालू, सन्नी खरार और विक्की रिधाना के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि तीनों हिमांशु भाऊ गिरोह के सदस्य थे। एक अधिकारी ने बताया कि अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ सोनीपत जिले के खरखौदा इलाके में हुई। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान तीनों बदमाशों की मौत हो गई। अधिकारी के अनुसार हरियाणा और दिल्ली पुलिस उनकी तलाश कर रही थी।

नए दस्तावेज जमा करने संबंधी आदेश हाईकोर्ट ने किए खारिज

मानहानि मामला

मुंबई। बंबई हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए मजिस्ट्रेट का वह आदेश शुक्रवार को रद कर दिया, जिसमें आरएसएस कार्यकर्ता को उसकी लंबित आपराधिक मानहानि शिकायत में नए और अतिरिक्त दस्तावेज जमा कराने की अनुमति दी गई थी।

आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस नेता ने एक भाषण के दौरान झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है। मजिस्ट्रेट अदालत ने 2023 में कुंटे को राहुल गांधी के भाषण की प्रतिलिपि प्रस्तुत करने की अनुमति दी। राहुल का भाषण 2014 में दायर उनकी उस याचिका का हिस्सा था, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग की थी। कांग्रेस नेता ने मजिस्ट्रेट के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी।

हाथरस कांड की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती

उच्चतम न्यायालय ने हाथरस में दो जुलाई 2024 की भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने की गुहार वाली एक जनहित याचिका शुक्रवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने कहा, बेशक, ये परेशान करने वाली घटनाएं हैं, लेकिन उच्च न्यायालय इससे निपटने के लिए सक्षम है। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा कि मामला चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता से भी जुड़ा है।

उद्धव से मिलीं ममता, बोलीं- राजग शायद अपना कार्यकाल पूरा न कर पाए

मुंबई। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र की भाजपा नीत राजग सरकार अस्थिर है और हो सकता है कि यह अपना कार्यकाल पूरा न कर पाए। बनर्जी ने शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से मुंबई के बांद्रा स्थित उनके आवास मातोश्री में मुलाकात की।

उन्होंने कहा कि वह अपने मुंबई प्रवास के दौरान राकपा (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष शरद पवार से भी मिलेंगी। ठाकरे के साथ संवाददाता सम्मेलन में ममता ने कहा कि संभव है कि यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा न कर पाए। यह सरकार स्थिर नहीं है। जब प. बंगाल की मुख्यमंत्री से इस बयान को स्पष्ट करने को कहा गया तो उन्होंने कहा, ''खेला शुरू हो गया है, यह जारी रहेगा। केंद्र सरकार ने 1975 में 25 जून को आपातकाल लगाने की याद में हर साल इस दिन को संविधान हत्या दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की है।

महायुति ने नौ, एमवीए ने जीती दो सीट

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र विप चुनाव

- भाजपा ने 5 तो शिवसेना व राकांपा ने जीतें दो-दो सीट

भाजपा, शिवसेना और राकांपा के सत्ताधारी महायुति गठबंधन ने शुक्रवार को राज्य विधान परिषद की 11 में से उन सभी नौ सीट पर जीत दर्ज की जिस पर चुनाव लड़ा था, जबकि महा विकास आघाडी (एमवीए) ने दो सीट पर दर्ज की है।

भाजपा ने 5 सीट पर जीत दर्ज की है जबकि दो-दो सीट पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने जीत दर्ज की है। विपक्षी एमवीए की तरफ से शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे के सहयोगी मिलिंद नार्वेकर और कांग्रेस उम्मीदवार प्रज्ञा सातव ने जीत दर्ज की है। शरद पवार की राकांपा (एसपी) द्वारा समर्थित पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) के उम्मीदवार जयंत पाटिल चुनाव हार गए। चुनाव की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि विधान परिषद (एमएलसी) के 11 सदस्य 27 जुलाई को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। 288 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल थी और इसकी वर्तमान ताकत 274 है। प्रत्येक जीतने वाले उम्मीदवार को 23 प्रथम वरीयता वोट के कोटे की आवश्यकता होती है। भाजपा 103 सदस्यों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है, उसके बाद शिवसेना (38), राकांपा (42), कांग्रेस (37), शिवसेना (यूबीटी) 15 और राकांपा (एसपी) 10 हैं। भाजपा ने पंकजा मुंडे, योगेश तिलेकर, परिणय फुके, अमित गोरखे व सदाभाऊ खोत को उतारा था।

नीतीश के करीबी सहयोगी ने लालू पर तंज कसा

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी ने शुक्रवार को अनंत अंबानी की शादी में शामिल होने रवाना होने पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार पर तंज कसा। बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी पत्रकारों द्वारा लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बड़ी पुत्री मीसा भारती, दोनों पुत्र तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के मुंबई रवाना होने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

दोषी पाए जाने पर विवादास्पद आईएएस अधिकारी को किया जा सकता है बर्खास्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- दस्तावेजों की केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति करेगी जांच

विशेषाधिकारों के दुरुपयोग को लेकर विवादों में घिरीं परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को दोषी पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सिविल सेवा परीक्षा और फिर सेवा में चयन के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजों की गुरुवार को केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति द्वारा पुनः जांच की जाएगी। यदि अधिकारी दोषी पायी जाती है तो उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

यदि यह पाया जाता है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया है या यह पाया जाता है कि उनका चयन जिन दस्तावेजों के आधार पर किया गया है, उनमें किसी तरह का फर्जीवाड़ा किया है तो उन्हें आपराधिक आरोपों का भी सामना करना पड़ सकता है।

वर्ष 2023 बैच की आईएएस अधिकारी खेडकर परिवीक्षा पर हैं और वर्तमान में अपने गृह कैडर महाराष्ट्र में तैनात हैं। खेडकर (34) आईएएस में शामिल होने के लिए शारीरिक दिव्यांगता श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा के तहत लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप है।

खेल डायरी

अमुंडी चैंपियनशिप के पहले दिन अदिति और दीक्षा ने किया निराश

एवियन ले बेंस (फ्रांस)। भारतीय ओलंपिक दल की गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के शुरूआती दिन निराशाजनक शुरूआत की। अदिति ने महिलाओं के सर्किट के मेजर टूर्नामेंट में इवन पार 71 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त 52वें स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने पांच ओवर 76 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 120वें स्थान पर मौजूद हैं। अदिति ने 12 होल में दो बर्डी लगाई जिससे वह दो अंडर पर थीं, लेकिन वह 13वें और 14वें होल में लगातार बोगी कर बैठीं जिससे वह संयुक्त 52वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने पहले नौ होल में एक बर्डी, दो बोगी और एक डबल बोगी लगाई जिससे वह 18वें स्थान पर थीं।

महिला एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 19 को

कोलंबो। भारत दांबुला में होने वाले महिला टी-20 एशिया कप में अपना पहला मैच शुरुआती दिन चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा जबकि मेजबान श्रीलंका इसी दिन बांग्लादेश का सामना करेगा। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को यह घोषणा की। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल और मलेशिया की टीम भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल को ग्रुप ए में जबकि बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है। टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिनमें दोनों सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने विज्ञप्ति में कहा सभी मैच का अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा तथा दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने म्यामांर को 1-1 से बराबरी पर रोका

यांगून (म्यांमा)। भारतीय महिला फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां दूसरे मैत्री मैच में अपने प्रदर्शन का स्तर ऊंचा करते हुए म्यामांर को 1-1 की बराबरी पर रोकने में सफल रही। शुरुआती मैच में हार का सामना करने के बाद इस मुकाबले में भारत आक्रामक तेवर के साथ मैदान पर उतरी थी। टीम को शुरुआती हाफ में गेंद पर बेहतर नियंत्रण बनाने के कारण गोल करने के मौके मिले लेकिन खिलाड़ी इसे भुनाने में नाकाम रहे। म्यामांर की गोलकीपर मयो म्या म्या नयिन ने इस दौरान कुछ शानदार बचाव किए। दूसरे हाफ के शुरू होने पर ओडिशा एफसी की स्ट्राइकर प्यारी ने पनथोई के लंबे पास पर अच्छा नियंत्रण बनाते हुए म्यामांर की लिन लाई ओ को छकाकर गोल कर दिया।

पारी और 114 रनों से जीता इंग्लैंड

टेस्ट करियर का अंतिम मैच खेले एंडरसन, 704 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने जेम्स

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट

लॉर्ड्स, एजेंसी

गस ऐटकिंसन (कुल 12 विकेट) की घातक गेंदबाजी और जैक क्रॉले (76), जेमी स्मिथ (70) की बेहरीन बल्लेबजी के दम पर इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पारी और 114 रनों से हरा दिया है। वेस्टइंडीज की पहली पारी 121 के स्कोर पर सिमट गई थी तथा दूसरी पारी में भी की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और वह उसने 55 रन पर पांच विकेट गवां दिए। कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (4), किक्र मैकेंजी (शून्य), मिकाइल लुइस (14), कावेम हॉज (4), एलिक अथानाजे (22) रन बनाकर आउट हुये। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 79 बना लिये थे।

वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन के छह विकेट पर 79 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी नौ रन का इजाफा ही हुआ था कि जेम्स एंडरसन ने जॉशुआ डासिल्वा (9) को आउट कर वेस्टइंडीज को सातवां झटका दिया। इसके बाद गस ऐटकिंसन ने अल्जारी जोसेफ (8) को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। शमार जोसेफ (3) को भी ऐटकिंसन ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद 47वें ओवर की आखिरी गेंद पर ऐटकिंसन ने जेडेन सील्स (8)को आउटकर वेस्टइंडीज की को दूसरी पारी में 136 रन पर समेटकर अपनी टीम को पारी और 114 रनों से जीत दिला दी। इंग्लैंड की ओर से गस ऐटकिंसन ने पांच विकेट लिए। जेम्स एंडरसन को तीन विकेट मिले। बेन स्टोक्स ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले इंग्लैंड ने पहली पारी में ओली पोप (57), जैक क्रॉले (76) रन हैरी ब्रूक (50), जो रूट (68), जेमी स्मिथ ने (70) और क्रिस वोक्स (23) रन की बेहतरीन परियों की बदौलत इंग्लैंड ने पहली पारी 371 रन का स्कोर खड़ा कर वेस्टइंडीज की पहली पारी के आधार पर 250 रनों की बढ़त बनाई थी। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने चार विकेट लिए।

इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को पहली पारी में महज 121 रन पर ढ़ेर कर दिया था। पहले टेस्ट में इंग्लैंड की ओर से पर्दापण करने उतरे गस एटकिंसन ने घातक गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को पहली पारी में महज 121 रन पर ढेर कर इस मैच को यादगार बना दिया। वहीं, गट एटकिंसन ने आखिरी के तीनों विकेट चटकाकर पारी में पांच और मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। वह 1946 में एलेक बेडसर के बाद घरेलू मैदान पर एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए।

टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट

800	मुथैया मुरलीधरन	श्रीलंका
708	शेन वॉर्न	ऑस्ट्रेलिया
704	जेम्स एंडरसन	इंग्लैंड
619	अनिल कुंबले	भारत
604	स्टुअर्ट ब्रॉड	इंग्लैंड
563	ग्लेन मैकग्रा	ऑस्ट्रेलिया
530	नाथन लियोन	ऑस्ट्रेलिया
519	कर्टनी वॉल्श	वेस्टइंडीज
516	आर अश्विन	भारत
439	डेल स्टेन	द. अफ्रीका

<< लॉर्ड्स के मैदान पर अपना आखिरी टेस्ट खेलने के बाद दर्शकों का अभिवान करते जेम्स एंडरसन। ● एजेंसी

> मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि इतने शानदार खिलाड़ियों के साथ खेल पाया। कई कुशल क्रिकेटरों के साथ मैंने मैच खेले हैं, यह महत्वपूर्ण है कि सचमुच अच्छे लोग और दोस्त जिन्हें मैंने जीवन भर के लिए बनाया है। मुझे लगता है कि मैंने कभी इतनी दूर का नहीं सोचा था।
>
> **-जेम्स एंडरसन**
> तेज गेंदबाज
> इंग्लैंड

704 विकेट के साथ खत्म किया सफर

लंदन। इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। एंडरसन ने अपने करियर के आखिरी और 188वें टेस्ट मैच में कुल चार विकेट झटके जिससे इस प्रारूप में उनका करियर 704 विकेट के साथ खत्म हुआ। एंडरसन टेस्ट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज है। वह मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) के बाद इस प्रारूप के तीसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं।

एंडरसन को देखना अद्भुत था : तेंदुलकर

नई दिल्ली। इंग्लैंड के महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शुक्रवार को अपने दो दशक से अधिक लंबे करियर का समापन किया और इस मौके पर भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना आनंदित करता था। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा जिमी आपने अपने 22 साल के शानदार स्पैल से खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। आपको गेंदबाजी करते हुए देखना खुशी प्रदान करता था।

अंतिम टेस्ट खेलने के बाद भावुक हुए जेम्स एंडरसन और उनकी पत्नी डेनिएला।

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज (पहली पारी)	121/10 (41.4 ओवर)
इंग्लैंड (पहली पारी)	371/10 (90 ओवर)
वेस्टइंडीज (दूसरी पारी)	136/10 (47 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
क्रेग ब्रैथवेट बोल्ड एंडरसन	4	26	1/0
मिकाइल लुईस कैच स्मिथ बोल्ड स्टोक्स	14	49	2/0
कर्क मकेंजी पगबाधा स्टोक्स	0	9	0/0
ऐलेक ऐथनेज कैच स्मिथ बोल्ड एंडरसन	22	47	4/0
केवम हॉज बोल्ड ऐटकिंसन	4	5	1/0
जेसन होल्डर कैच पोप बोल्ड ऐटकिंसन	20	59	2/0
डासिल्वा कैच स्मिथ बोल्ड एंडरसन	9	26	1/0
जोसेफ कैच डकेट बोल्ड ऐटकिंसन	8	9	1/0
गुडाकेश मोटी नाबाद	31	35	5/0
शमार जोसेफ बोल्ड ऐटकिंसन	3	9	0/0
जेडेन सील्स कैच डकेट बोल्ड ऐटकिंसन	8	12	1/0

अतिरिक्त : 13, **गेंदबाजी** : जेम्स एंडरसन16-7-32-3, क्रिस वोक्स7-3-11-0, गस ऐटकिंसन 14-2-61-5, बेन स्टोक्स 10-4-25-2

चौथे टी-20 में सीरीज जीतने उतरेगा भारत

हरारे। भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को चौथे मुकाबले में जिम्बाब्वे पर जीतकर दर्ज कर पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। टी-20 विश्वकप के बाद पहले दौरे पर जिम्बाब्वे पहुंची भारतीय टीम को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था, हालांकि भारतीय टीम अगले दो मैचों में एकतरफा जीत दर्ज की। भारत इस सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाए हुए है और वह चौथा मैच जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने का प्रयास करेगा। यह मैच शाम 4: 30 बजे शुरू होगा।

वहीं जिम्बाब्वे, भारत को पहले मैच की तरह चौकाकर श्रृंखला में वापसी का प्रयास करेगा, लेकिन उसे वापसी के लिए अपने क्षेत्ररक्षण में विशेष रूप से सुधार करना। पिच और परिस्थितियों को देखा जाए तो हरारे की दोहरी उछाल वाली पिच पर अमूमन हाई स्कोरिंग गेम नहीं खेला जाता। पिछले 15 मैचों में केवल सात बार ही ऐसा हुआ है, जब पहली पारी में टीम ने 150 या उससे अधिक का स्कोर बनाया हो। तीसरे टी-20 में भारतीय टीम में विश्व विजेता टीम के तीन सदस्य शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन के टीम में शामिल होने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। यशस्वी जायसवाल को विश्वकप के दौरान मौका नहीं मिला था, लेकिन पिछले मैच में उन्होंने 27 गेंदों में 36 रन की पारी खेल दिखा दिया कि उनका फॉर्म अभी भी वही है, लेकिन इस मैच में वह बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर है। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ अभी तक 4.5 की औसत से छह विकेट लिए हैं।

मेदवेदेव को हराकर अल्काराज फाइनल में

लंदन, एजेंसी

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के अल्काराज ने दो महीने पहले ही अपना 21वां जन्मदिन मनाया था और वह अपने लगातार दूसरे विंबलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से महज एक कदम दूर हैं।

सेंटर कोर्ट पर शुरुआती सेट में औसत प्रदर्शन के बाद उन्होंने स्फूर्ति से वापसी करते हुए आक्रामक खेल दिखाया और मुकाबला जीत लिया। अल्काराज ने कहा मुझे ऐसा लग रहा है कि अब मैं नया खिलाड़ी नहीं हूं। मुझे ऐसा लगता है कि मैं अब जान गया हूं कि फाइनल से पहले मैं कैसा महसूस करूंगा। मैं वही चीजें करने की कोशिश करूंगा जो मैंने पिछले साल की थी और बेहतर करने का प्रयास करूंगा। एटीपी रैंकिंग में नंबर एक खिलाड़ी बनने वाले पहले किशोर अल्काराज तीनों तरह के कोर्ट घास, क्ले और हार्ड कोर्ट पर ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। अब स्पेन का यह धुरंधर ओपन युग (1968 से शुरू) में 22 साल की उम्र से पहले आल इंग्लैंड क्लब में कई चैंपियनशिप जीतने वाले बोरिस बेकर और ब्योर्न बोर्ग के साथ जुड़ने से केवल एक जीत दूर है।

अल्काराज ने 2022 में अमेरिकी ओपन और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में भी जीत हासिल की। अभी तक ग्रैंडस्लैम फाइनल में उनका रिकॉर्ड 3-0 रहा है और अब खिताब के लिए रविवार को उनका सामना 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच और लोरेंजो मुसेट्टी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। सेंटर कोर्ट में बादलों से भरी दोपहर में तीसरे वरीय अल्काराज को पांचवें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव से कुछ उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। रूस के 28 वर्षीय मेदवेदेव अपने करियर के सातवें ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने की कोशिश में जुटे थे, पर ऐसा करने से महरूम रह गए।

● चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से महज एक कदम दूर हैं अल्काराज



जीत के बाद दर्शकों का अभिवादन करते कार्लोस अल्काराज। ● एजेंसी

इस बार मिलेगी नई मल्लिका

लंदन। बारबोरा क्रेजिकोवा और जैस्मिन पाओलिनी के बीच शनिवार को होने वाले फाइनल में कोई भी जीते, यह सुनिश्चित है कि विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट को इस बार नई मल्लिका मिलेगी। क्रेजिकोवा ने पीठ में दर्द के बावजूद इस बार विंबलडन में हिस्सा लिया। यही नहीं इस टूर्नामेंट से पहले वह इस सत्र में कुछ मैच में ही जीत दर्ज कर पाई थी। इसलिए वह महिला एकल के फाइनल में पहुंचकर हैरान थी। यही हाल उनकी प्रतिद्वंदी और सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी का है। इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी इससे पहले विंबलडन एकल के फाइनल में नहीं पहुंची थी। पाओलिनी ने वर्तमान टूर्नामेंट से पहले ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में जो तीन मैच खेले थे उन सभी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

इंग्लैंड महिला टीम ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से दी शिकस्त

कैंटरबरी, एजेंसी

सोफी एकल्सटन की बेहतरीन गेंदबाजी और उसके बाद ऐलिस कैप्सी नाबाद (67) रनों की शानदार पारी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी-20 मैच में चार गेंदे शेष रहते छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से बढ़त बना ली हैं।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की भी शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में हैन्ना रो ने माया बूशेर (शून्य) को पगबाधा आउट कर दिया। इसके बाद सोफिया डंकली और ऐलिस कैप्सी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। डंकली ने 35 रन बनाए। कप्तान नेट साइवर ब्रंट (0) को फ्रैन जोनस ने आउट किया। एमी जोंस (19) रनआउट हुई। ऐलिस कैप्सी ने नाबाद (67) रनों की पारी खेली। फ्रेया केंप ने नाबाद (16) रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में चार विकेट पर 142 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जॉर्जिया प्लिमर (0) का विकेट गवां दिया। एमेलिया केर ने सूजी बेट्स के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट लिए 52 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में सोफी एकल्सटन ने साझेदारी को तोड़ा और दोनों को आउट किया। सूजी बेट्स 27 गेंदों में (38) और एमेलिया केर 18 गेंदों में (23) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान सोफी डिवाइन ने 42 गेंदों में नाबाद (58) रनों की पारी खेली।

न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनातीं इंग्लैड टीम की खिलाड़ी। ● एजेंसी

साबले को पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने का यकीन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के 3000 मीटर के शीर्ष स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले ओलंपिक में सिर्फ एक प्रतिभागी बनकर नहीं जाना चाहते और उन्हें यकीन है कि वह पेरिस में पदक जीत सकते हैं। हाल ही में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले 29 वर्ष के साबले तोक्यो ओलंपिक 2021 में फाइनल में जगह नहीं बना सके थे।

उन्होंने कहा मैं सिर्फ भाग लेने नहीं जा रहा हूं। मेरा विश्वास है कि मैं पदक जीत सकता हूं। मेरा फोकस लक्ष्य पर है और सब कुछ ठीक रहा तो मैं पदक जीत सकता हूं। मुझे लगता था कि ओलंपिक पदक विजेता कुछ अनूठे और कठिन तरीके से तैयारी करते हैं लेकिन पिछले दो साल के मेरे अनुभव ने मेरा आत्मविश्वास बढाया है। साबले इस महीने की शुरूआत में पेरिस डायमंड लीग में छठे स्थान पर रहे और उन्होंने आठ मिनट 9.91 सेकंड का समय निकालकर अपना रिकॉर्ड तोड़ा। साबले ने कहा विश्व स्तर पर उनके प्रदर्शन से मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।

अगर मेरे रोल मॉडल विश्व स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं तो मैं भी। मुझे अपनी प्रक्रिया पर फोकस करना सिखाया गया है। मेरी स्पर्धा मेरी ही टाइमिंग से है। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्टीपलचेस में कीनियाई खिलाड़ियों का वर्चस्व तोड़ने वाले साबले ने कहा राष्ट्रमंडल खेलों में मिले रजत पदक से मुझे आत्मविश्वास दिया कि मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सामना कर सकता हूं।

बॉलीवुड हलचल

सरफिरा का हिस्सा बनकर महसूस हो रहा है गर्व : अक्षय

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म सरफिरा में काम कर गर्व महसूस कर रहे हैं। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है, जो भारत में हवाई यात्रा में क्रांति लाने के लिए सभी बाधाओं को पार करता है। फिल्म रिलीज हो गई है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर लिखा सरफिरा का मतलब पागल होता है और पीछे मुड़कर देखने पर मुझे लगता है कि यदि मैंने यह फिल्म नहीं की होती तो मैं पागल होता। तो मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। यह यात्रा लगभग तीन साल पहले शुरू हुई थी और अंतत: यह आप सभी के गवाह बनने और उम्मीद है कि इसे संजोएंगे। मुझे इस फिल्म का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है और खुशी है कि सरफिरा मेरी 150वीं फिल्म है। #सरफिरा अब तुम्हारा है।

फिल्म तेरे इश्क में धनुष के साथ काम करती नजर आएंगी तृप्ति

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता धनुष के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। फिल्म एनिमल में काम करने के बाद नेशनल क्रश बनने वाली अभिनेत्री तृप्ति डिमरी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनके पास कई फिल्मों की लाइन लगी हुई है। चर्चा है कि तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय अभिनेता धनुष के साथ एक फिल्म में अभिनय करने वाली हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिसका नाम तेरे इश्क में है। यह एक प्रेम कहानी होगी। चर्चा है कि अक्टूबर 2024 में तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। फिल्म को वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश के कई शहरों में शूट किया जाएगा।

डोपिंग के कारण दो साल बाहर बैठना काला अध्याय : जरमनप्रीत

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाले जरमनप्रीत सिंह ने कहा कि 2016 में डोपिंग का दंश झेलना उनके करियर का सबसे निराशाजनक समय था।

जरमनप्रीत पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं। वह डोपिंग के कारण 2016 से 2018 तक खेल से दूर रहे थे। ओलंपिक में पदार्पण को तैयार इस खिलाड़ी ने डोपिंग के कारण लगे प्रतिबंध को याद करते हुए कहा यह मेरे लिए आसान नहीं था। यह कई अनिश्चितताओं के साथ मेरे सबसे बुरे समय में से एक था। पंजाब के इस खिलाड़ी ने कहा खिलाड़ी आम तौर पर इस तरह के झटके से उबर नहीं पाते हैं। दो साल तक मैचों से बाहर बैठने से आप काफी पीछे छूट जाते हैं। आयकर विभाग में अधिकारी के पद पर तैनात इस खिलाड़ी ने कहा मैं हालांकि अपनी वापसी को लेकर दृढ़ निश्चय था और मुझे पता था कि मुझे वापसी करनी होगी। मुझे नहीं लगता कि मैं मजबूत घरेलू ढांचे के बिना ऐसा कर सकता था, जहां मैं चयनकर्ताओं को दिखा सकता था कि मुझमें अभी भी वह क्षमता है। उन्होंने भारत के लिए 98 मैच खेले हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ चमक बिखेरते यमल पर टिकीं स्पेन की उम्मीदें

बर्लिन, एजेंसी

यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप

फुटबॉल के नये वंडर ब्वॉय, बेहतरीन मिडफील्ड और विरोधी टीमों के औसत प्रदर्शन ने स्पेन को सफलता की नई इबारत लिखने की ड्योढी पर ला खड़ा किया है लेकिन आखिरी तिलिस्म पर एक ऐसी टीम खड़ी है जिसे बरसों से किसी बड़े खिताब का उतनी ही बेताबी से इंतजार है।

इंग्लैंड और स्पेन के बीच रविवार को होने वाला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप फाइनल हर लिहाज से मनोरंजन की सौगात देने का माद्दा रखता है। ओलंपिक 1936 के लिए नाजियों द्वारा बनाए गए ऐतिहासिक स्टेडियम पर सभी की नजरें 17 बरस के लमाइन यमल पर होंगी जो 2008-12 के दौर के बाद पहली बार स्पेन को बड़े खिताब से एक जीत दूर ले आया है। स्पेन ने 2010 में विश्व कप और उसके बाद यूरो खिताब जीते थे। इस बार जहां क्रिस्टियानो रोनाल्डो, काइलियान एमबाप्पे और इंग्लैंड के हैरी केन जैसे दिग्गज धराशाई हो गए, वहीं यमल का नाम हर फुटबॉलप्रेमी की जुबां पर है। सेमीफाइनल से पहले वह तीन गोल का सूत्रधार रहा और फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में बेहतरीन शॉट पर गोल करके पूरे देश का नूरे नजर बन गया। गत चैंपियन इटली और 2022 में विश्व कप सेमीफाइनल खेलने वाली क्रोएशिया जैसी टीमों के रहते स्पेन ग्रुप में शीर्ष पर रहा। इसके बाद मेजबान जर्मनी और एमबाप्पे की फ्रांस को हराया। वैसे स्पेन की टीम इंग्लैंड को हलके में लेने की गलती नहीं करेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

विवाह बंधन में बंधे अनंत और राधिका

मुंबई, एजेंसी। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और दवा जगत के दिग्गज उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट शुक्रवार को एक भव्य समारोह में परिणय सूत्र में बंध गए। इस विवाह समारोह में नेताओं के साथ ही हिंदी एवं दक्षिण भारतीय सिनेमा जगत व हॉलीवुड की हस्तियों और देश के लगभग सभी शीर्ष क्रिकेटर शामिल हुए। नारंगी रंग की शेरवानी पहने दूल्हा अंबानी परिवार के निवास एंटीलिया से सफेद फूलों से सजी एक शानदार लाल कार से जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर रवाना हुआ जहां से बारात मंडप के लिए निकली। अंबानी परिवार अबू जानी-संदीप खोसला द्वारा डिजाइन किए गए 'पेस्टल' रंग के परिधानों में नजर आया। 'रिलायंस इंडस्ट्रीज' के चेयरमैन मुकेश से लेकर दूल्हे की मां नीता, बहन ईशा और उनके पति आनंद पीरामल और भाई आकाश सभी ने अपने परिधानों के लिए 'पेस्टल' रंगों को चुना। आकाश की पत्नी श्लोका एकमात्र अपवाद रहीं जिन्होंने गहरे गुलाबी रंग का लहंगा पहना।

ये राजनेता हुए शामिल

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर एवं बोरिस जॉनसन शामिल हैं।

इन्होंने बढ़ाई समारोह की शोभा

किम करदाशियां, नाइजीरियाई रैपर रेमा, सऊदी अरामको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमीन नासेर, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के चेयरमैन जे ली, दवा कंपनी जीएसके पीएलसी की मुख्य कार्यकारी एम्मा वाल्म्सली, मार्क जकरबर्ग, बिल गेट्स, इवांका ट्रंप, अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय, दिशा पाटनी, रेखा, माधुरी दीक्षित, शाहरुख खान, सलमान खान, अजय देवगन, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, टाइगर श्रॉफ, वरुण धवन, रजनीकांत, राम चरण, महेश बाबू, अमेरिकी अभिनेता जॉन सीना, अनिल कपूर, रणवीर सिंह, संजय दत्त, करण जौहर, वेंकटेश, ए आर रहमान, जैकी श्रॉफ, राजकुमार राव, अनन्या पांडे, सारा अली खान, इब्राहिम, जाह्नवी कपूर, प्रियंका चोपड़ा, निक जोनस, जारेद कुश्नेर, पिटबुल, कैटी पेरी, रिहाना, जस्टिन बीबर, सचिन तेंदुलकर, गौतम गंभीर, महेंद्र सिंह धोनी, एस श्रीकांत, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार यादव आदि।

फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि वह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक बार फिर चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए सबसे योग्य व्यक्ति हूं। मैंने उन्हें (ट्रंप को) एक बार हराया था और अब मैं उन्हें फिर से हराऊंगा।

वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर संवाददाताओं से मुखातिब बाइडन ने दावा किया कि कोई भी व्यक्ति उनसे यह नहीं कह रहा है कि वह दोबारा चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि किसी सर्वेक्षण में भी यह बात सामने नहीं आई है कि वह चुनाव नहीं जीत सकते।

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने नाटो शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर दावा किया

जेफरीज ने मुलाकात की

न्यूयॉर्क। सदन में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हकीम जेफरीज ने शुक्रवार को सहयोगियों को लिखे पत्र में कहा कि सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि बाइडन से चर्चा स्पष्ट और व्यापक रही है। व्हाइट हाउस के दो अधिकारियों ने बैठक की पुष्टि की, लेकिन टिप्पणी से इनकार कर दिया।

कमला हैरिस को बताया डोनालड ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो . बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश का नेतृत्व करने के लिए योग्य हैं। बाइडन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, शुरू से ही, मुझे इस बारे में कोई संदेह नहीं रहा है। वह राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं। इसीलिए मैंने उन्हें चुना। संवाददाता सम्मेलन के दौरान बाइडन की जुबान फिसल गई और उन्होंने गलती से कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप बता दिया। उन्होंने कहा, मैंने ट्रंप को उपराष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना होता, क्या मैंने ऐसा सोचा है कि वह (हैरिस) राष्ट्रपति बनने के लिए योग्य नहीं हैं...। बाइडन सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति हैं।

एक नजर

रूस का यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत

मॉस्को। रूस का एक यात्री विमान शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसके चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार विमान में कोई यात्री नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि सुखोई सुपरजेट 100 विमान मॉस्को क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि विमान गजप्रोम एविया कंपनी का था। यह रूस सरकार द्वारा नियंत्रित प्राकृतिक गैस कंपनी गजप्रोम के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी है।

ब्रिटेन में काली खांसी के प्रकोप से नौ बच्चों की मौत

लंदन। ब्रिटेन में पिछले वर्ष नवंबर से शुरू काली खांसी के प्रकोप से अब तक नौ बच्चों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन की स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यह प्रकोप पिछले वर्ष नवंबर में शुरू हुआ था और अब 2024 के, पहले पांच महीनों में 7,599 बच्चे और वयस्क इस बीमारी से संक्रमित हुये हैं। यह बीमारी फेफड़ों और श्वास नलियों को प्रभावित करती है। यूकेएचएसए ने गुरुवार को चेतावनी दी। एजेंसी के मुताबिक, संक्रमित लोगों में से आधे से अधिक 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं।

श्रीलंका हिंदी भाषा के शिक्षकों की करेगा भर्ती

श्रीलंका। श्रीलंका के शिक्षा राज्य मंत्री अरविंद कुमार बताया कि श्रीलंका स्कूलों में हिंदी भाषा के शिक्षकों को नियुक्त की योजना बना रहा है। श्रीलंकाई समाचार पोर्टल ने शुक्रवार को मंत्री के हवाले से कहा कि ये शिक्षक द्वीप राष्ट्र श्रीलंका द्वारा भर्ती किए जाने वाले 500 विदेशी भाषा शिक्षकों में से होंगे। कुमार ने कहा, हम कोरियाई, जर्मन, फ्रेंच, हिंदी, चीनी और जापानी को प्राथमिकता देंगे। कुमार ने स्नातकों को विदेशों में भविष्य में नौकरी की संभावनाओं के लिए विदेशी भाषाएं सिखाने के महत्व पर जोर दिया।

उ. नाइजीरिया में स्कूल ढहा, कई छात्रों की मौत

अबुजा। उत्तर-मध्य नाइजीरिया में शुक्रवार को सुबह की कक्षाओं के दौरान दो मंजिला स्कूल ढहने से कई छात्रों की मौत हो गई। नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने यह जानकारी दी। स्कूल ढहने से लगभग 120 छात्र एवं शिक्षक फंस गए है। एक स्थानीय टेलीविजन स्टेशन ने 12 लोगों की मौत की सूचना दी है। सेंट्स अकादमी कॉलेज में हुई घटना में मारे गए छात्रों और शिक्षकों के संख्या की पुष्टि नहीं की है। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा बलों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है।

नेपाल में प्रचंड सरकार गिरी

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए। पिछले सप्ताह उनकी सरकार से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने अपना समर्थन वापस ले लिया था।

देश की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 69 वर्षीय प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े। विश्वासमत हासिल करने के लिए कम से कम 138 वोट की जरूरत थी। प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को पद संभालने के बाद चार बार विश्वासमत हासिल करने में सफल रहे, लेकिन इस बार उन्हें असफलता मिली। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने सदन में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता-साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पिछले सप्ताह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पहले ही अगले प्रधानमंत्री के रूप में ओली का समर्थन कर चुके हैं। नेपाली कांग्रेस के पास प्रतिनिधि सभा में 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। इस तरह दोनों की संयुक्त संख्या 167 है, जो निचले सदन में बहुमत के लिए आवश्यक 138 से कहीं अधिक है।

- प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े

चीन के साथ रेल समझौता

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने विश्वास मत से एक दिन पहले बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव के तहत हिमालयी राष्ट्र को चीन के साथ रेल द्वारा जोड़ने के एक समझौते को मंजूरी दी। सरकारी सूत्रों के हवाले से एक समाचार पोर्टल ने कहा कि इस निर्णय का राजनीतिक महत्व से अधिक परिचालनात्मक महत्व है और यह चीन की अरबों डॉलर की आधारभूत परियोजना में नेपाल की भागीदारी के अनुरूप है।

ओली ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया



काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए और उसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया। पिछले सप्ताह सरकार से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने अपना समर्थन वापस ले लिया था। इस घटनाक्रम के बाद पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में नयी सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने शुक्रवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के समक्ष 165 सांसदों के समर्थन से नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया। इन सांसदों में उनकी पार्टी के 77 और नेपाली कांग्रेस के 88 सांसद शामिल हैं। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-माओइस्ट सेंटर (सीपीएन-एमसी) के अध्यक्ष प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को पद संभालने के बाद चार बार विश्वासमत हासिल करने में सफल रहे, लेकिन इस बार उन्हें असफलता मिली। इससे नयी गठबंधन सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

साझा सिद्धांतों के बजाय डर से सीपीएन-यूएमएल और नेपाली कांग्रेस ने किया गठबंधन : प्रचंड

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने शुक्रवार को नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल की, साझा सिद्धांतों के बजाय डर के कारण गठबंधन बनाने के लिए तीखी आलोचना करते हुए उन पर देश को पतन के रास्ते पर धकेलने का आरोप लगाया। विश्वासमत से पहले प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए प्रचंड (69) ने कहा कि नेपाली कांग्रेस (एनसी) और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने मिलकर काम किया है, जिससे देश में सुशासन की जड़ें जमने लगी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद प्रचंड को विश्वासमत का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। प्रचंड ने कहा, अगर एनसी और यूएमएल समान विश्वासों या लक्ष्यों के लिए एकजुट होते, तो मुझे कोई चिंता नहीं होती।

एससीओ में तुर्की के प्रवेश की तिथि निश्चित नहीं: रूस

मॉस्को। यूरेशिया का एक प्रमुख राजनीति, आर्थिक और सैनिक संगठन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) लगातार विस्तार के एजेंडे पर काम कर रहा है लेकिन संगठन में तुर्की के प्रवेश के लिए अभी तक कोई सटीक तारीख नहीं है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गुरुवार को वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंकारा एससीओ का स्थायी सदस्य बनने का लक्ष्य रखता है।

पेस्कोव ने एससीओ में तुर्की के प्रवेश की संभावित तारीखों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कई देश एससीओ में रुचि दिखा रहे हैं, और यह विषय लगातार एजेंडे में है। अभी तक कोई सटीक तारीख नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि नाटो सदस्य के रूप में तुर्की की स्थिति एससीओ के विरोधाभासी है, इसलिए इस पर चर्चा की जानी चाहिए। पेस्कोव ने कहा, वास्तव में, हम एससीओ में शामिल होने के तुर्की के इरादे से अवगत हैं। नाटो के सदस्य के रूप में तुर्की के मूल सिद्धांतों पर दायित्वों और स्थिति से संबंधित कुछ विरोधाभास हैं और एससीओ के संस्थापक दस्तावेजों में निहित विश्वदृष्टि के साथ। चर्चा के लिए कुछ विषय हैं।

गुरुद्वारे में हमले के मामले में किशोर पकड़ा गया

लंदन, एजेंसी

दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट स्थित एक गुरुद्वारे के भीतर धारदार हथियार से हमला कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाली घटना में संदिग्ध 17 वर्षीय एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। घटना में दो महिलाएं घायल हुई थीं। क्षेत्रीय पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंट पुलिस ने बताया कि एक पुरुष के प्रार्थना स्थल में प्रवेश कर सभा में मौजूद लोगों पर हमला करने के प्रयास के संबंध में दर्ज मामले की जांच करने के लिए पुलिस अधिकारियों को गुरुवार शाम ग्रेवसेंड स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा बुलाया गया था।

गुरुद्वारा प्रबंधन ने कहा कि घटना के समय दरबार हॉल में गुरु ग्रंथ साहिब जी मौजूद नहीं थे। यह गुरुद्वारा यूरोप के बड़े गुरुद्वारों में से एक है। केंट पुलिस ने एक बयान में कहा, यह बताया गया है कि एक पुरुष ने उस स्थान पर प्रवेश किया और धारदार हथियार से मौजूद लोगों पर हमला करने का प्रयास किया। घटना के दौरान कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, लेकिन दो महिलाओं को धारदार हथियार से घाव और चोटों के कारण उपचार की आवश्यकता पड़ी।

- दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट स्थित एक गुरुद्वारे में हुए हमले में दो महिलाएं हुई थीं घायल
- गुरुद्वारा प्रबंधन ने कहा, घटना के समय दरबार हॉल में मौजूद नहीं थे गुरु ग्रंथ साहिब जी

अधिकारियों ने एक किशोर को हत्या के प्रयास और धार्मिक रूप से उत्तेजना फैलाने के संदेह में पकड़ा और घटनास्थल से धारदार हथियार भी बरामद किया। पुलिस ने इसे एक छिटपुट घटना बताते हुए कहा कि हमले की जांच के सिलसिले में फिलहाल किसी और की तलाश नहीं की जा रही है। केंट पुलिस डिटेक्टिव सुपरीटेंडेंट इयान डायबॉल ने कहा, हम गुरुद्वारे में हुई घटनाओं के संबंध में समुदाय की चिंताओं को समझते हैं, हालांकि हम इसे एक अलग घटना के रूप में देख रहे हैं। गुरुद्वारा प्रबंधन टीम के अनुसार संदिग्ध को देखा और तुरंत पुलिस को बुलाया।

2060 के दशक में 1.7 अरब तक पहुंच जाएगी भारत की जनसंख्या : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में लगभग 1.7 अरब तक पहुंच जाने का अनुमान है और इसके बाद इसमें 12 प्रतिशत की कमी आएगी, लेकिन इसके बावजूद यह पूरी शताब्दी के दौरान विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। गुरुवार को यहां जारी वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024 रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले 50-60 वर्षों के दौरान दुनिया की जनसंख्या में वृद्धि जारी रहने का अनुमान है और 2024 में यह 8.2 अरब तक पहुंच जाएगी, जबकि 2080 के दशक के मध्य तक लगभग दुनिया की आबादी लगभग 10.3 अरब हो जाएगी। हालांकि, यह सदी के अंत तक घटकर 10.2 अरब रह जाएगी। भारत पिछले साल चीन को पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया था और 2100 तक यह इसी स्थान पर बना रहेगा।

विश्व निकाय के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग के जनसंख्या प्रभाग द्वारा प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट में कहा गया है, इस शताब्दी में भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बने रहने की संभावना है, हालांकि 2060 के दशक की शुरुआत में इसकी आबादी लगभग 1.7 अरब तक पहुंचने के बाद इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट आने का भी अनुमान है।

रूस से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोकने की मांग वाले प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

संयुक्त राष्ट्र। भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में गुरुवार को उस मसौदा प्रस्ताव पर हुए मतदान से दूर रहा, जिसमें रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तत्काल रोकने और जापोरिझिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रूसी सैनिकों व अन्य अनधिकृत कर्मचारियों को फौरन वापस बुलाने की मांग की गई है। 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में 99 देशों ने उक्त मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में, तो बेलारूस, क्यूबा, उत्तर कोरिया, रूस और सीरिया सहित नौ देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया। वहीं, भारत, बांग्लादेश, भूटान, चीन, मिस्र, नेपाल, पाकिस्तान, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका सहित 60 देश मतदान से दूर रहे। यूक्रेन के जापोरिझिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित अन्य परमाणु प्रतिष्ठानों की रक्षा एवं सुरक्षा शीर्षक वाले मसौदा प्रस्ताव में रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तुरंत बंद करने और यूक्रेनी क्षेत्र से अपने सभी सैन्य बलों को बिना शर्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर वापस बुलाने की मांग की गई है।

यूएई ने भारतीय मूल के डॉक्टर के नाम पर सड़क का नाम रखा

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में एक सड़क का नाम भारतीय मूल के 84 वर्षीय डॉक्टर के नाम पर रखा गया है। यह देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति श्रद्धांजलि है।

नगर पालिका और परिवहन विभाग (डीएमटी) ने डॉ. जॉर्ज मैथ्यू के योगदान को मान्यता देने के लिए अबू धाबी में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा है। यह नाम, यूएई के दूरदर्शी लोगों का सम्मान : स्मृति मार्ग परियोजना के तहत दिया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अल मफराक में शेख शाकबूथ मेडिकल सिटी के पास की सड़क अब जॉर्ज मैथ्यू स्ट्रीट के नाम से जानी जाएगी।

पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित सीटों पर इमरान की पार्टी के पक्ष में निर्णय सुनाया

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को शुक्रवार को तब बड़ी कानूनी जीत मिली जब उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया कि उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) संसद में महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 20 से अधिक सीटें आनुपातिक आधार पर प्राप्त करने की अर्हता रखती है। फैसले के बाद इमरान खान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से इस्तीफा देने की मांग की है।

खान की पार्टी पीटीआई द्वारा समर्थित उम्मीदवार चुनाव चिह्न छीन लिए जाने के बाद आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में बतौर निर्दलीय किस्मत आजमाई थी और जीत हासिल की थी। विजयी उम्मीदवारों ने गठबंधन बनाने के लिए सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) में शामिल हो गए थे, जो पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का एक राजनीतिक गठबंधन है। प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय पूर्ण पीठ ने मामले की सुनवाई की।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते पीटीआई के अध्यक्ष गौहर खान।

संसद में सबसे बड़ी पार्टी बन जाएगी इमरान की पार्टी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ 109 सीट के साथ संसद में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी। जियो न्यूज की खबर के अनुसार 23 आरक्षित सीट हासिल करने के बाद पीटीआई की सीट 86 से बढ़कर 109 हो जाएंगी। विपक्षी गठबंधन की सीट संख्या भी बढ़कर 120 हो जाएगी। वर्तमान में पीटीआई सहित संयुक्त विपक्ष के 97 सदस्य हैं।

धनशोधन मामले में कर्नाटक के पूर्व मंत्री नागेंद्र गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में राज्य के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता बी नागेंद्र को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि विधायक को रात करीब साढ़े दस बजे एजेंसी के दफ्तर में हिरासत में लिया गया। उनसे 13 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई। उन्हें सुबह उनके आवास से ईडी कार्यालय ले जाया गया था। नागेंद्र को शनिवार को विशेष धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में पेश किए जाने की उम्मीद है जहां ईडी पूछताछ के लिए उनकी हिरासत मांगेगी। एजेंसी ने इस मामले में गुरुवार को कर्नाटक समेत चार राज्यों में छापेमारी की थी और अब तक करीब 50 लाख रुपये नकद और कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं। घोटाले के सिलसिले में अपने खिलाफ लगे आरोपों के बाद अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री नागेंद्र ने छह जून को इस्तीफा दे दिया था। ईडी ने पिछले दो दिनों में कर्नाटक के पूर्व मंत्री नागेंद्र और सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायक बसनगौड़ा दद्दल के परिसरों सहित कई स्थानों पर तलाशी ली है। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 20 स्थानों पर छापेमारी की।

- प्रवर्तन निदेशालय ने विधायक को रात करीब साढ़े दस बजे एजेंसी के दफ्तर में हिरासत में लिया

खगोल विज्ञान | नासा की हबल अंतरिक्ष दूरबीन से तारों की गति के आधार पर जाना डार्क मैटर का रहस्य

ड्रेको बौनी मंदाकिनी में हुई डार्क मैटर की पुष्टि

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : खगोलविदों ने अंतरिक्ष के बड़े रहस्यों में शुमार काला पदार्थ (ब्लैक होल) के अस्तित्व का पता लगाया है। यह खोज ड्रेको बौनी मंदाकिनी के भीतर तारों की गति को मापने के बाद की गई। वैज्ञानिकों ने यह खोज नासा की हबल स्पेस टेलीस्कोप के सहयोग से की। वैज्ञानिकों ने इसे 18 वर्षों के गहन अध्ययन के अवलोकन का नतीजा बताया है।

डार्क मैटर अंतरिक्ष के उन रहस्यों में है, जिसकी वास्तविकता व अस्तित्व को समझने के लिए वैज्ञानिक निरंतर अध्ययनरत हैं, जबकि यह ब्रह्मांड की वह शक्ति है, जो ब्रह्मांड के संचालन में अहम भूमिका निभाती है। इसके बावजूद यह रहस्य आज भी बना हुआ है। डार्क मैटर को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने हबल द्वारा ड्रेको नामक बौनी मंदाकिनी के भीतर तारों की गति का सहारा लिया। जिसमें 18 वर्ष के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। मंदाकिनी के भीतर तारों की गतिविधियों का सटीक त्रि-आयामी मानचित्र तैयार किया गया। इससे ब्रह्मांड के अदृश्य डार्क मैटर के रहस्यमय गुणों और व्यवहार की पहचान कर पाने में मदद मिली।

इस शोध से यह पता चलता है कि यह पदार्थ क्या है और मंदाकिनी के विकास के लिए कैसे कार्य करता है। शोध में कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग किया गया। यह मंदाकिनी पृथ्वी से लगभग 2.5 लाख प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। बाल्टीमोर स्थित स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।



ड्रेको बौनी मंदाकिनी।

आसान होती है डार्क मैटर की पुष्टि

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बौनी मंदाकिनियों को अन्य प्रकार की मंदाकिनी की तुलना में डार्क मैटर सामग्री के उच्च अनुपात के लिए जाना जाता है। इसलिए उनकी टीम ने ड्रेको बौनी मंदाकिनी का चयन किया और इस पर शोध किया। डार्क मैटर के रहस्य को समझने के लिए यह खोज एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो आगामी शोध में मददगार साबित होगी।

चीन की कंपनी आईस्पेस का रॉकेट प्रक्षेपण के बाद विफल

बीजिंग, एजेंसी

चीन में रॉकेट निर्माण स्टार्ट-अप को एक बार फिर प्रक्षेपण विफलता का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप वैश्विक मौसम पूर्वानुमान और भूकंप की चेतावनी के लिए एक वाणिज्यिक समूह के तीन उपग्रह नष्ट हो गए। कंपनी आईस्पेस द्वारा निर्मित 24 मीटर के ठोस ईंधन वाले रॉकेट हाइपरबोला-1 को गुरुवार को चीन के गोबी रेगिस्तान में जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया।

हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की शुक्रवार की खबर के अनुसार, कंपनी ने कहा, रॉकेट का पहला, दूसरा और तीसरा चरण सामान्य रूप से प्रक्षेपित हुआ, लेकिन चौथे चरण में गड़बड़ी आ गई और प्रक्षेपण मिशन विफल हो गया। कंपनी ने कहा कि विस्तृत जांच के बाद अभियान की नाकामी के विशिष्ट कारणों की घोषणा जल्द से जल्द की जाएगी। इस रॉकेट की क्षमता 300 किलोग्राम पेलोड को 500 किमी दूरी पर स्थित सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा में पहुंचाने की है। यह तियानजिन स्थित युन्याओ एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी के लिए युन्याओ-1 मौसम उपग्रह 15, 16 और 17 को ले जा रहा था। उपग्रह कक्षा तक नहीं पहुंच सके। वर्ष 2019 में, आईस्पेस हाइपरबोला-1 के साथ पृथ्वी की कक्षा में पहुंचने वाली चीन की पहली निजी रॉकेट कंपनी बन गई।

- वैश्विक मौसम पूर्वानुमान और भूकंप की चेतावनी के लिए तीन उपग्रह नष्ट हो गए